संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 29 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 178 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर श्री हरमंदिर साहिब (श्री दरबार साहिब) में मत्था टेका और गुरु साहिब के चरणों में शीश नवाया।

## आदर्श विचार



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"

-स्वामी विवेकानंद

## धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि मानवाधिकार के नाम पर दूसरे देश की राजनीति में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए।

# मानसून की पहली बारिश में दिल्ली पानी-पानी

- मिंटो ब्रिज पर पहले जैसे ही खौफनाक नजारा दिखा, सुबह से ही दिल्ली में कई जगहों पर जाम लगा रहा

**जलजमाव**

▶▶ बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन जगह जगह जलजमाव ने लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में शुक्रवार को सुबह मानसून की पहली बारिश ने ही दिल्ली सरकार और अन्य एजेंसियों की पोल खोल कर रख दी। 40 से 50 किमी प्रति घंटा की स्पीड से तेज हवा के साथ मानसून की पहली तेज बारिश ने दिल्ली को पानी पानी कर दिया। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन जगह जगह जलजमाव ने लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दीं। सुबह दफ्तर जाने वाले लोग घंटों जाम में फंसे रहे। दिल्ली की प्रमुख सड़कें पानी से लबालब थीं। सुबह से ही आईटीओ समेत दिल्ली में कई जगहों पर जाम लगा रहा। हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बरसात में ही मिंटो ब्रिज पर पहले जैसे ही खौफनाक नजारा दिखा। वहां एक ट्रक फंस गया। कमोबेश यही नजारा द्वारका, कापसहेड़ा, प्रगति मैदान और अन्य कई अंडरपास में देखने को मिला। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार आज पहली बरसात में ही सफदरजंग में 228 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। आम लोगों के साथ खास लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर और सपा सांसद रामगोपाल गोपाल के घरों में पानी भर गया। दिल्ली की मंत्री आतिशी के घर में भी पानी घुस गया। बारिश के पानी से स्कूल, कालेज यहां तक कि एम्स के अस्पताल के आसपास पानी भर गया।





### 228 एमएम बारिश दर्ज की गई

**दिल्ली** सरकार की मंत्री आतिशी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दिल्ली में मानसून सीजन में अमूमन 800 मिलीमीटर बारिश होती है लेकिन आज पहले ही दिन 228 एमएम बारिश दर्ज की गई यानि 25 फीसदी बारिश एक ही दिन में हो गई। जलजमाव के जल स्तर को कम करने के लिए सारे कर्मचारी जुटे हुए हैं। अभी दिल्ली में नालों की क्षमता से ज्यादा बारिश हुई है, इसलिए जगह-जगह जलभराव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने पिछली बारिश तक लगभग 200 हॉटस्पॉट की पहचान की है। इनमें से 40 हॉटस्पॉट पीडब्ल्यूडी द्वारा सीसीटीवी निगरानी में हैं।


### दिल्ली पहुंचा मानसून, भीषण गर्मी से मिलेगी राहत: मौसम विभाग

**मौसम** विभाग के अनुसार दिल्ली में शुक्रवार की सुबह मानसून की पहली बारिश हुई। पहले ही दिन आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में दिल्ली के सफदरजंग में 228 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही मौसम विभाग ने आगामी 29 और 30 जून को दिल्ली में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। 3 जुलाई तक दिल्ली में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आस-पास बने रहने का अनुमान है।

# राज्यसभा में सभापति और नेता प्रतिपक्ष में तकरार

**तीखी नाराजगी**

▶▶ नेता प्रतिपक्ष को आसन के सामने वेल में आकर नारेबाजी नहीं करनी चाहिए थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के व्यवहार पर तीखी नाराजगी प्रकट की। धनखड़ ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ और मर्यादित पद होता है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष को आसन के सामने वेल में आकर नारेबाजी नहीं करनी चाहिए थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि वे सदन में सभापति जगदीप धनखड़ का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते थे, इसलिए वे वेल के अंदर गए। खरगे ने इस स्थिति के लिए राज्यसभा के सभापति को ही दोषी ठहराते हुए कहा कि वे प्रतिपक्ष की अनदेखी कर रहे हैं। दरअसल, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के शुक्रवार को राज्यसभा की वेल में आने पर चिंता जताते हुए कहा था, आज का दिन भारतीय संसद के इतिहास में इतना दागदार हो गया है कि विपक्ष के नेता स्वयं वेल में आये हैं।

## विदेश मंत्रालय ने मोदी-पुतिन शिखर वार्ता की तैयारी की पुष्टि की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता की तैयारी की जा रही है। हालांकि शिखर वार्ता की तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत और रूस के बीच शिखर वार्ता का आयोजन एक नियमित प्रक्रिया है।

अब तक 21 बार शिखर वार्ता हो चुकी है।

## हरियाणा को मिले एसवाईएल का पानी: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने एसवाईएल की मांग को दोहराते हुए कहा है कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है और बड़े भाई का फर्ज है कि वो छोटे भाई को निराश न होने दे। उन्होंने कहा कि पंजाब-हरियाणा एक ही परिवार है, एक ही घर है, इसलिए बड़े भाई से वे आग्रह करते हैं कि वह हमें पानी दे। मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा परिवहन मंत्री असीम गोयल ने शुक्रवार को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर श्री हरमंदिर साहिब (श्री दरबार साहिब) में मत्था टेका और गुरु साहिब के चरणों में शीश नवाया। मुख्यमंत्री ने देश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने लंगर घर में आम आदमी की तरह संगत में बैठकर गुरु का प्रसाद ग्रहण किया।

उन्होंने लंगर छकने के बाद लगभग 15 मिनट बरतन सेवा भी की। उनके साथ परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल भी मौजूद रहे। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री को सरोपा व श्री दरबार साहिब का चित्र भेंट किया गया।






# लोक निर्माण मंत्री ने नितिन गडकरी से सडक परियोजनाओं पर चर्चा की

**स्वीकृत**

**केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने खमाड़ी-टिक्कर सडक के लिए 50 करोड़ रुपये मंजूर किए**



**चमन शर्मा**

**शिमला:** लोक निर्माण निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गत देर सायं नई दिल्ली में केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर आगामी बरसात के दृष्टिगत प्रदेश की विभिन्न सडक परियोजनाओं के बारे में विचार-विमर्श किया। केन्द्रीय मंत्री ने लोक निर्माण मंत्री के आग्रह पर जिला शिमला में केन्द्रीय सडक एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ ) के अंतर्गत खमाड़ी-टिक्कर सडक के लिए 50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। लोक निर्माण मंत्री ने यह धनराशि स्वीकृत करने के लिए गडकरी का आभार व्यक्त किया। विक्रमादित्य सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड? वाली लोक निर्माण विभाग की सडकों की मरम्मत के लिए केन्द्रीय मंत्री द्वारा पूर्व में घोषित 150 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मानसून को ध्यान में रखते हुए यह धन राशि महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने मंडी जिले में कमांद-कटौला और चैलचौक-पंडोह सडकों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को पहले से प्रस्तुत 30 करोड़ रुपये के अनुमानों को भी शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह किया क्योंकि यह वैकल्पिक सडक मार्ग ट्रैफि क की समस्या से निजात दिलाने में काफ ी सहायक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में यह सडकें महत्त्वपूर्ण हैं और लोगों और पर्यटकों की सुविधा एवं कुल्लू-मनाली ट्रैफि क समस्या के समाधान में इन सडकों का रख-रखाव महत्त्वपूर्ण है। लोक निर्माण मंत्री ने अवगत करवाया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने केन्द्रीय मंत्री के साथ शिमला.मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग को टू.लेन की बजाय फ ोरलेन के रूप में निर्मित करने का मामला पहले ही उठाया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों को एक समान उन्नयन के लिए एनएचएआई की संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

# नाहन में गोकशी फोटो वायरल मामले में अफवाहों से बिगड़ा नाहन का माहौल: जेपी




**एसपी जैरथ**

**नाहन:** पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण रेंज जेपी सिंह आज नाहन पहुंचे हैं। जेपी सिंह ने कहा कि नाहन देश भर में आपसी भाईचारे व सौहार्द बनाने के मामले में अव्वल है उन्होंने नाहन में स्वयं सेवाएं दी है और वह नाहन को बहुत आछे से जानते है। लेकिन बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक फ ोटो वायरल होने के पश्चात कुछ अफ वाहों ने शहर का माहौल बिगड़ा और शांति भंग हुई। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया का सावधानी व सतर्कता से प्रयोग करने का आहवान किया है। इस दौरान ने जिला के पुलिस अधिकारियों की बैठक भी ली और. जिला में पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की समीक्षा की। मीडिया से रूबरू होते हुए आईजी जेपी सिंह ने कहा कि जिला में ड्रग्स के प्रति विशेष अभियान चलाने को लेकर सिरमौर पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं नशे के मामलों में पुलिस सख्ती से कार्रवाई करें। बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष क्राइम के मामलों में और अधिक सुधार लाने को लेकर भी कहा गया है।

आईजी हिमाचल पुलिस जेपी सिंह ने नाहन में बीते दिनों गो काशी फोटो वायरल मामले में भी टिप्पणी करते हुए कहा कि सोशल मीडिया डबल वेपन है सोशल मीडिया का बड़ी सावधानी से प्रयोग करना चाहिए। एक छोटी सी गलती माहौल बिगाड़ सकती है। शांति भंग हो सकती है। इसलिए लोगों को सोशल मीडिया का प्रयोग सतर्कता से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नाहन के लोग बेहद शांतिप्रिय है आपसी भाईचारा व सौहार्द सभी धर्म के लोगों में बना है उन्होंने नाहन में बतौर एसपी सेवाएं दी है वह नाहन को बहुत बेहतर जानते हैं लेकिन बीते दिनों कुछ अफ वाहों से माहौल बिगड़ और कई तरह की घटनाएं नाहन शहर में सामने आई है।

## न्यूज फ्लैश

### टोल प्लाजा पर बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं: डॉ. अभिषेक जैन

**चमन शर्मा**

**शिमला:** लोक निर्माण विभाग के सचिव डा. अभिषेक जैन ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न सडक परियोजनाओं के कार्य और सुविधाओं की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि सडकें प्रदेश के विकास का आधार हैं और प्राधिकरण को राज्य में बेहतर राजमार्ग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण को टोल प्लाजा पर शौचालय, एंबुलेंस, क्रेन टोल प्लाजा मेडिकल ऐड पोस्ट और ट्रैफि क ऐड पोस्ट के माध्यम से वाहन चालकों और यात्रियों की प्राथमिक उपचार की बेहतर सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर इन पोस्ट का निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा कर्मचारी नेम प्लेट व वर्दी में रहना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हिमाचल भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील है इसलिए प्राधिकरण को फ ोरलेन के लिए पहाडि?ों का कटान वैज्ञानिक तरीके से करना सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि फ ोरलेन परियोजनाओं का निर्माण करते हुए रिटेनिंग वॉल, क्रैश बैरियर और नाईट रिफ्लेक्शन पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फ ोरलेन परियोजनाएं पर्यटकों और यात्रियों के समय और धन की बचत की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होती है इसलिए इसका निर्माण समयबद्ध रूप से किया जाना चाहिए। डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि टोल प्लाजा पर बेहतर ट्रैफि क प्रबन्धन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि वाहन चालकों और यात्रियों को अनावश्यक असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन टोल प्लाजा में कॉन्ट्रेक्टर को आपातकालीन स्थिति में क्रेन, राजमार्ग पर निगरानी और एंबुलेंस की सुविधा सुनिश्चित करनी चाहिए।बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### किन्नौर के दुर्घम हांगो ग्राम पंचायत में अरावली संगठन ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



**अनिल**

**किन्नौर:** किन्नौर जिला के चीन सीमांत दुर्घम ग्राम पंचायत हांगो गांव में अरावली संगठन नाहन जिला सिरमौर ने आदिवासी विकास परियोजना एवं नाबार्ड के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें किन्नौर स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर एवं कर्मचारियों ने भी अरावली संगठन के इस स्वास्थ्य जाँच शिविर मे लोगों के स्वास्थ्य जाँच शिविर मे पूर्ण सहयोग किया है। अरवाली संगठन के निदेशक दिनेश शर्मा ने बताया कि अरवाली संगठन प्रदेश के दुर्घम व सामान्य क्षेत्रों मे लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सजग है। लिहाजा संगठन द्वारा स्वास्थ्य विभाग व संबंधित क्षेत्रों के सामाजिक संगठन के सहयोग से स्वास्थ्य जाँच शिविरो का आयोजन कर लोगों के स्वास्थ्य जाँच कर निशुल्क दवाईयां भी आबंटित करता है। इसी प्रकार जनजातीय जिला किन्नौर के दुर्घम चीन सीमांत हांगो ग्राम पंचायत मे स्वास्थ्य जाँच शिविर मे 140 ग्रामीणों के स्वास्थ्य जाँच किए गए, जिनमे से 80 लोगों के एक्सरे भी करवाए गए है।और इस स्वास्थ्य जाँच शिविर मे ग्रामीणों को निशुल्क दवाईयां आबंटित करने के साथ साथ ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए वैज्ञानिक तौर तरीको से अवगत भी करवाया है। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य मे जिला के अन्य दुर्घम क्षेत्रों मे भी इसी तरह के स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि जिला के लोगों को घरद्वार स्वास्थ्य जाँच शिविर के साथ निशुल्क दवाइयों की सुविधाएं प्राप्त हो सके।.

## लाहौल-स्पीति में खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने निर्धारित की खाने पीने वस्तुओं की दरें




**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांग :** जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में जिला दंडाधिकारी लाहौल स्पीति राहुल कुमार (आईएएस) ने खाने पीने वस्तुओं की नई दरें निर्धारित की है। जिला दंडाधिकारी ने सभी पूर्व अधिसूचनाओं के अधिक्रमण में तथा हिमाचल प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफ ाखोरी निवारण आदेश, 1977 की धारा 3 (प)(ई) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खाने पीने की वस्तुओं को बाजार में उचित दरों पर आम उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिकतम खुदरा मूल्य (सभी करों और अन्य आकस्मिक शुल्कों सहित) दरें निर्धारित की है। नई दरों के अनुसार मीट बकरा, भेड़ 580 रुपए/प्रति किग्रा,कीमा कलेजी 580/प्रति किग्रा, पोटी सिरी 290/प्रति किग्रा, चिकन ड्रेस्ड 270/किग्रा, बिना तली हुई मछली 260/प्रति किग्रा, फि श फ्र इड, चिकन पकोड़ा प्रति किलो 380 रुपए निर्धारित किया है।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्ष[?]कार्यक्रम का आयोजन




**हामिद**

**चंबा:** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफ ार्म एवं एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विशाल महाजन की। इस प्रशिक्षण में चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकताओं ओर कम्युनिटी हेल्थ ऑफि सर ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विशाल महाजन ने उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम को चलाने का विभाग का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर संक्रामक एवं असंक्रामक रोगों के फैलने पर निगरानी रखना एवं उनके फैलने पर तुरंत कार्यवाही करके उनके रोकथाम हेतु तुरंत प्रबंध करना है।ताकि यह सामुदायिक स्तर पर महामारी का रूपधारण न करे। इसके लिए सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकताओं को अपनी- अपनी भूमिका समय-समय पर निभानी होगी।जिस से स्वास्थ्य अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में आशा वर्कर,स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर यह निगरानी रखेंगे कि उनके क्षेत्र में कोई संक्रामक यह असंक्रामक बीमारी के अधिक मामले तो नहीं निकल रहे हैं अगर कहीं इस प्रकार के मामले निकलते हैं तो तुरंत उस पर कार्यवाही करके उस बीमारी के प्रकार, कारण संख्या, कहां हुई एइसके बारे में डाटा एकत्रित करके अपने उच्च अधिकारी को तुरंत सूचना देंगे ताकि समय पर उस पर उचित कार्यवाही करके उसके रोकथाम हेतु कदम उठाए जा सकें।

## डीसी ऑफिस इंप्लाइज यूनियन ने किया शांति यज्ञ



**एसपी जैरथ**

**नाहन:** जिला मुख्यालय नाहन डीसी ऑफि स इंप्लाइज यूनियन के द्वारा मां बाला सुंदरी के पूजन के साथ विशाल शांति यज्ञ आयोजित किया गया। जिला की खुशहाली के लिए उपायुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित यज्ञ में उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा, एडीसी गौरव महाजन, एडीएम एलआर वर्मा तथा एम्पलाइज यूनियन की प्रधान सुदेश तोमर आदि के द्वारा पूर्ण आहुति दी गई। इस मौके पर डीसी ऑफिस इंप्लाइज के संयुक्त सहयोग के द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन किसान भवन नाहन में हुआ, जिसमें सैंकड़ों की तादात में श्रद्धालुओं ने शिरकत करी। भंडारे के आयोजन से पहले एडीएम एलआर वर्मा, एडीसी गौरव शर्मा के द्वारा कन्या पूजन किया गया। डीसी ऑफिस एम्पलाइज यूनियन प्रधान सुदेश तोमर ने बताया कि मां बाला सुंदरी के नाम पर हर वर्ष यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया जाता है। यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कीर्ति अग्रवाल ने बताया कि इस पूजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सहित जिला सिरमौर में सुख शांति बनी रहे यह कामना की जाती है।

## आयुष विभाग बुजुर्गों के लिए लगा रहा चिकित्सा शिविर : डॉ. राजेश कुमार

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** आयुष विभाग द्वारा जिला मंडी के आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में बुजुर्गों के लिए 28 जून से 12 सितम्बर तक विशेष चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने यहां दी। उन्होंने बताया कि निदेशक आयुष हिमाचल प्रदेश के दिशानिर्देशों के अनुसार इन विशेष चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी तथा निःशुल्क दवाईयां भी प्रदान की जायेंगी।

## पंजाब बॉर्डर से सटे तुनुहटी बैरियर पर चंबा पुलिस हर आने जाने वाली गाड़ी की चैकिंग करती हुई के शॉट्स



**विजय समयाल**

**कांगड़ा:** बीती रात पंजाब के गांव कोट पटिया में रात को लगभग 9:30 बजे हथियारबंद संदिग्ध एक फ ार्म हाउस में घुसे और परिवार को बंधक बना लिया। संदिग्धों ने वहां खाना खाया इतना ही नहीं उन्होने मजदूरो को धमकी भी दी कि अगर उसने इसकी सूचना पुलिस को दी तो अंजाम बुरा होगा। बताया जा रहा है कि इन दोनों संदिग्धों ने काले कपड़े पहने हुए थे उनके पास हथियार थे और पि बैग भी था। गौरतलब है कि यह गांव अंतरराष्ट्रीय वाडर्र से लगभग 7 किलोमीटर दूर है इन संदिग्धों के पाकिस्तान के सीमा के भारत में दाखिल होने की संभावना जुटाए जा रही है। ऐसे मे सुरक्षाबल और पंजाब पुलिस के साथ-साथ हिमाचल बॉर्डर को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। वही एएसपी शिवानी मेहता ने बताया कि चंबा के प्रवेश द्वार तूनुहट्टी मे भी सुरक्षा व्यवस्था को बड़ा दी गई है इस बैरियर पर पंजाब व अन्य राज्य से आने वाले वाहनों को जांच पड़ताल के बाद ही एंट्री दी जा रही है उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर राज्य का डोडा जिले के सीमां क्षेत्र में पुलिस की बैरियर स्थापित है। वही तुनुहट्टी में पंजाब और अन्य राज्यों से आने वाली गाड़ी को पूरी तरह से छानबीन की जा रही है। और पूरी तरह से संदिग्धों पर पैनी नजर रखी के जारी है। किसी भी गाड़ी को बिना चैकिंग किये बिना नहीं छोड़ा जा रहा है।

## किलाड़ में ग्रामीण विकास कार्यों बारे समीक्षा बैठक आयोजित



**हामिद**

**चंबा:** पांगी घाटी के उप मंडल मुख्यालय किलाड़ में राजस्व, बागवानी तथा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की कार्य प्रगति संबंधी समीक्षा करते हुए आवश्यक विषय निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर मनरेगा के कार्यों को जारी रखने के निर्देश देते हुए व अपने दिशा-निर्देशों में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल दिया। जनजातीय मंत्री ने अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यों में आने वाली मुश्किलों को सुना व इस बारे उन्हें महत्वपूर्ण निर्देश दिए। किलाड़ में लोकल एरिया डेवलपमेंट कमेटी से संबंधित एक अन्य बैठक की अध्यक्षता करते हुए जगत सिंह नेगी ने डुगर जल विद्युत परियोजना एनएचपीसी से प्रभावित होने वाली पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के प्रभावितों की समस्याओं बारे भी चर्चा की। इस दौरान जनजातीय मंत्री ने बताया कि जल विद्युत परियोजना लगाने वाली कम्पनी की ओर से लोकल एरिया डेवलपमेंट कमेटी के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में परियोजना निर्माण की कुल लागत का 1.5 प्रतिशत विकासात्मक कार्यों में खर्च करने का प्रावधान है। उन्होंने क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया की डुगर जल विद्युत परियोजना का बनना पांगी घाटी वासियों के हित में है। उन्होंने बताया कि आगामी बैठक में इस बावत परियोजना रिपोर्ट की प्रति सभी संबधित ग्राम पंचायत प्रधानों को उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि पंचायतों द्वारा विकास संबंधी प्रस्ताव तैयार कर इस निधि का आवंटन किया जा सके।

# इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना में जिला चंबा की 1245 महिलाएं बनीं लाभार्थी

**किश्त**

**1245 पात्र महिलाओं को त्रैमासिक किश्त के रूप में 4500 रुपए प्रति महिला जारी किए जा चुके है**

**चंबा/हामिद**

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिला चंबा में 18 से 59 वर्ष तक की 1245 पात्र महिलाओं को प्रदेश सरकार की ओर से त्रैमासिक किश्त के रूप में 4500 रुपए प्रति महिला जारी किए जा चुके हैं। योजना के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला कल्याण अधिकारी चंबा चमन लाल शर्मा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता से पहले 14 से 16 मार्च, 2024 तक जिन महिलाओं ने जिला चंबा के तहसील कल्याण अधिकारियों के कार्यालयों में अपने आवेदन जमा करवाए थे उन सभी 1245 महिलाओं के आवेदन पत्र स्वीकृत कर उन्हें अप्रैल से जून 2024 तक की सम्मान राशि संबंधित महिलाओं के खाते में जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जिला चंबा में पहली किस्त के रूप में कुल 56 लाख 2 हजार 500 रूपए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की पात्र महिलाओं के बैंक खातों के में डाले गए है। योजना की लाभार्थी महिलाओं मोहल्ला धड़ोग निवासी सपना कुमारी व शबनम चौहान, अपर



जुलाकड़ी निवासी वनिता चंद्रा व पूजा देवी इत्यादि ने प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याणार्थ चलाई जा रही इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की सराहना करते हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह का आभार व्यक्त किया। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि रोजाना जिला की विभिन्न तहसीलों में स्थित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालयों में महिलाएं बड़ी संख्या में आवेदन कर रही हैं तथा 28 जून 2024 तक जिला चंबा में कुल 44190 आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके हैं। चमन लाल शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुसार हिमाचल प्रदेश की स्थाई निवासी 18 से 59 वर्ष आयु की ऐसी महिलाएं जो कि केंद्र अथवा राज्य सरकार की कर्मचारी या पेंशनर, अनुबंध/आउटसोर्स दैनिक वेतन भोगी/अंशकालिक वर्ग की कर्मचारी सेवानिवृत/भूतपूर्व सैनिक व सैनिक विद्ववाएं, मानदेय प्राप्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका/आशा कार्यकर्ता/मिड डे मील कार्यकर्ता/मल्टी टास्क वर्कर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी, पंचायती राज संस्थाओं/ शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारी केंद्र/राज्य सरकार के अधीन विभिन्न सार्वजनिक उपक्रम/बोर्ड/काउंसिल एजेंसी में कार्यरत/पेंशन भोगी, वस्तु एवं सेवा कर हेतु पंजीकृत व्यक्ति तथा आयकर दाता इत्यादि श्रेणियों में शामिल न हो और न ही महिला के परिवार का अन्य सदस्य इन श्रेणियां में शामिल हो ऐसी महिलाएं इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत योजना लाभ प्राप्त करने के लिए नजदीकी तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में अपना फ ार्म जमा करवा सकती हैं। इसके अतिरिक्त बौद्ध मठों में स्थाई रूप से रहने वाली बौद्ध भिक्षुणियां चोमो भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी।

# जनता तय करे कि उपचुनाव कितने सही: सांख्यान

**प्रैस विज्ञप्ति**

**पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के बयानों से प्रतीत होता है कि वे मुगालते में जीवन जीना पसंद करते हैं**

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** प्रदेश कांग्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने प्रैस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि यह भी हैरानी का विषय है कि प्रदेश की राजनीति में अस्थिरता का माहौल पैदा करने वाली भाजपा चारो ओर से मुंह की खाने के बाद भी कुंभकर्णी निंद्रा से बाहर नही आ पा रही है। आए दिन पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के बयानों से प्रतीत होता है कि वे मुगालते में जीवन जीना पसंद करते हैं। बीते कल नालागढ़ के रामशहर में जय राम ठाकुर का बयान कि कांग्रेस सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी उनकी हताशा और सता के हाथ से जाने की छटपटाहट से अधिक कुछ नहीं है।

संदीप सांख्यान ने आगे कहा कि तीनों उप चुनावों में मातृ शक्ति देगी कांग्रेस का साथ

जय राम ठाकुर शायद भूल रहे हैं कि पूर्ण बहुमत की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने के लिए कदम दर कदम आगे बढ़ती जा रही है। मातृ शक्ति के लिए 15 सौ रूपए के वायदे को भाजपाईयों को खूब भुनाने की कोशिश की लेकिन कांग्रेस ने एन वक्त पर एक साथ तीन महीनों की राशि 45 सौ रूपए मातृशक्ति के एकाउंटस में डालकर भाजपाईयों के मुंह सिल दिए। विरोध की राजनीति में महारत हासिल कर



चुके भाजपा नेता सता से दूर नहीं पा रहे हैं। इसका मिशन विधायक खरीद औंहदे मुंह गिरा है। जग हसाई होने के बाद अब इनके द्वारा थोपे गए तीन उप चुनावों में कांग्रेस एडवांस में बढ़त बनाए हुए हैं क्योंकि भाजपा की कलई पूरी तरह से खुल चुकी है। उन्होंने कहा प्रदेश में मातृ शक्ति के बैंक खातों में 1500 रुपये प्रतिमाह देकर कांग्रेस ने अपनी गारण्टी को पूरा किया है जिसका लाभ कांग्रेस को इन तीन उप चुनावो में अवश्य मिलेगा। संदीप सांख्यान ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों की ऐसी क्या मजबूरी थी कि उनको अपनी विधायकी से इस्तीफ ा देकर भाजपा का दामन थामने के बाद अपनी विधानसभा क्षेत्रों की जनता को दोबारा चुनावों में झोंक दिया गया।

यह प्रश्न इन आज इनकी विधानसभा क्षेत्र की जनता और हिमाचल प्रदेश की जनता भी पूछते हुए कोस रही है। इससे साफ झलकता है कोई न कोई डील भाजपा और इन तीन निर्दलीय पूर्व विधायकों में मध्य तय जरूर हुई होगी। जो इनके झांसे में आ गए और अब ठंडी छावं में बैठने वाले हैं।

संदीप सांख्यान ने कहा कि भाजपा नैतिकता की बात तो करती है लेकिन उसको निभाती नहीं है, यह बात बीते 6 विधानसभा उप चुनावों में भी साबित हो चुकी है और न तीन उपचुनावों में साफ हो चुकी है। उन्होंने उन्होंने कहा कि इन उप चुनावों में प्रदेश की मातृ शक्ति और प्रदेश का कर्मचारी वर्ग ओपीएस के मुद्दे पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के साथ खड़ा है निस्संदेह ही जिसका फ ायदा कांग्रेस को मिलेगा। संदीप सांख्यान ने कहा अगर राजनैतिक दृष्टि से भी इन तीन उप चुनावों को देखा जाए तो कि प्रदेश सरकार की कार्यशैली और प्रदेश में मुख्यमंत्री की रणनीति दोनों ही भाजपा के द्वारा बिछाई गई खरीद-फ रोख्त की बिसात को भेदने में सही साबित होगी और कांग्रेस विजय पताका लहरायेगी। प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल पैदा करने वाली भाजपा और उनके प्यादों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

# मित्रों को फायदा देने में क्या बुराई: चौहान

**राग अलाप**

**नरेश चौहान ने कहा है कि भाजपा बार-बार मित्रों की सरकार का राग अलाप रही है।**

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि भाजपा बार-बार मित्रों की सरकार का राग अलाप रही है। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार में दुश्मनों को स्थान दें। उन्होंने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार में मित्रों को फायदा देने में क्या बुराई है। नरेश चौहान ने कहा सरकार में मित्रों को फायदा दिया और आगे भी देंगे। नरेश चौहान शुक्रवार को होटल हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रें स कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने पूर्व के 75 हजार करोड़



के कर्जे के साथ पंद्रह माह कार्यभार संभाला।

इसके बाद आपदा आई लेकिन सीएम ने बेहतर काम किया। फि र तीसरी आपदा आई जिसे ऑपरेशन लोटस के तहत राजनीतिक अस्थिरता लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस साजिश में हमारे अपने भी महत्वकांक्षी लोग शामिल थे। इन्होंने चोर दरवाजे से सत्ता में आने का प्रयास किया। छः लोगों में से चार विधानसभा में वापस नहीं लौटे। अब फि र तीन निर्दलीयों की वजह से उपचुनाव हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आशीष शर्मा को घर का विधायक समझा। इनके सारे काम किए। फिर भी यह सीएम सुक्खू के खिलाफ खड़े हुए। नरेश चौहान ने कहा कि तीनों पूर्व निर्दलीय विधायक अरब पति, तीनों के पास खुला पैसा है। पैसे के दम पर राजनीति में आए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### इडीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय बॉक्सिंग और वुशू प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल आवासीय शाखा बरमाना के बच्चों ने मचाई धूम




**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** इंदिरा गांधी परिसर शिमला में बीते 26 जून को आयोजित डीएवी बॉक्सिंग क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल आवासीय शाखा बरमाना के छात्र-छात्राओं ने अंडर-14 और अंडर-17 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सात स्वर्ण पदक, एक रजत पदक, एक कांस्य पदक जीत कर डीएवी संस्थान का नाम रोशन किया। वहीं शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल आवासीय शाखा बरमाना में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत हुई क्लस्टर स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में अंदर-14 अंडर-17 कैटेगरी में विद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस उपलक्ष में डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरमाना के प्रधानाचार्य सुनील गांगटा ने पर्यवेक्षक के रूप में शिरकत की।

सर्वप्रथम बच्चों ने सामूहिक गाने के द्वारा समस्त उपस्थित अतिथियों व खिलाडि?ों का स्वागत किया। तत्पश्चात दिव्य ज्योति प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि ने खेलों का आगाज किया। इस प्रतियोगिता में 18 बच्चों ने स्वर्ण पदक 20 बच्चों ने रजत पदक और 11 बच्चों ने कांस्य पदक जीते। बच्चों की इस प्रशंसनीय उपलब्धि के फ ल स्वरुप विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका वात्सायन ने समस्त विजेता छात्र-छात्राओं व शारीरिक अध्यापक विकास शर्मा व समस्त अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह प्रगति के पथ पर आगे बढ? की प्रेरणा दी। इस अवसर पर समस्त अतिथियों व बच्चों के लिए खाने पीने का उचित प्रबंध किया गया था।

### हिमाचल इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल: हिमाचली सिनेमा के अस्तित्व को लेकर लागों से सार्थक संवाद

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी छोटीकाशी मंडी में जारी प्रथम हिमाचल इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल कांगणीधार स्थित संस्कृति सदन से बाहर निकल कर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। जिसके चलते मंडी के ऐतिहासिक घंटाघर के संकन गार्डन में बाहर से आए अभिनेताओं और आयोजकों के साथ हिमाचली एवं भारतीय सिनेमा को लेकर स्थानीय लोगों के बीच खुला संवाद किया गया।

नगर निगम मंडी की ओर से आयोजित इस सिनेमा संवाद में शहर के सिनेमा, कला एवं संस्कृति प्रेमियों ने शिरकत कर कई सवाल इस दौरान उठाए। इस संवाद की सार्थकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिसमें लोंगों ने हिमाचली सिनेमा के भविष्य को लेकर फिल्म निमार्ताओं, फिल्म फेस्टिवल और बाहर से आए कलाकारों के साथ गंभीर एवं सार्थक चर्चा की। हिमाचली सिनेमा का भविष्य क्या होगा,पंजाबी सिनेमा का हिमाचली सिनेमा पर प्रभाव कितना हावी होगा। इन सवालों के जवाब में मंडी से संबंध रखने वाले फिल्म डायरेक्टर पवनशर्मा ने कहा कि पंजाबी सिनेमा का नाच गाना कामयाबी का सबब नहीं है। हिमाचली सिनेमा को किसी की नकल करने के बजाय अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। वहीं पर अभिनेता आदित्य ओम ने कहा कि जब तक अपनी संस्कृति अपनी भाषा से प्रेम नहीं करंगे, हिमाचली सिनेमा की सार्थकता पर सवालिया निशान लगा रहेगा।

# केलांग में जिला परिषद की बैठक आयोजित

**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांग :** जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में जिला परिषद के उपाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के विकासात्मक कार्यों से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष कर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जिला परिषद शीर्ष के विभिन्न स्कीमों में आवंटित धन राशि व कार्य योजना के बारे में तथा गत बैठक में लिए गए निर्णय पर सकारात्मक चर्चा की गई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं जिला परिषद कार्यकारी अधिकारी संकल्प गौतम भी उपस्थित रहे।

# प्रकृति का विनाश होने से बचाएं, जितना हो सके पेड़ लगाएं :सोनाक्षी

**पर्यावरण संरक्षण**

**ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में आज बच्चों को ओम शिव शक्ति ट्रस्ट चंडीगढ़ द्वारा पौधे वितरित किए गए।**

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** अपने पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत जिला हमीरपुर के जाहू स्थित ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में आज बच्चों को ओम शिव शक्ति ट्रस्ट चंडीगढ़ (पंचकुला) द्वारा सैंकड़ों पौधे वितरित किए गए। पाठशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में ओम शिव शक्ति ट्रस्ट महामंडलेश्वर की संचालक सोनाक्षी महाराज द्वारा




स्कूली बच्चों को सैंकड़ों पौधें वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल एमडी सावित्री चौहान, प्रधानाचार्य वंदना शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।ओम शिव शक्ति ट्रस्ट चंडीगढ़ की संचालक महामंडलेश्वर सोनाक्षी ने ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल जाहू में बच्चों को वितरित किए पौधे इस अवसर पर ओम शिव शक्ति ट्रस्ट की संचालक सोनाक्षी जी महाराज ने कहा कि प्रकृति का दोहन हर रूप में विनाशकारी है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि हिमाचल के पहाडी क्षेत्र लगातार आग की भेंट चढ़ रहे हैं। जिसकी वजह से आपदा के रूप में कहीं बादल फट रहे हैं और कहीं बाढ़ तक का सामना भी करना पड़ रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण वनों का नष्ट होना है ।

प्रदेश में एक लाख पौधे लगाने का रखा गया है लक्ष्य :सोनाक्षी

उन्होंने कहा कि अगर पेड़ ही नहीं होंगे तो जमीन का कमजोर पड?ा भी स्वाभाविक ही है। उन्होंने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि हमने प्रदेश में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि स्कूली स्तर पर बच्चों को इस संबंध में जानकारी और अभियान को जमीनी रूप देने के लिए यह बेहद जरूरी है कि हम भविष्य की चिंता को लेकर सच्चे रूप से जागरूक बने। उन्होंने सबसे इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का भी आग्रह किया। इवहीं इस अवसर स्कूल स्कूल एमडी सावित्री चौहान ने इस मुहिम का हिस्सा बनाने के लिए ओम शिव शक्ति ट्रस्ट संचालक सोनाक्षी का धन्यवाद करते हुए कहा कि ओम शक्ति ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही यह मुहिम बेहद ही प्रशंसनीय है।और खासकर स्कूली स्तर पर बच्चों का इस मुहिम में शामिल करना हमारे आने वाले भविष्य की सलामती के लिए के लिए अनुकरणीय पहल है।]उन्होंने कहा कि स्कूल के सभी बच्चों को पौधे वितरित किए गए हैं और उपयुक्त स्थान पर लगाने के लिए भी कहा गया है।

# चंडीगढ़ में बिजनेस अवसर सम्मेलन आयोजित

**जरूरी खबर**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**चंडीगढः** चंडीगढ़ में पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा 26 जून, 2024 को बिजनेस अवसर सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन की अध्यक्षता आरके बाली, अध्यक्ष एचपीटीडीसी (कैबिनेट रैंक) ने की।




सम्मेलन का उद्देश्य नई एडीबी परियोजना के तहत विकसित की जा रही संपत्तियों के विकास, प्रबंधन और संचालन के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी करना था, ताकि भविष्य में पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं और अनुभव दिया जा सके।

सरकारी क्षेत्र सेय सम्मेलन में प्रमुख सचिव पर्यटन, निदेशक पर्यटन और नागरिक उड्डयन के साथ-साथ अन्य पर्यटन अधिकारी और ताज, आईटीसी, महिंद्रा, ओबेरॉय, सरोवर आदि जैसे प्रमुख होटल समूह और निजी क्षेत्र से डेलॉइट, पीडब्ल्यूसी आदि जैसी सलाहकार एजेंसियां शामिल हुईं।मनीला और नई दिल्ली से एडीबी के अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस मौके पर आरएस बाली ने हिमाचल को देश का शांतिपूर्ण और सुरक्षित गंतव्य बताया। सभी संपत्तियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। सम्मेलन में विशेष रूप से एडीबी के तहत उप परियोजनाओं के डिजाइन, साझेदारी संरचना और अन्य पहलुओं पर निजी क्षेत्र के डेवलपर्स और ऑपरेटरों के बहुमूल्य सुझावों और फीडबैक का स्वागत किया गया। सार्वजनिक निजी भागीदारी के लिए प्रस्तावित संपत्तियों में निजी क्षेत्र द्वारा गहरी रुचि देखी गई।

## ईवीएम व वीवीपैट से निकाले गए अड्रेस टैग

**मनीष**

**सोलन:** हिमाचल प्रदेश चुनाव आयुक्त के निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान उपयोग में लाई गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम तथा वोटर वैरिफ इड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन से अड्रेस टैग तथा पेपर रोल आज अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव की उपस्थिति में निकाले गए। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वोटर वैरिफ इड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन से 700 अड्रेस टैग तथा पेपर रोल मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निकाले गए।

# अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता की



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू अश्वनी कुमार ने गुरुवार को कुल्लू जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की मार्च 2024 तिमाही की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने वित्तीय वर्ष के 2023-24 के दौरान शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर बैंकों को बधाई दी एवं भविष्य में बैंकों से गुणवत्ता के आधार पर अधिक से अधिक ऋ ण प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी बैंको को ऋ ण जमा अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंकों में बढ़ते अनर्जक आस्तियों पर चिंता व्यक्त की तथा वसूली में प्रशासन द्वारा सहयोग की बात की गयी।

राजिंदर चौधरी उप मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, मंडी ने बैठक की सह अध्यक्षता करते हुए सभी बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए एनुअल क्रेडिट प्लान के वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होने बताया कि जिले की 31 मार्च 2024 को बैंको में कुल जमाराशि 9959.00 करोड़ एवं कुल ऋ ण 4444.44 करोड़ है। जिले की ऋ ण जमा अनुपात 44.63ः है। इस बैठक में आरबीआई, शिमला से राहुल जोशी, डीडीएम नाबार्ड अनिता, सरकारी विभागों के प्रमुख, सभी बैंकों के डीसीओ एवं अन्य सम्बंधित संस्थानो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अग्रणी जिला प्रबंधक, सुरेश कुमार बोध ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वत्र्तमान वित्तीय वर्ष में पहली अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक जिले मे कुल 2599.78 करोड़ के ऋ ण वितरित किए गए हैं जो वार्षिक लक्ष्य 2038.25 करोड़ रुपये का 127.55ः है। जिस मे कृषि क्षेत्र मे 1006.35 करोड़, (82.33) उद्योग एवं व्यवसाय क्षेत्र मे 811.27 करोड़, (250.50) अन्य प्राथमिकता क्षेत्र मे 61.52 करोड़ (63.40) तथा गैर प्राथमिकता क्षेत्र मे 720.64 करोड़ (182.43) के ऋ ण वितरित किए गए। बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत प्रयोजित ऋ ण का लक्ष्य जोकि 150 था इस मे से 307 ऋ ण आबेदन स्वीकृत कर चुके है जो की लक्ष्य का 204.66ः है।

# दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को दी कानून की जानकारी

**बाल विकास केंद्र**

**उन्होंने कहा कि आश बाल विकास केंद्र दिव्यांगता के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहा है**

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** साम्फि या फ ाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे आश बाल विकास केंद्र अखाड़ा बाजार कुल्लू में आभा चौहान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू नें एक जागरूकता कार्यक्रम के तहत दौरा किया, जिस दौरान उन्होंने केंद्र में आए अभिभावकों से विशेष चर्चा परिचर्चा कर दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कानून में दिव्यांग जनों के




हितों के लिए हर तरह की मुफ्त कानूनी सहयाता का प्रबंध है ताकि दिव्यांग जनों से किसी भी तरह का अन्याय न हो द्य प्रारंभिक हस्तक्षेप थैरेपी की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यदि छोटे बच्चों में कोई भी विकासात्मक समस्या जब सामने आती है तो उस बच्चे को तुरंत थैरेपी के लिए ले जाना चाहिए क्यूंकि छोटी उम्र में बच्चे अपने विकासात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति जल्दी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आश बाल विकास केंद्र दिव्यांगता के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहा है और इस क्षेत्र में काम करने के लिए जिस स्तर के जज्बे की जरूरत होती है केंद्र के स्टाफ में वे सभी गुण हैं और इनका कार्य सही मायने में प्रेरणादायक हैं यदि समाज का हर वर्ग इस तरह से जनता के विकास में कार्य करें तो हम दिव्यांगता को काफी हद तक खत्म कर सकते हैं। राकेश उपाध्याय, अध्यक्ष आश अभिभावक समूह नें सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्वागत में संबोधन दिया उन्होंने कहा कि आज आश अभिभावक समूह की त्रैमासिक बैठक भी है और इस अवसर पर सभी अभिभावकों को इस तरह की कानूनी सहायता मिलना प्रेरणादायी है।

# सिरमौर जिला में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग पहल शुरू : डीसी

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने जिला सिरमौर में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग पहल शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य पर्यटन उद्योग में स्वच्छता और स्वच्छता मानकों को ऊंचा करना है। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग के कार्यान्वयन से जिले के लिए खुले में शौच मुक्त प्लस मॉडल स्थिति प्राप्त करने के लिए पर्यावरण




संरक्षण और सत्त आचरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी मददगार सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि एसजीएलआर का उद्देश्य पर्यटन इकाइयों के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से सौंदर्यीकरण करना और स्वच्छता में सुधार करके पर्यटन स्थलों की प्रतिष्ठा में सुधार करना है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन क्षेत्र में विश्वस्तरीय स्वच्छता और सफ ाई को बढ़ावा देना, जल निकायों में प्रदूषण की रोकथाम के साथ-साथ पर्यटन उद्योग में स्वच्छता मानकों को उन्नत करने के साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी एसजीएलआर का उद्देश्य है। एसजीएलआर का उद्देश्य स्वच्छता मानकों तक पहुंच बनाना भी है, जैसे कचरा प्रबंधन पद्धतियां, स्वच्छता, कूड़ेदानों की उपलब्धता, पुनर्चक्रण पहल और पर्यटन उद्योग में लागू की जा रही स्वच्छता और स्थिरता पर सार्वजनिक अभियान चलाना है। उन्होंने कहा कि एसजीएलआर के तहत आतिथ्य क्षेत्र की इकाइयों को उनके प्रदर्शन के आधार पर एक से पांच के पैमाने पर रेटिंग दी जाएगी। उन्होंने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण व पर्यटन विभाग को स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग बारे पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

इससे पूर्व परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अभिषेक मित्तल ने बैठक का संचालन किया।] जिला सिरमौर के होटल व होमस्टे के प्रतिनिधियों ने भी इस बैठक में भाग लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत सामुदायिक केन्द्र नेरना
विकास खण्ड फतेहपुर जिला कांगड़ा ( हिमाचल प्रदेश )
प्रस्ताव संख्या: 06

अध्यक्ष.. सुशील कुमार दिनांक 22/06/2024

**विषयरू: वर्ष 2024-25 मे विकास कार्यो मे प्रयोग मे की जाने वाली सामाग्री की आपूर्ति हेतु निविदाए रद्द करने बारे!**

ग्राम पंचायत की वैठक मे सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि ग्राम पंचायत नेरना द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु विकास कार्यो मे प्रयोग की जाने वाली सामग्री हेतु जो निविदाए मांगी गई थी। यह निविदाए दिनांक 06/03/2024 को समाचारपत्रों मे प्रकाशित की गई थी। पंचायत नेरना इन निविदाए को तकनीकी कारणों से रद् करने का निर्णय करती है

**जारीकर्ता प्रधान व सचिव**
**ग्राम पंचायत नेरना**

# शांडिल ने अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता की

**बैठक**

**हिमाचल अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के निदेशक मंडल की 51वीं बैठक का आयोजन हुआ।**



**चमन शर्मा**

**शिमला:** स्वास्थ्य एवं सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में गत दिवस को हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के निदेशक मंडल की 51वीं बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों एवं दिव्यांगों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगम की स्थापना हुई है और मौजूदा वक्त के बदलते परिदृश्य के अनुसार इस निगम का प्रशासनिक एवं संरचनात्मक पुनर्गठन किया जाएगा। इस कदम से अल्पसंख्यकों एवं दिव्यांगों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

बैठक में निगम से संबंधी विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा नई भर्तियों सहित अन्य मांगों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बताया गया कि वित्त वर्ष 2023-2024 के दौरान अल्पसंख्यकों को 1296.45 लाख रुपये का ऋण तथा दिव्यांगजनों को इसी अवधि में 540.83 लाख रुपये का ऋण निगम द्वारा रियायती ब्याज दर पर दिया गया है।

अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रदेश के अल्पसंख्यकों और दिव्यांगों को व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने तथा अपने व्यवसाय के लिए कम दरों पर ऋण प्रदान किया जाता है। 18 से 55 वर्ष की आयु वर्ग के आवेदकों को छोटे व्यवसायों,परिवहन सेवाओं, दुकानों, पार्लर एवं कृषि आदि क्षेत्रों में व्यवसाय के लिए कम ब्याज दरों पर ऋण प्रदान किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अल्पसंख्यक जिनकी वार्षिक आय 98 हजार रुपये या इससे कम है तथा शहरी क्षेत्रों में रहने वाले अल्पसंख्यक जिनकी वार्षिक आय एक लाख 20 हजार रुपये या इससे कम है, उन्हें अधिकतम 30 लाख रुपये तक का ऋण 6 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया जाता है। इसी प्रकार जिनकी सालाना पारिवारिक आय आठ लाख रुपये से कम है, ऐसे पुरूषों को 8 प्रतिशत एवं महिलाओं को 6 प्रतिशत ब्याज दर पर अधिकतम 30 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया जाता है। शिक्षा के लिए भी 4 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण आवंटित किया जाता है।

# हिमाचल में तीन सीटों पर हो रहे चुनावों में कांग्रेस विजयी होगी : इंदु पटियाल

**बयानबाजी**

**नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर निर्दलीय विधायकों को लेकर आधारहीन बयानबाजी कर रहे हैं**



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने संसद में नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बधाई देते हुए कहा कि अब सदन में गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, अल्पसंख्यकों और हकों से महरूम वंचित वर्गों के हित में इंडिया गठबंधन की सशक्त आवाज बुलंद होगी। एनडीए सरकार को संविधान के अंतर्गत नियमों का पालन करना होगा और सभी वर्गों के कल्याण को सुनिश्चित करना होगा। गत दस वर्षों की भांति मनमानियों पर विराम लगाना होगा, क्योंकि सशक्त विपक्ष अब तानाशाही नही चलने देगा। हिमाचल प्रदेश में भी तीन सीटों पर हो रहे चुनावों में कांग्रेस विजयी होगी।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर निर्दलीय विधायकों को लेकर जो आधारहीन बयानबाजी कर रहे हैं, उससे उन्हें चुनाव में कोई फायदा नहीं मिलने बाला। कोर्ट ने भी माना है कि वे विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने इस वावत जो कारवाई की है वो नियम कानून के तहत की है। निर्दलीय विधायक भी सदन के सदस्य होते हैं अतःइन्हें विधानसभा की कार्यवाही को बाधित करने का अधिकार नहीं है और न ही किसी दल में शामिल हो सकते हैं।

चूंकि मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए जयराम ठाकुर व्यग्रता न दिखाएं, संयम वरतें।

## देहरा में मतदान कर्मियों के लिए दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित

**धर्मशाला**

कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र के तहत पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के लिए शुक्रवार को डिग्री कॉलेज ढलियारा में विधानसभा उपचुनाव के लिए द्वितीय पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। इस रिहर्सल कार्यक्रम में लगभग 500 कर्मचारियों ने भाग लिया।

देहरा में विधानसभा उपचुनाव को लेकर कर्मचारियों का पहला पूर्वाभ्यास 21 जून को सम्पन्न हुआ था। आठ जुलाई को तीसरी और अंतिम रिहर्सल के बाद पोलिंग टीमें रवाना कर दी जाएंगी।

# एनएसएस शिविर के तीसरे दिन पढ़ाया अनुशासन, यातायात और ठगी का पाठ

**शिविर**

**बलवीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी काल में बच्चों का अनुशासित होना पूरे जीवन के लिए सहायक होता है**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** शिवा इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय स्वयं योजना के शिविर के तीसरे दिवस में थाना घुमारवीं से अतिरिक्त थाना प्रभारी बलबीर सिंह व हैड कांस्टेबल नवीन ने स्त्रोत व्यक्ति के रूप में शिरकत की। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा, प्रिंसिपल शिवा इंटरनेशनल स्कूल डॉ. शिल्पा गोयल व कार्यक्रम अधिकारी शशि भूषण, खेमा शर्मा व अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त थाना प्रभारी बलवीर सिंह बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी काल में बच्चों का अनुशासित होना पूरे जीवन के लिए सहायक साबित होता है। उन्होंने कहा कि अनुशासन सीखाने के लिए केवल शिक्षक वर्ग ही नहीं जिम्मेवार होता बल्कि घर से ही अनुशासन का पहला अध्याय शुरू हो जाता है।

अनुशासन का मतलब जीवन को सीमा और दायरे में रखकर आगे निर्वहन करना होता है। किसी भी संस्थान की तरक्की में अनुशासन अहम किरदार निभाता है। वही उन्होंने बच्चों को ट्रैफि क का पाठ भी पढ़ाया, उन्होंने कहा कि यातायात के नियम वाहन चालकों तथा राहगीरों के लिए होते हैं। यदि हम इन नियमों का अक्षरस पालन करते हैं तो सडक हादसों में निश्चित तौर पर कमी ला सकते हैं। वहीं उन्होंने मोबाइल के दुरूपयोग और साईबर ठगी के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मोबाईल फोन पर अनजानी कॉल्स को न उठाएं, अनजाम मैसेजिज का कोई रिप्लाई न करें। किसी भी लालच मे आकर फंसना बड़ी मुसीबत को दावत देना होता है। वहीं बच्चों ने भी एडिशनल एसएचओ बलवीर सिंह से प्रश्न किए तथा उन्होंने बच्चों की जिज्ञ-ासा को सहजता से शांत किया। प्रिंसीपल डा. शिल्पा गोयल ने रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एसआईवीटी भराड़ी शाखा ने किया बिजली महादेव मंदिर का भ्रमण, निहारी कुल्लू की वादियां



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** हिमाचल प्रदेश में कंप्यूटर शिक्षा में रोजगारान्मुखी शिक्षा देने के लिए कार्य कर रही शिवम इंस्टीच्यूट फ ॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर यानि एसआईवीट की भराड़ी शाखा के विद्यार्थियों ने कुल्लू जिला में स्थित बिजली महादेव का भ्रमण किया। यह जानकारी देते हुए एसआईवीटी भराड़ी सेंटर हैड श्वेता शर्मा ने बताया कि एसआईवीटी की ओर से हर साल बच्चों को एक्जपोजर विजिट करवाई जाती है। इस बार बच्चों की पंसद पर कुल्लु जिला में भ्रमण का निर्णय लिया गया। इस यात्रा में एक बैच के सभी छात्र-छात्राओं ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि बच्चों ने पहले मंडी के रमणीक स्थलों को निहारा फि र कुल्लु जिला में बिजली महादेव मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने पैदल ट्रैकिंग का आनंद भी उठाया। बच्चों को बिजली महादेव की पौराणिक कथा के महत्व के बारे में भी बताया गया। वहीं सभी बच्चों और शिक्षकों ने मंदिर में मात्था टेका तथा अपने परिवार व विश्व शांति की कामना की। श्वेता शर्मा ने बताया कि बच्चों ने आसपास की घाटियों की सुंदरता को भी निहारा और भीषण गर्मी में ठंड का आनंद भी प्राप्त किया। वहीं एसआईवीटी सोसायटी महासचिव विजय कुमार ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों को बाहर निकलने तथा बाहरी ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि एसआईवीटी की सभी शाखाओं के लिए यह मौका हर साल दिया जाता है। बच्चे और शिक्षक अपनी पसंद से हिमाचल प्रदेश या बाहरी राज्य जाने का अवसर प्रदान किया जाता है।

### 3 जुलाई तक सोलन जिला में भारी वर्षा, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी

**मनीष**

**सोलन:** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला द्वारा जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार 03 जुलाई, 2024 तक सोलन जिला में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि खराब मौसम में बारिश व भूस्खलन सम्भावित क्षेत्रों तथा पहाड़ी भागों में जाने से परहेज करें। इस बारे में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई है। इसके अनुसार इस अवधि में खराब मौसम में ट्रैकिंग करना तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाना खतरनाक हो सकता है, इसलिए इससे बचें। बिजली चमकने की सूरत में कम से कम 30 मिनट तक घरों या सुरक्षित इमारतों के अंदर रहे, नदी-नालों के किनारे न जाएं, क्योंकि बरसात में अचानक जलस्तर बढ? का खतरा रहता है। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी पर ध्यान दें तथा रेडियो व टेलीविज? पर मौसम बारे प्रसारित बुलेटिन को सुनें और सुरक्षित रहें। प्राकृतिक आपदा व मौसम सम्बन्धी जानकारी के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सचेत मोबाईल एप विकसित किया है। यह ऐप मौसम व अन्य आपदाओं की सटीक जानकारी मोबाइल पर भेजता है, जिससे समय पर भारी वर्षा, आंधी तूफ ान और हिमस्खलन इत्यादि के बारे में सूचना प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के टोल फ्री नम्बर 1077, दूरभाष नम्बर 01792-220049 व 01792-220882 तथा व्हट्सएप नम्बर 94594-57292 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## पुलिस मैदान बारगाह में डीएवी एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता के आयोजन की धूम





**हामिद**

**चंबा:** शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा में एथलीट मीट का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में डीएवी चंबा, डीएवी भरमौर, डीएवी सुरंगानी, डीएवी अंबोटा, डीएवी ऊना डीएवी विद्यालय खरुडा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।यह खेल प्रतियोगिता का आयोजन चंबा के पुलिस मैदान बार्गा में किया गया। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़ 800 मीटर दौड़, गोला फेंकना, चक्का फेंकना, ऊँची कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ ध्वजारोहण और डीएवी गान से हुआ। डॉ. नागेश वर्मा स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्तऔर मधु वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उसके बाद मुख्य अतिथि को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि ने खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजयी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

800 मीटर दौड़ लडको में अंडर-14 में स्वर्ण पदक डीएवी ऊना के अकर्ष अत्री ने, रजत पदक डीएवी भरमौर के इशान्त ने और कांस्य पदक डीएवी चम्बा के सक्षम ने हासिल किया। लड़कियों में स्वर्ण पदक डीएवी चम्बा की करुणा चन्द्रा ने, रजत पदक डीएवी सुरंगानी की आरूषी ने और कांस्य पदक डीएवी ऊना की प्रियांशी ने हासिल किया। 400 मीटर दौड़ लडको में अंडर-14 में स्वर्ण पदक डीएवी सुरंगानी के दिव्यम ने, रजत पदक डीएवी चंबा के उत्कर्ष और कांस्य पदक डीएवी अंबोटा के आर्यन ने हासिल किया।

## 20 जुलाई को होगा जिला स्तरीय नागिनी मेला

**धर्मशाला**

जिला स्तरीय नागिनी माता मेला की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंदिर मेला कमेटी के सदस्य, पंचायत प्रधान तथा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम गुरसिमर सिंह ने बताया कि इस वर्ष नागिनी माता मंदिर में जिला स्तरीय मेले का आयोजन 20 जुलाई से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए नायब तहसीलदार सदवां ज्ञान चंद को मेला अधिकारी तथा एसएचओ नूरपुर को कंपनी कमांडर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा एक महिला पुलिस अधिकारी को भी नियुक्त किया गया है।

# बिलासपुर पहुंचने पर बृज कराटे अकैडमी के कराटेबाजों का भव्य स्वागत

**प्रतियोगिता**

**25 व 26 जून 2024 को सब जूनियर राज्य कराटे प्रतियोगिता कांगड़ा बैजनाथ में संपन्न हुई**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** बृज कराटे क्लब व बृज मार्शल आर्ट अकैडमी के निदेशक शिहान बृजलाल चैहान ने बताया कि 25 व 26 जून 2024 को सब जूनियर राज्य कराटे प्रतियोगिता कांगड़ा बैजनाथ में संपन्न हुई। जिसमें बिलासपुर से बृज कराटे क्लब के 13 सदस्य की टीम 24 जून को बिलासपुर से रवाना हुई। टीम मैनेजर बृजलाल चैहान टीम कोच दीपांशी के नेतृत्व में खिलाडि?ों ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया तथा 03 स्वर्ण 04 रजत तथा 03 कांस्य पदक प्राप्त किये। पदक प्राप्त करने वाले खिलाडि?ों में रुद्राणी, आर्य, शैरन सेन ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंशिका, साक्षी, अंकित, असलान ने रजत पदक तथा आरती, अभय तथा देवांश बिष्ट ने कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम का बिलासपुर पहुंचने पर बच्चों के अभिभावकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

# किन्नौर के कल्पा गांव के देवांश ने बैजनाथ मे जीता मेडल



**अनिल**

**किन्नौर:** राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट खेलकूद प्रतियोगिता सब-जूनियर वर्ग का आयोजन जिला कांगडा के बैजनाथ में किया गया।जिसमें विभिन्न जिलो के खिलाडियों ने भाग लिया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में किन्नौर जिला के कल्पा गाँव के देवांश बिष्ट ने ब्रांउस मेडल हासिल किया है। जिसकी जानकारी शुक्रवार को देवांश बिष्ट के पिता बलदेव बिष्ट ने कल्पा मे दी है।मुख्य अतिथि ने ब्रांउस मेडल जीतने वाले देवांश बिष्ट को मैडल पहना कर व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर देवांश बिष्ट ने अपनी उपलब्धि के लिए अपने कोच बृजलाल चौहान का धन्यवाद किया। देवांश बिष्ट ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे कई बार गोल्ड मेडल हासिल हासिल किया है।देवांश बिष्ट ने इससे पहले भी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मे ब्राउस मैडल व सिल्वर मैडल हासिल किय है।देवांश बिष्ट ने कहा कि यहां तक पहुंचने के लिए वें अपने माता व पिता का तह दिल से बहुत धन्यवाद करता हूंए क्योंकि मेरे माता व पितान उन्हें हमेशा अच्छे संस्कार दिए हैं, देवांश बिष्ट के माता पिता भी अपने बेटे की इस उपलब्धि से बहुत खुश है, देवांश बिष्ट का चयन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। देवांश बिष्ट का यह चौथी बार राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मे चयन हुआ है। इससे पहले भी देवांश बिष्ट ने कई बार राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लिया है। और जिला व राज्य स्तर पर कई बार गोल्ड मेडल हासिल किया है, देवांश बिष्ट ने ब्लैक बेल्ट हासिल किया है तीन बार राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता खेल चुके देवांश बिष्ट चौथी राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद में भाग लेकर गोल्ड मेडल हासिल करना चाहते है।

# कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा चुकी :शर्मा



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने मौजूदा कांग्रेस सरकार पर हमलवार होते हुए कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं पूर्णतः चरमरा चुकी हैं। वह शुक्रवार को जन आशीर्वाद अभियान के तहत ग्राम पंचायत पांडवी, भगेटू और आघार में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इन सभाओं में प्रत्येक गांव से लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर अपना आशीर्वाद आशीष शर्मा को दिया। इस दौरान आशीष शर्मा ने कहा कि अपनी जवानी के महत्वपूर्ण 5 साल जन सेवा में समर्पित किए हैं और अभी भी जनता के लिए ही लड़ाई लड़ रहे हैं। यह हमीरपुर के आत्मसम्मान की लड़ाई है। जिसे हमीरपुर की देवतुल्य जनता ने जनादेश देकर विधानसभा पहुंचाया, कांग्रेस सरकार ने उसे हमेशा जलील किया। कांग्रेस सरकार को समर्थन देकर चुपचाप बैठने की बजाय विपक्ष में बैठकर आवाज उठाना उचित है। समय बलवान है। इसलिए समय को बर्बाद न करते हुए मैने इस्तीफ ा दिया और अपने लोगों के हित के लिए लड़ाई लड़ रहा हूँ। प्रदेश सरकार लगातार कर्ज के बोझ तले दबती जा रही है, लिए गये कर्ज के ब्याज को भरने के लिए भी और कर्ज लेना पड़ रहा है। जनकल्याण की कई योजनाएँ प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने बंद कर दी है। कामगार बोर्ड से मिलने वाले लाभ बंद कर दिये गये हैं। युवाओं को रोजगार नहीं हैं।

कांग्रेस परिवारवाद से ग्रसित हो गयी है। परिवार को एडजस्ट करने के लिए किसी भी हद में जाकर ओछी ब्यानबाजी कर रहे हैं। केंद्र में भाजपा सरकार है और प्रदेश के बेहतर भविष्य के लिए सभी भाजपा को भारी संख्या में मत देकर विजयी बनाएं। उन्होंने सभी से दस जुलाई को कमल के निशान वाला इवीएम का पहला बटन दबाने की अपील की।

**प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के खस्ता हालात**

आशीष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं पूर्णतः चरमरा चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि हिमकेयर और आयुष्मान कार्ड धारकों को आईजीएमसी के जन औषधि स्टोर में सभी दवाइयां नहीं मिल पा रही हैं, जहां उन्हें ये दवाएं मुफ्त मिलती हैं। इसके अलावा, कुछ विभागों ने कार्ड धारकों की मुफ्त सर्जरी बंद कर दी है, जिसमें स्टेंट और पेसमेकर जैसे महंगे उपकरण/उपकरण का इस्तेमाल होता है।

# कांग्रेस मंत्री की टिप्पणी राज्यपाल के पद एवं गरिमा का अपमान : बिंदल



**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के निर्णय एवं कार्यशैली के ऊपर वर्तमान कांग्रेस और उनके मित्र मंत्रियों द्वारा की गई टिप्पणी वह अवांछनीय है।

उन्होंने कहा कांग्रेस के विभिन्न बयान हमारे लोकतांत्रिक ढांचे के सर्वोच्च स्थान पर बैठे हुए राज्यपाल के प्रति पूरी तरह से अपमान है।

यह बात निश्चित रूप से कही गई थी की फ इलें मंत्री महोदय के पास है और उसके बाद मंत्री द्वारा बार-बार मीडिया के अंदर इस बात को उछालना की मान्य राज्यपाल ने किसी विशेष कार्य को रोक कर रखा है, यह टिप्पणी राज्यपाल के पद एवं गरिमा का अपमान करना है।

बिंदल ने कहा कि यह सरकार लगातार लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक मयार्दाओं के हनन के लिए जानी जाती है।

लोकतंत्र हनन वाली है यह सुखविंदर सिंह सुक्खू कि कांग्रेस सरकार।

बिंदल ने मांग की कांग्रेस पार्टी के गैर जिम्मेदार मंत्री जिन्होंने इस प्रकार का बयान दिया है, उन्हें महामहिम राज्यपाल से सार्वजनिक क्षमायाचना करनी चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### एमएसएमई ग्रोथ इनसाईट वॉल्युम 2.0 के परिणाम प्रकाशित




**गुरुग्राम।** भारत सरकार के विकास एजेंडा के साझेदार के रूप में जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी अध्ययन ह्यवी बिजनेस रैडी फॉर नेक्स्ट एमएसएमई ग्रोथ इनसाईट स्टडी (वॉल्युम 2.0 2024) के परिणाम जारी किए हैं। यह व्यापक अध्ययन 16 सेक्टरों- आईटी एवं आईटीईएस, फाइनैंशियल सर्विसेज, परिवहन, निर्माण, रीटेल, कृषि, मीडिया एवं एंटरटेनमेन्ट, मैनुफैक्चरिंग आदि में एमएमएसई की डिजिटल परिपक्वता पर रोशनी डालता है और बताता है कि वे किस तरह अपने संचालन में डिजिटलीकरण और टेक्नोलॉजी को अपना रहे हैं।

इसके अलावा वी बिजनेस ने बेहतर डिजिटल असेसमेन्ट टूल को हिंदी और अंग्रेजी दोनों में लॉन्च किया हे, जो उनके समर्पित एमएसएमई प्रोग्राम रुरैडी फॉर नेक्स्ट का विस्तार है। यह मूल्यांकन तीन मुख्य पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करता है- डिजिटल कस्टमर, डिजिटल वर्कस्पेस और डिजिटल बिजनेस। प्रतिक्रिया के आधार पर यह टूल यूजर विशिष्ट रिपोर्ट देता है, जिसमें बिजनेस के डिजिटल मच्योरिटी स्कोर, संबंधित डिजिटल प्रोडक्ट एवं सुझाव के लिए उद्योग जगत के अनुसार बेंचमार्क आदि बताए जाते हैं।

अध्ययन पर बात करते हुए अरविंद नेवातिया, चीफ एंटरप्राइज बिजनेस ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, ह्यवी बिजनेस में हम भारत के विकास में एमएसएमई की भूमिका और अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को समझते हैं।

### एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड का आईपीओ 03 जुलाईको खुलेगा

**नोएडा ।** एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (कंपनी) बुधवार, 03 जुलाई, 2024 को इक्विटी शेयरों (ऑफर) का अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने का प्रस्ताव करती है। एंकर निवेशक बिडिंग/ऑफर की अवधि, बिडिंग/ऑफर खुलने की तिथि (मंगलवार, 02 जुलाई, 2024) से एक कार्य दिवस पहले है। बोली/ऑफर समापन तिथि शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 को होगी। ऑफर का मूल्य बैंड रु960 प्रति इक्विटी शेयर से रु 008 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है।




न्यूनतम 14 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 14 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (कंपनी) के रु10 अंकित मूल्य वाले [ ] इक्विटी शेयरों (इक्विटी शेयर) की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश नकद रु [ ] प्रति इक्विटी शेयर (रु[ ] प्रति इक्विटी शेयर के शेयर प्रीमियम सहित) (ऑफर मूल्य) पर की जाएगी। कुल मिलाकर रु [ ] मिलियन तक (प्रस्ताव) जिसमें कंपनी द्वारा रु 10 अंकित मूल्य वाले [ ] इक्विटी शेयरों का एक नया निर्गम शामिल है, जो कुल मिलाकर रु 8,000.00 मिलियन तक है (ताजा निर्गम) । इसमें सतीश रमनलाल मेहता द्वारा रु [ ] मिलियन तक, रु 10 अंकित मूल्य वाले 11,428,839 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल, जो कुल मिलाकर रु [ ] मिलियन तक है, जिसमें रु 10 अंकित मूल्य वाले 420,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं, नमिता विकास थापर द्वारा रु 10 अंकित मूल्य के 1,268,600 इक्विटी शेयर कुल मिलाकर रु [ ] मिलियन तक, समित सतीश मेहता द्वारा 10 अंकित मूल्य के 10,000 इक्विटी शेयर कुल मिलाकर रु [ ] मिलियन तक और सुनील रजनीकांत मेहता द्वारा रु 10 अंकित मूल्य के 40,000 इक्विटी शेयर कुल मिलाकर रु [ ] मिलियन तक, बीसी इन्वेस्टमेंट क्ष लिमिटेड (निवेशक विक्रय शेयरधारक) द्वारा रु 10 अंकित मूल्य के 7,234,085 इक्विटी शेयर कुल मिलाकर रु[ ] मिलियन तक, आरएचपी के अनुलग्नक ए के तहत निर्धारित प्रमोटर समूह विक्रय शेयरधारको द्वारा रु 10 प्रत्येक के मूल्य के कुल रु [ ] मिलियन तक के शेयर, अरुणकुमार पुरुषोत्तमलाल खन्ना (व्यक्तिगत विक्रय शेयरधारक) द्वारा 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य के 300,000 इक्विटी शेयर तक कुल रु [ ] मिलियन तक के शेयर, और आरएचपी के अनुलग्नक के तहत निर्धारित अन्य विक्रय शेयरधारकों (अन्य विक्रय शेयरधारक, और प्रमोटर विक्रय शेयरधारकों, प्रमोटर समूह विक्रय शेयरधारकों, व्यक्तिगत विक्रय शेयरधारक और निवेशक विक्रय शेयरधारक के साथ सामूहिक रूप से, विक्रय शेयरधारक, और प्रत्येक व्यक्तिगत रूप से, एक विक्रय शेयरधारक के रूप में और इस तरह के प्रस्ताव द्वारा रु 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य के 813,568 इक्विटी शेयर।

# मानसी सैनी ने एनसीसी बी परीक्षा में ए ग्रेड हासिल किया

## एनसीसी की ए ग्रेड विजेता मानसी सैनी ने देशसेवा का उत्तम कार्य करने का लिया संकल्प : संगीता देवेंदर सैनी एमसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर** के वार्ड 13, गांव कबीरपुर मे रहने वाली बाल कृष्ण सैनी व माता कविता सैनी कि सुपुत्री होनहार मानसी सैनी ने 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन द्वारा घोषित एनसीसी बी प्रमाण पत्र कि परीक्षा में हिंदू कन्या महाविद्यालय की कैडेट ने शानदार प्रदर्शन करके ए ग्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त किया ' एनसीसी कि ए ग्रेड विजेता मानसी सैनी ने कहा कि उसकी माता कविता सैनी व जिला सैनी सभा के पूर्व प्रधान पिता बाल कृष्ण सैनी और कॉलेज



की प्राचार्य रचना गुप्ता व एनसीसी अधिकारी नीतू नसियर के सफल मार्गदर्शन के कारण उसे एनसीसी बी मे ए ग्रेड हासिल हो पाया है ' मानसी सैनी ने बताया कि उनके पिता हमेशा समाज सेवा का उत्कृष्ट कार्य करते रहते है जिसमे उन्होंने रक्तदान शिविरो का आयोजन, पौधरोपण अभियान, धार्मिक भंडारा व अनेको प्रकार से समाज सेवा के कार्यक्रमो को देख देख कर उसे महाविद्यालय मे एनसीसी से प्रेरणा लेकर देश सेवा व समाज सेवा करने कि प्रेरणा मिली' उसी प्रेरणा और जज्बे से के कारण उसे ये ए ग्रेड मिला है ' पिता बाल कृष्ण सैनी ने बताया कि एनसीसी मे बी प्रमाण पत्र की परीक्षा में मानसी सैनी ने ए ग्रेड प्राप्त करके परिवार के साथ साथ महाविद्यालय का भी नाम रोशन किया है यह हमारे लिए गर्व कि बात है' भारत सरकार से नेशनल अवार्डई दीपक कुमार ने भी मानसी बेटी को शुभकामनायें देते हुये कहा कि मानसी सैनी मे इसी प्रकार से समाज सेवा के उत्तम कार्य को करके देश सेवा का जूनून होना उन लोगो के लिए भी प्रेरणा है जो बेटियों को बोझ समझते है' लड़कियो को भी मानसी सैनी से आगे बढ़ने कि प्रेरणा लेनी चाहिए' नगर पार्षद संगीता देवेंदर सैनी ने भी मानसी सैनी को ए ग्रेड हासिल करने पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी ' संत कबीरदास समाज उत्थान सेवा समिति कबीरपुर के संस्थापक महासचिव सूरज कुमार ने भी मानसी सैनी को ए ग्रेड जितने पर मुबारकबाद दी ' दादा छुलाया सेवा समिति, महादेव शिव शक्ति सेवा समिति के पदाधिकारीयों ने भी मानसी व परिवार को मुबारकबाद दी।

## राजीव जैन ने डिस्पोजल स्टेशनों का दौरा किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः गंदे पानी की निकासी** के लिए शहर में बनाये गए डिस्पोजल पर मोटरों के खराब होने, कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त ना होने तथा अतिरिक्त मोटरों की व्यवस्था सही ना होने के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है, बार बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने शुक्रवार को पार्षद मुकेश सैनी के साथ आदर्श नगर, शिव कॉलोनी, चावला कॉलोनी, शम्भू दयाल, महलाना रोड तथा ओल्ड डी० सी० रोड पर स्थित डिस्पोजल स्टेशनों का दौरा किया तो पाया कि डिस्पोजल चलाने के लिए तैनात ठेकेदार आठ घंटे की ड्यूटी की बजाये 12 -12 घंटे की ड्यूटी लगाकर कर्मचारियों की तनख्वाह बचाने का काम कर रहा है जिससे सही समय पर डिस्पोजल चल नहीं पाते।

## बारिश सीजन में गंदे पानी व दूषित भोजन से बढ़ सकता है डायरिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिले में डायरिया फैलने** से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। विभाग की तरफ से डायरिया से बचने व जागरूक करने के लिए विभाग की तरफ से कैंपेन शुरू किया जायेगा। विभाग की तरफ से शुरू किए जा रहे कैंपेन को इस बार दो माह के लिए रखा गया है। पहले यह कैंपेन महज 15 दिन के लिए होता था। २२२लेकिन इस बार यह कैंपेन दो महीने अर्थात जुलाई व अगस्त तक चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने जरूरी दवाओं की डिमांड भी कर दी है। ताकि किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़ा।

**हर हेल्थ सेंटर पर तीन दिन में तैयार हो जाएंगे ओआरटी सेंटर**

रेनी सीजन में लोगों को उल्टी व दस्त हो जाते हैं। जिसे शरीर में बेहद कमजोरी आ जाती है। यहीं नहीं छोटे बच्चों के लिए यह बेहद खतरनाक होता है। कई बार समय पर केयर न होने पर बच्चे की जान तक चली जाती है। ऐसे में लोगों की सुविधा के लिए तीन दिन के अंदर सभी हेल्थ सेंटर के अंदर ओआरटी सेंटर स्थापित कर दिए जाएंगे। इन सेंटर पर लोगों को निशुल्क में ओआरएस के पैकेट व जिंक की गोली मिलेंगी। डायरिया को रोकने के लिए विभाग की तरफ से जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रही है। उल्टी व दस्त होने पर शरीर में आई कमजोरी से लोग चल भी नहीं पाते। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग नि शुल्क ओआरएस व जिंक की गोली देता है। जिससे शरीर में पानी की पूर्ति होती है ओर कमजोरी दूर होती है। स्वास्थ्य विभाग ने स्टॉप डायरिया अभियान के तहत डेढ़ लाख ओआरएस के पैकेट व 20 हजार जिंक की गोली मंगवाई है।

## सुधा ने निगम के 1 एक्सईएन और 1 जेई को किया सस्पेंड

### सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश, आमजन के काम में लापरवाही न बरतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक अम्बाला शहर के पंचायत भवन में ली। इस दौरान उन्होंने नगर निगम की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम के एक्सईएन महेंद्र और जेई संजीव दलाल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश जारी किए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे आमजन के कार्यों के प्रति लापरवाही न बरतें अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने मंत्री बनने के बाद पहली बार अम्बाला में कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। इस




दौरान उन्होंने कुल 15 शिकायतों को सुना और ज्यादातर के मौके पर समाधान किए।

कुछ शिकायतों को समाधान के लिए अगली बैठक के लिए रखा। पहली शिकायत नगर निगम से जुड़ी थी, जिसमें दो पक्षों के झगड़े में उनकी बैठक बुलाकर समझौता करवाने के निर्देश दिए गए। दूसरी शिकायत पंचायत विभाग से जुड़ी थी, जिसमें नाजायज कब्जे का मामला था। उन्होंने इस नाजायज कब्जे को जल्द से जल्द तुड़वाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपायुक्त डा0 शालीन, पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, भाजपा नेता रितेश गोयल, पूर्व जिला प्रधान जगमोहन लाल कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अम्बाला छावनी सत्येन्द्र सिवाच, एसडीएम नारायणगढ़ यश जालुका, एसडीएम बराड़ा अश्वनी मलिक, नगराधीश विश्वजीत सिंह, नगर निगम संयुक्त आयुक्त अदिति, जिला महामंत्री कर्मचंद (गोल्डी सैणी), मंडल महामंत्री गुरविन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष साहिब सिंह मोहड़ी, जिला उपाध्यक्ष मदनलाल शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जसमेर राणा, अमरदीप सिंगला, हरीश मदान, सुशील गुप्ता, अशोक जैन, गौरव सैणी (सन्टी), चंद्रमोहन फौजी, रणधीर सैणी, मदन लाल शर्मा, जयपाल कौशल सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सांसद दीपेंद्र का अपमान करने पर लोकसभा स्पीकर का फूंका पुतला

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः बस स्टैंड स्थित बाबा** साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क के सामने सांसद दीपेंद्र हुड्डा यूथ बिग्रेड व समस्त कांग्रेसजनों ने एक रोज पहले लोकसभा स्पीकर द्वारा पांच बार के सांसद दीपेंद्र हुड्डा का अपमान करने पर स्पीकर का पुतला फूंककर जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि सदन में बोलने का सभी सदस्यों का अधिकार है, इस तरह सदस्यों को धमकाना व उनका अपमान करना उचित नहीं है। इससे पहले सभी कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चरणों में पुषपांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि लोकसभा हो या



विधानसभा सभी सदस्य जनता द्वारा चुनकर सदन में पहुंचते है। सभी सदस्यों का कर्तव्य बनता है कि वह अपने संविधान की रक्षा करे व जनता की आवाज को पुरजोर तरीके से सदन में उठाए। लेकिन जनता की आवाज उठाने की बात तो दूर रही, एक दिन पहले लोकसभा में जय संविधान बोलना ही स्पीकर को रास नहीं आया। सासंद दीपेंद्र हुड्डा बोलने लगे कि सर जय संविधान बोलने पर आपति नहीं होनी चाहिए, तो स्पीकर बोले किस पर आपति होनी चाहिए, किस पर आपति नहीं होनी चाहिए यह सलाह मत दिया करो और बैठने को कहा। उन्होंने कहा कि सांसद दीपेंद्र हुड्डा करीब साढे तीन लाख मतों से जीतकर सदन में पहुंचे है, पांच बार के सांसद है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में बेहद ही लोकप्रिय सांसद है। लोकसभा स्पीकर ने इतने जनाधार वाले नेता का अपमान करके बेहद ही अहंकार भरी सोच दर्शाई है, जिसकी हर तरफ निंदा हो रही है। इस दौरान पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, नीलकंठ मुखीजा, सुरेंद्र छिक्कारा, ललित पंवार, सुरेश त्यागी, मनोज रिढाऊ, कमल हसीजा, सुरेंद्र शर्मा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद सूर्या दहिया, सुरेंद्र सुरेश त्यागी, सरदार इंद्रपाल, प्रवीन आंतिल, प्रोमिला मलिक, ऋतूराज सिवाच, दयानंद बाल्मीकि, चांदरूप प्रधान, जयभगवान राणा, पुष्पेंद्र योगी कुलदीप खासा, हरिप्रकाश मंडल, सियाराम आंतिल, नीटू मलिक, सुरेश भारद्वाज, प्रेम नारायण गुप्ता, शीला आंतिल, कमला मलिक, संतोष गुलिया, राजेश चौधरी, कृष्णा, रेखा, नीलम बाल्याण, सीमा शर्मा,कलावती पांचाल, प्रवीन आंतिल, देवेंद्र, रणदीप खोखर, विनित छिक्कारा, आशा अहलावत, सुरेंद्र, जयभगवान राणा, मनीष सैनी, प्रेम रेलन, भारत भूषण, सरदार इंद्रपाल, नरेंद्र हुडडा, डॉ राकेश नरवाल, कृष्ण, सूरज जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने बस स्टैंड का किया औचक निरीक्षण



**सोनीपतः विधायक सुरेंद्र पंवार** ने बस स्टैंड सोनीपत का औचक निरीक्षण किया। बस स्टैंड सोनीपत पर ड्रेन नम्बर-6 की वजह से जमा हुए गंदे पानी से यात्री परेशान नजर आए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही ड्रेन नम्बर-6 की वजह से जमा हुए गंदे पानी का समाधान करने का निर्देश दिया। यात्रियों ने बताया कि बस स्टैंड के बगल में ड्रेन नम्बर-6 को कवर करने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन कार्य को धीमी गति से किया जा रहा है। इसकी वजह से बस स्टैंड व आसपास की कालोनियों में गंदा पानी ओवर फ्लो होकर जमा होने लगा है। पानी निकासी की पुख्ता व्यवस्था न होने की वजह से पानी कालोनी व बस स्टैंड में घुसने लगा है। इतना ही नहीं ड्रेन के कार्य२२२२२२ की वजह से बस स्टैंड की दीवार भी ढह गई है, जिसकी वजह से समस्या और अधिक विकराल रून धारण कर गई है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने नगर निगम के अधिकारियों को कहा कि जल्द से जल्द बस स्टैंड के हिस्से वाले कार्य को पूरा करवाया जाए, यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें ठोस कदम उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर प्रतिदिन हजारों की तादाद में क्षेत्रवासियों का आवागमन होता है, यदि बस स्टैंड की हालत इस कद्र होगी तो अन्य जगहों की स्थिति का अंदाजा स्वयं लगा सकते है।

## महिला व उसके परिजनों पर मिर्च का स्प्रे करके सामान व नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर बढ़मलिक स्थित केएमपी पुल के पास कार सवार महिला व परिजनों पर मिर्च स्प्रे फेंक कर बाइक सवार दो युवक नकदी व सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बाइक सवारों की पहचान का प्रयास कर रही है। गुरुग्राम के ग्वाल पहाड़ी वैली व्यू इस्टेट की रहने वाली स्वाति ने पुलिस को बताया कि वह परिजनों संग मनाली घूमने गई थीं। परिवार के सदस्य दो कारों में सवार होकर गुरुग्राम लौट रहे थे। एक कार को स्वाति चला रही थी, जबकि दूसरी को उनके पति अखिलेश चला रहे थे। स्वाति के साथ उनकी मां और अन्य महिला सवार थी। जबकि दूसरी कार में घर के पुरुष सदस्य थे। जब वह केएमपी पर पहुंचे तो पानी लेने के लिए दुकान के पास कार रोक ली। इसी बीच एक बाइक स्वाति की कार के पास आकर रुकी। बाइक पर दो युवक सवार थे। उन्होंने कार के अंदर मिर्च स्प्रे फेंक दिया। जिससे स्वाति, उनकी मां और अन्य महिलाओं की आंखों में जलन होने लगी। जब तक वह संभल पाती बाइक सवार कार से बैग लेकर भाग गए। बैग में छह हजार रुपये, चांदी का सिक्का, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, क्रेडिट कार्ड और अन्य कागजात थे। थाना राई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी एसआई अजमेर ने बताया कि जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## महादेव गौशाला में संस्कार शला का आरंभः अनिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : श्रीमद्भागवदगीता** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की ओर से 1 जुलाई से प्रतिदिन 5:30बजे से लेकर 7:00 बजे तक संस्कार केंद्र शुरू किया जाएगा जिसमें पहली क्लास से लेकर पांचवी क्लास तक के बच्चों को आधा घंटा संस्कार सिखाए जाएंगे और उसके पश्चात उनका स्कूल से मिला हुआ होमवर्क कराया जाएगा विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने बताया विद्यालय परिवार और समाज मिलकर बालक का



निर्माण करते हैं बालक को ऐसा वातावरण चाहिए जिसमें वह कर्तव्य का बोध कर सके संस्कारों को अपने अंतर में जागृत कर सके तथा सद्विचारी बन सके बालक परिवार में कुछ ना कुछ सीखता है उसका वातावरण उसको प्रभावित करता है माता-पिता का व्यवहार उसके व्यवहार को संचालित करने का कार्य करता है अतः है परिवार से विद्यालय तक एक सुसंगठित प्रक्रिया का निर्माण उसके भविष्य को गढ़ने में सहयोग कर सकता है । आंतरिक अनुशासन चित्तवृत्तियों का निरोध है। अतः बालक की दिनचर्या जैसी होगी वैसा ही उसका मनोभाव होगा ।इससे उसके लिए उपयुक्त वातावरण का निर्माण संभव हो सकेगा और तब वातावरण का निर्माण करना सुनिश्चित किया जा सकेगा।

जैसा स्वामी विवेकानन्द जी ने कहा है कि मनुष्य के अंतर में सभी ज्ञान अवस्थित है।उसे जागृत करने के लिए उपयुक्त वातावरण की आवश्यकता है।

## मोदी के नेतृत्व में देश बना पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्थाः महीपाल ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**विकास** पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने शुक्रवार को जिले के गांव राजा खेड़ी व कुटानी में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के सफल प्रयास से देश पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आने वाले समय में देश अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे स्थान पर होगा। राज्य सरकार की यह पहल लोगों में ऊर्जा का संचार कर रही है। यह पहला अवसर है जब प्रशासन लोगों के द्वार पर जाकर न केवल उनकी समस्याओं को पूछता है बल्कि निश्चित समय में उनका समाधान भी करता है। इस कार्यक्रम में जिन लोगों ने समस्याएं दी है उनका निस्तारण हर हाल में होगा। इसको लेकर वे गंभीर



है , उनका चिंतन व मंथन सकारात्मक है। जिसके भविष्य में परिणाम सार्थक होंगे। विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि बिजली पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। आमजन की समस्याओं को दूर करने को लेकर वे लगातार गांव -गांव जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे है। उनका उद्देश्य लोगों की सेवा करना व जरूरतमंद को वह सब कुछ उपलब्ध कराना है जिसको लेकर यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में उन्हें आपार सफलता मिल रही है। समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचते है व समाधान होने पर ढेरों आशीर्वाद देकर उनका उत्साह बढ़ाते है। कार्यक्रम में जो समस्याएं मिल रही उनमें ज्यादातर समस्याएं बुढ़ापा पैंशन, फैमली आईडी, आधारकार्ड, अवैध अतिक्रमण व सौ-सौ गज के प्लाटों के संदर्भ में मिल रही है। विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि उनकी कथनी व करनी एक समान है। लोगों को इस बात का पूरा भरोसा है कि दरबार में जो समस्याएं वो लेकर पहुंच रहे है उनका समाधान निश्चित रूप से होगा। इसी विश्वास को कायम रखने के लिए वे जनता के बीच में पहुंच रहे है। जनता का भरपूर समर्थन इस बात की मोहर लगाता है कि आमजन का उनके प्रति विश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम में कैंसर के रोगी कुलदीप और उसकी पत्नी ने मंत्री के समक्ष जैसे ही उन्होंने अपनी व्यथा रखी तो उनकी आंखे भर आई। भरी आंखों से उन्होंने अपनी दास्तान बताई व सहयोग की अपील की कि जीवन उन पर कितना भारी पड़ रहा है। मदद के अभाव में जिन्दगी कब किस दिशा में चली जाए उन्हें इसका पता नहीं है। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया कि अगर वे कैंसर के इलाज के लिए सरकार से कोई मदद दिला सकते है तो उनका जीवन उनका ऋणी होगा। ग्रामीण हवा सिंह ने मंत्री से अनुरोध किया कि उनके मकान के ऊपर से गुजरने वाली 11हजार वोल्टेज की बिजली की तार से उन्हें खतरा बना रहता है।

## बंसल वायर इंडस्ट्रीज लिमिटेड काआईपीओ, 3 जुलाई को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा ।** बंसल वायर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("बंसल वायर" या "कंपनी"), इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में अपनी बोली/निर्गम बुधवार, 3 जुलाई, 2024 को खोलेगी। प्रत्येक अंकित मूल्य रु 5 इक्विटी शेयरों के कुल निर्गम आकार में रु7,450 मिलियन तक का फ्रेश इश्यू शामिल है (ह्लकुल निर्गम आकारह्व)।

एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार, 2 जुलाई, 2024 होगी। बोली/निर्गम बुधवार, 3 जुलाई, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 5 जुलाई, 2024 को बंद होगा।

निर्गम का प्राइस बैंड रु243 से रु 256 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 58 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 58 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।


कंपनी इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग (ए) हमारी कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के सभी या हिस्से का पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान करने के लिए करने का प्रस्ताव करती है, जिसका अनुमान रु4526.83 मिलियन है; (बी) हमारी सहायक कंपनी में इसके कुछ बकाया उधारों के सभी या हिस्से का पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान करने के लिए निवेश, जिसका अनुमान रु937.08 मिलियन है; (सी) हमारी कंपनी की अनुमानित रु600 मिलियन कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को फाइनेंस करना ("निर्गम का उद्देश्य")।

# चेहरे पर हंसी व मुस्कान लाना अच्छा और भलाई का कार्य

अशोक प्रवृद्ध

> भारत की इसी वैचारिक स्वतंत्रता ने समाज को हंसी -मजाक का उपहार दिया है। ब्रह्म अर्थात परमात्मा के अतिरिक्त सभी जीव गुण और दोष के पुतले हैं। गुण और दोष का मिश्रण ही मनुष्य की विशेष पहचान है। मनुष्य आनंद की अनुभूति के लिए पैदा होता है। रोने-धोने, बिसूरने और निषेधात्मक भयादोहन करने वाली चिंताओं में बैचेन रह कर जिंदगी गुजारना मनुष्य जीवन का उद्देश्य कतई नहीं है। समाज में विषमताएं हैं, गरीबी है, आर्थिक द्वंद हैं, दुरूह समस्याएं हैं। इसके बावजूद प्रत्येक परिस्थिति में हंसते रहना और चुनौतियों का डट कर मुकबला करना भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है। इसलिए भारतीय परंपरा में आये दिन त्यौहार मनाए जाने की परिपाटी है। इसके माध्यम से सारे गमों को भुलाकर आनंद की नदी में डुबकी लगाने का प्रयास किया जाता है

**हंसना-हंसाना** अर्थात हंसी -मजाक एक बहुत ही अच्छा कार्य है। इससे स्वयं और दूसरों को भी खुश रखा जा सकता है।अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए हंसी-मजाक को सबसे अच्छी दवा माना जाता है।अनेक शोधों के अनुसार हंसी -मजाक हमारे जीवन में कई तरह से हमारी मदद करती है। हंसी फेफड़ों और मांसपेशियों को लाभ पहुंचाती है।जिस तरह शरीर को चुस्त-दुरुस्त,स्वस्थ रखने के लिए अच्छा खान-पान व शारीरिक व्यायाम संबंधी गतिविधियां आवश्यक हैं, उसी तरह मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए हंसना और प्रसन्न रहना भी जरूरी है। हंसने से कई सारी बीमारियों का खतरा दूर होता है। खुलकर हंसने से शरीर में रक्त का संचालन बेहतर होता है, दिल स्वस्थ बना रहता है, शरीर में मेलाटोनिन नामक हार्मोन एक्टिव होता है, जिससे नींद अच्छी आती है। इससे त्वचा भी खूबसूरत और जवां बनी रहती है। किसी उदास, रोते हुए चेहरे पर मुस्कुराहट लाना बहुत अच्छा और भलाई का काम माना जाता है।हंसी-मजाक करने से मस्तिष्क अर्थात मूड अच्छा और आस-पास का माहौल खुशनुमा होता है। इसलिए दुनिया भर में 1 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मजाक दिवस मनाया जाता है। यह दिन मुख्य रूप से चुटकुले सुनने और सुनाने के शौकीनों के लिए होता हैं, और इस दिन लोग चुटकुले सुनते व सुनाते हैं। इस दिन लोग अपने परिवार, दोस्तों व अन्य लोगों के साथ मजाक करते हैं। मजाक का अर्थ है -हंसी, ठट्ठा, दिल्लगी, ठिठोली। यह एक प्रवृत्ति होती है, जिसमें सबों की रुचि नहीं होती।मजाक के समानार्थक शब्द हैं- अभिहास, केलि, कौतुक, खिलवाड़, खेलवाड़, चुटकुला, चुहल, ठट्ठा, ठिठोली, तफरीह, दिल्लगी, निधुवन, परिहास, प्रहसन, मजाक, विनोद, विनोदोक्ति, हंसी, हंसी-मजाक, हास-परिहास, हास्य, हास्य-परिहास। हंसी- मजाक का यह चलन आदिकाल से ही मानव मन में रचा- बसा हुआ है। प्राचीन भारतीय सभ्यता- संस्कृति व जीवन दर्शन में भी हंसी-मजाक का मूल स्त्रोत विद्यमान है। भारतीय परंपरा में ब्रह्म अर्थात परमात्मा की अवधारणा कोसत चित के साथ ही आनंद का स्वरूप माना गया है। ब्रह्म आनंद के रूप में सभी प्राणियों में निवास करता है। ब्रह्म आनंद की अनुभूति जीवन का परम लक्ष्य माना जाता है। इसे ही ब्रह्मानंद प्राप्ति का नाम दिया गया है। वह रस, माधुर्य, लास्य का स्वरूप है।



इसीलिए ब्रह्म के माया के संपर्क से मूर्तरूप लेने पर उसकी लीलाओं में आनंद को ही प्रमुखता दी गई है। श्रीकृष्ण रास रचाते हैं, छल करते हैं, लीलाएं दिखते हैं। वृंदावन की कुंज गलियों में आनंद की रसधार बहा देते हैं। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम भी होलिकोत्सव में रंग, गुलाल उड़ाते हैं और सावन में झूला झूलते हैं। उनकी मयार्दा में भी भक्त आनंद का अनुभव करते हैं।

वस्तुतः भारतीय संस्कृति में मृत्यु, भय और दुःख का कोई खास स्थान नहीं है। इन्हें अधिक महत्ता प्रदान नहीं की गई है। मृत्यु एक परिवर्तन का प्रतीक है। शरीर के साथ आत्मा नहीं मरती है, बल्कि वह एक चोला बदल कर दूसरा पहन लेती है। यही कारण है कि देश के कई भागों में शरीर का समय पूरा होने पर खुशी मनाए जाने का भी प्रचलन है। नाच-गाने के साथ, बड़े उमंग और उत्साह से पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार करने का यह भी एक कारण है कि जीवात्मा अब अपने स्वामी ब्रह्म से मिलने जा रही है। मिलन की इस पावन बेला मे दुःख, दर्द और शोक की जरूरत नहीं है।शिव, नटराज, भोले भण्डारी आदि सहस्त्रों नामों से संज्ञायित शंकर समाधि के साथ ही आनंद के भी प्रतीक माने गए हैं। वे नृत्य, गायन, व्याकरण, भाषा और इनसे संबंधित समस्त गतिविधियों के केन्द्र हैं, जिनसे प्राणी के मन में आनंद का सागर हिलोरें लेने लगता है। भारत में प्राचीनकाल से ही विष्णु व अन्य अवतारों की अवतरण दिवस व उनसे संबंधित तिथियां बड़े उत्साह और पूरी श्रद्धा के साथ मनाई जाती हैं। इन अवतारों की निधन तिथियों को कोई भूल कर भी स्मरण नहीं करना चाहता है। मान्यता है कि अवतारअपने प्रकट होने का उद्देश्य पूर्ण कर अपने मूल तत्व अर्थात ब्रह्म में लीन हो जाते हैं। भारतीय संस्कृति में ईश्वर से डरने की परंपरा नहीं हैं। मान्यता है कि ईश्वर कोई ऐसी शक्ति नहीं है, जिससे डरना जरूरी हो। वह प्राणियों में भय का संचार नहीं करता। वह हमारा आदि स्त्रोत है। हम उसके अंग हैं। वह जड़ चेतन में व्याप्त है। हम उसके साथ कोई भी संबंध कायम करने अर्थात रिश्ता बनाने के लिए स्वतंत्र हैं। भक्त अपने उपास्य से अनेक रूपों में प्रेम कर सकता है। उसका दास, सखा, सेवक यहां तक कि शत्रु और स्वामी भी बन सकता है। भारत की इसी वैचारिक स्वतंत्रता ने समाज को हंसी -मजाक का उपहार दिया है। ब्रह्म अर्थात परमात्मा के अतिरिक्त सभी जीव गुण और दोष के पुतले हैं। गुण और दोष का मिश्रण ही मनुष्य की विशेष पहचान है। मनुष्य आनंद की अनुभूति के लिए पैदा होता है। रोने-धोने, बिसूरने और निषेधात्मक भयादोहन करने वाली चिंताओं में बैचेन रह कर जिंदगी गुजारना मनुष्य जीवन का उद्देश्य कतई नहीं है। समाज में विषमताएं हैं, गरीबी है, आर्थिक द्वंद हैं, दुरूह समस्याएं हैं। इसके बावजूद प्रत्येक परिस्थिति में हंसते रहना और चुनौतियों का डट कर मुकबला करना भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है। इसलिए भारतीय परंपरा में आये दिन त्यौहार मनाए जाने की परिपाटी है। इसके माध्यम से सारे गमों को भुलाकर आनंद की नदी में डुबकी लगाने का प्रयास किया जाता है। यह बंधनों से मुक्त समाज का प्रतीक है। भक्त आराध्य देवताओं के साथ भी हंसी मजाक करने से बाज नहीं आते हैं। वर्तमान में दुखी अथवा परेशान लोगों का मूड बदलने के लिए भी हंसी-मजाक किया जाता है। हंसी-मजाक से आस-पास का माहौल तो खुशनुमा हो जाता है, लेकिन यह भी सच है कि कई बार हंसी -मजाक किसी को चिढ़ाने का भी कार्य करती है और इससे माहौल बिगड़ सकता है। ऐसे में सोच -समझकर मजाक करना चाहिए। हंसी-मजाक हमेशा एक सीमा में रहकर ही करना चाहिए, हदें पार नहीं करना चाहिए।बात-बात पर हंसी-मजाक करने से भी दूर रहना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने वालों को गंभीर व्यक्ति नहीं माना जाता है। कभी भी किसी की लाचारी का मजाक नहीं बनाना चाहिए। फिर भी घरमें किसी तरह के समारोह के आयोजन, मेहमानों के आगमन तथा भोजन के आपस में समय हंसी-मजाक कर, हंसने-गुदगुदाने वाली बातें कर आपसी तनाव व झिझक को दूर किया जा सकता है। मजाक-मस्ती और खींचातानी से शादी-ब्याह के अवसर कोस्मरणीयबनाया जा सकता है।वनभोज अथवा कहीं बाहर घूमने जाने के अवसर पर हंसी-मजाक करने से वहाँ का माहौल और ज्यादा खुशनुमा हो जाता है। इसलिए स्वयं के साथ ही दूसरों को भी इसमें शामिल कर चुटकुले, पुराने किस्से-कहानियों, मजाकिया कार्यों से हर किसी को मशगूल रखा जा सकता है। कुछ शोधों के अनुसार प्रेम अर्थात इश्क और हंसी- मजाक का अन्योन्याश्रय संबंध अर्थात चोली-दामन का साथ है।संबंधों अर्थात रिश्ते में मजाकिया लहजा अपनाने से उसी मात्रा मेंप्यार परवान चढ़ता जाता है, टूट और टकराव की आशंका भी उतनी ही कम होती जाती है।रिश्ते में हंसी-मजाक ज्यादा होने का अर्थ है कि आपसीसामंजस्य मजबूत है और दो व्यक्तियों के बीच सबकुछ सही चल रहा है।सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक केनेथ टैन 110 रोमांटिक जोड़ों पर अध्ययन करने के दौरान प्रतिदिन प्रतिभागियों से रिलेशनशिप सेटिस्फेक्शन और हंसी-मजाक से जुड़े आंकड़े इकट्ठे कर उनके अध्ययन से इस परिणाम तक पहुंचे कि जिस दिन रोमांटिक जोड़े एक-दूसरे के साथ ह्यूमरस अर्थात मजाकिया थे, उस दिन उन्होंने अपने रिलेशनशिप सेटिस्फेक्शन को भी उच्च स्तर पर बताया। जबकि गंभीर होते ही उनका रिलेशनशिप सेटिस्फेक्शन भी कम होता देखा गया।

## संपादकीय

# मीडिया ट्रायल बनाम समानान्तर अदालती व्यवस्था

**नीट में ला**परवाही के आरोपों और इलेक्ट्रानिक मीडिया के बीच एक और खबर आयी। अपनी फटी ओएमआर सीट दिखाते हुए भावुक आरोप लगाने वाली छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उसे फर्जी पाया। अदालत के सामने प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के बाद यह पाया गया कि छात्रा ने फर्जी एप्लीकेशन नम्बर से एनटीए को मेल किया था। लखनऊ बेंच ने छात्रा के रवैये को अफसोसजनक बताते हुए याचिका को खारिज कर दिया और यह भी कहा कि एनटीए चाहे तो छात्रा के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई कर सकता है। इस तरह की परीक्षाओं में करोड़ों लोगों का भविष्य जुड़ा रहता है। राष्ट्रहित में यह जरूरी है कि उनके संचालन में पूरी शुचिता बरती जाए, किन्तु अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रानिक मीडिया जिस तरह से समानान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर देती है, उससे ऐसे सामाजिक दबाव का सृजन होता है कि वह न्याय की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाता है। बिना सुबूत और अदालती निर्णय के ही समाज की निगाह में लोगों को दोषी ठहरा देता है। कुछ समय बाद चाहे भले ही अदालत उन्हें निर्दोष ठहरा दे, किन्तु उनकी जो प्रतिष्ठा खो चुकी होती है, वह कभी भी वापस नहीं आती। बीते वर्षों में रिया-सुशांत, आरुषि-तलवार की हत्या और दिल्ली के जसलीन कौर-सर्वजीत कौर के मामले ऐसे कई उदाहरणों में से कुछ गिनाए जा सकते हैं, जब इलेक्ट्रानिक मीडिया ने अपनी टीआरपी के लिए लोगों को अपूर्णीय क्षति पहुंचायी है। रिया-सुशान्त के मामले में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने रिया को कहीं का नहीं छोड़ा। खुद ही सुबूत इकट्ठा करके उसके ऊपर जादू-टोना से लेकर कई काल्पनिक आरोप लगाए। अदालत ने उन्हें नाकाफी और अविश्वसनीय माना, किन्तु रिया उससे अब तक नहीं उबर पायी और लांछन उनके साथ सदैव के लिए चस्पा हो गया। इसी तरह आरुषि हत्याकांड में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उसके मां-बाप को जीते जी मार डाला। बगैर किसी पुख्ता सुबूत और अदालती निर्णय के आरुषि की मौत के बाद उसके चरित्र पर जिस तरह छींटाकशी की गई, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। राजेश और नुपूर तलवार मीडिया के सामने गिड़गिड़ाते रहे कि उन्हें परेशान न किया जाए, किन्तु उनकी किसी ने एक नहीं सुनी और अपनी टीआरपी के लिए नित नई कहानियां तैयार करते रहे। नौ साल की यन्त्रणादायक कानूनी लड़ाई के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने उन्हें समाज में रहने लायक नहीं छोड़ा। नीट से जुड़े मामले सर्वोच्च अदालत के सामने हैं। अदालत सभी पहलुओं पर गौर कर रही है, किन्तु इलेक्ट्रानिक मीडिया ने समान्तर अदालती व्यवस्था खड़ी कर ली है। उसमें उनके अभियोजक और गवाह हैं। निर्णय लेने की जिम्मेदारी उन्होंने खुद ले ली है। जानकारी की कमी या टीआरपी के दबाव में उन लोगों को भी दोषी ठहराया जा रहा है, जो केवल औपचारिक प्रमुख की भूमिका में है। मसलन एनटीए के अध्यक्ष का पद विश्वविद्यालयों के चांसलर की तरह होता है। नीति निर्माण या क्रियान्वयन में उसकी कोई भूमिका नहीं होती, किन्तु मीडिया बगैर सुबूत के ही उन्हें मुजरिम की तरह पेश कर रहा है। यह जब किसी विषय पर अदालत विचार कर रही हो तो इस तरह का मीडिया ट्रायल न्यायिक कार्यों में दखलंदाजी और अदालत की अवमानना है।

## कविता

कब किताबों के पनों से
प्यार हो गया
पता ही न चला।

कब अल्फाजों का
लफ्जों से इकरार हो गया
पता ही न चला।

कब शब्दों को
मात्राओं से नूरी इश्क हो गया
पता ही न चला।

कब प्रकृति का
मानव से आलिंगन हो गया
पता ही न चला।

कब हिंदी की बिंदी ने
प्रेम की अनुभूति करवा दी
पता ही न चला।

डॉ.राजीव डोगरा

# प्रगती के नेपथ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण

संजीव

**भारत के कृ**षि, चिकित्सा,संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है।

सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है। जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है।

## विचार

# कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी आज की आवश्यकता

डा. मनमोहन प्रकाश

**हम सबको मा**लूम है अतीत से वर्तमान और वर्तमान से भविष्य उपजता है।अतीत हमें पूर्व में जो अच्छा हुआ है उस पर गर्व करने तथा जो गलत हुआ है उससे सीख लेने की सलाह देता है, जबकि वर्तमान हमें भविष्य की चिंता करते हुए, सोच-समझकर कर वर्तमान को सार्थक रुप से जीने की सलाह देता है। वर्तमान में जनसंख्या के आंकड़ों की दृष्टि से भारत एक युवा देश है अतः देश की प्रगति, उन्नति एवं विकास का दारोमदार भी युवाओं पर ही है। युवाओं को जहां अपने अधिकारों का जानना चाहिए और उन्हें प्राप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए वहीं अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहते हुए उनका पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से पालन करना चाहिए। किन्तु ऐसा होता देखा नहीं जाता अर्थात हम भारतीय अधिकारों की बात तो बहुत करते हैं, पर कर्तव्यों का पालन करना भूल जाते हैं।

आज युवाओं का सपना होना चाहिए - देश को समृद्ध, खुशहाल, विकसित, शक्तिशाली राष्ट्र बनते देखना और उसके लिए यथा शक्ति प्रयास करना। यह तभी संभव है जब हम सब मिलकर सभी धर्मों, सम्प्रदायों, जातियों, भाषाओं, लिंग, क्षेत्रों, संवैधानिक संस्थाओं, संस्कृति, परिवेशों, भौगोलिक संरचनाओं का सम्मान करें और उनके उत्थान और संरक्षण की बात करें, उसके लिए प्रयास करें।यह तभी संभव है जब भारतीय युवाओं एवं नागरिकों का ,तन-मन, स्वास्थ्य और परिवेश स्वस्थ रहे। इसके लिए जरूरी है पर्यावरणीय बदलावों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण को दूषित होने से बचाएं, प्राकृतिक संसाधनों का मितव्ययिता से एवं विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करते हुए हरीतिमा संरक्षण एवं विस्तार के लिए संकल्पित हो।आज युवा पीढ़ी में सबसे ज्यादा जिस विचार की आवश्यकता है वह है परिवार, समाज, प्रदेश तथा देश के प्रति समर्पण और उनका सम्मान और विकास।यह तभी संभव है जब युवा स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति सजगता रखते हुए अनैतिक कार्यों से दूर रहें अर्थात अतिक्रमण, आतंकवाद, अलगाववाद,नक्सलवाद, चोरी-चपाटी, लूट-पाट, हिंसा, छेड़-छाड़, नशावृत्ति, जालसाजी, धोखाधड़ी, जमाखोरी, घूसखोरी आदि असंवैधानिक, अनैतिक गतिविधियों के साथ-साथ घृणा, द्वेष, अविश्वास, निंदा, नकारात्मक सोच-विचार आदि से दूर रहें।इन विचारों को पोषित करने के लिए आवश्यक है कि बच्चों को आरंभ से ही उनके माता-पिता, बन्धु बान्धवों, शिक्षकों द्वारा अच्छे संस्कार, संस्कृति, शिष्टाचार तथा नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाय। अतः हम कह सकते हैं कि आज देश को ऐसे सक्रिय , समर्पित, भेदभाव एवं भ्रष्टाचार मुक्त तथा समाज सेवी, राष्ट्र प्रेमी, जिम्मेदार नागरिकों की आवश्यकता है जो देश की आन-बान-शान के लिए मर मिटने के लिए तैयार हों, देश के संविधान सम्मत नियम-कानूनों का आगे बढ़कर पालन करते हो तथा राष्ट्र की सम्प्रभुता की रक्षा के लिए समर्पित हों, जिनकी रगों में देश प्रेम दौड़ता हो और जिन्हें अपने देश की गौरवशाली गाथा, संस्कृति, संस्कार, परम्पराओं पर गर्व हो तथा सभी धर्मों के प्रति आदर भाव रखते हों ,जिन्हें सत्य, अहिंसा, न्याय, समानता और बन्धुत्व पर विश्वास हो तथा जिनमें आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद का विरोध करने का शक्ति हो तथा राष्ट्र विरोधी ताकतों से लड़ने का साहस हो। अंत में मैं यही कहना चाहता हूं कि भारत देश के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र की उन्नति, प्रगति, विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

किन्तु यह भी ध्यान रखना चाहिए कि न तो अधिकारों का दूरपयोग हो और न ही कर्तव्यों की अवहेलना हो। कहने का मतलब स्पष्ट है कि यदि हमें संविधान द्वारा बोलने की, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, भाषा और विचार प्रगट करने की स्वतंत्रता है, धार्मिक स्वतंत्रता है,शोषण और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार है तो हमारा यह भी कर्तव्य बनता है कि हम झूठ फैलाने तथा गलत नरेटिव सेट करने से बचें, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, संविधान,संवैधानिक संस्थाओं, संवैधानिक पदों का सम्मान करते हुए देश की एकता,अखंडता, समृद्धि के लिए समर्पित भाव से काम करें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# समग्र कल्याण अपेक्षाओं के साथ संतुलित करना

विजय गर्ग

**इसके लि**ए यहां कुछ प्रभावी तकनीकें दी गई हैं आज के प्रतिस्पर्धी स्कूल माहौल में, माता-पिता को अक्सर अपने बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन को उनकी समग्र भलाई के साथ संतुलित करने की कठिन समस्या का सामना करना पड़ता है। शैक्षणिक रूप से सफल होने का दबाव तनावपूर्ण हो सकता है, और जबकि उच्च उम्मीदें बच्चों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं, उन्हें अपने मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत जरूरतों और भावनाओं पर विचार करते हुए इस नाजुक संतुलन को बनाए रखने के लिए यहां कुछ प्रभावी तकनीकें दी गई हैं। 1. दबाव को समझना भलाई और शैक्षणिक मांगों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए पहला कदम दबाव बिंदुओं की पहचान करना है। ये सहपाठियों, माता-पिता, स्कूलों या स्वयं बच्चों से उत्पन्न हो सकते हैं। माता-पिता अपने बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ की आकांक्षा रखते हैं, उनका मानना ??है कि वे शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट होंगे, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करेंगे और अंततः सफल करियर की शुरूआत करेंगे। लेकिन यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक बच्चा अपने विशेष कौशल, जुनून और तनाव सहनशीलता के साथ अलग होता है। 2. खुला और ईमानदार संचार खुले संचार का माहौल बनाने के लिए यह आवश्यक है। अपने बच्चे को स्कूल और उसके शैक्षणिक जीवन में आने वाली चुनौतियों के बारे में आपसे बात करने के लिए प्रोत्साहित करें। देखभाल और समझ रखते हुए बिना कोई निर्णय लिए सक्रिय रूप से सुनें। यह विधि उनके साथ आपके बंधन को बेहतर बनाती है और साथ ही उनके तनाव के स्तर को निर्धारित करने में भी आपकी मदद करती है। "आप अपने स्कूल के काम के बारे में कैसा महसूस कर रहे हैं?" या "क्या कोई विशेष बात है जो आपको तनावग्रस्त महसूस करा रही है?" उपयोग के लिए ओपन-एंडेड प्रश्नों के उदाहरण हैं। इस प्रकार के प्रश्न पूछकर, आप अपने बच्चे को अपनी चिंताओं के बारे में आपसे बात करने और उन्हें आवश्यक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

# कमाल करते हो भाई

डॉ. सुरेश कुमार

**तलवे चा**टने वाली चप्पल जब बनाने वाले की कीमत पर बिकती हो और देश भर का पेट भरने वाला किसान अपना उगाया अनाज किसी और के द्वारा तय की गई कीमत पर बेचता हो, तब वह देश स्टैंडप कॉमेडी करने वालों के लिए स्वर्गधाम कहलाता है। अब ऐसे स्वर्गधाम को छोड़कर नर्क भला कौन जाना चाहेगा। यहाँ तक कि सुबह-सुबह टी.वी. चैनलों में लोगों को लुभाने के लिए अस्सी का पेट्रोल मात्र चालीस में बेचने वाले काने बाबा शुद्ध राजनीति के बीच कभी-कभी भूल से अच्छी बातें भी कह देते हैं। मसलन आत्महत्या करने वाले सीधे नर्क में जाते हैं। अब बाबा जी को कौन बताए कि बढ़ती महंगाई, लूटखोरी, बेरोजगारी, गरीबी और लाचारी के बीच थोड़ा-बहुत नमक-मिर्च खाने वाले को तो गुस्सा आएगा ही। ऐसे में मात्र चुनाव कराने और जीतने वाली सरकार को किसान गुस्से में कुछ कह देते होंगे। अब इतना बड़ा पाप करने वाला भला स्वर्ग कैसे जा सकता है? इस पाप के लिए उसे नर्क की सजा नहीं तो ताजपोशी होगी। हाँ, जहाँ तक स्वर्ग और नर्क के बीच में अटकने की बात है तो वह अधिकार मात्र हरिशंकर परसाई के पात्र भोलाराम के जीव को था। वही आखरी सरकारी बंदा था जिसे मरने के बाद पेंशन देने की बात हुई थी। अब न कोई नौकरी है और न पेंशन। जो कुछ भी है वह बस एक टेंशन है। जिसे हर कोई अपने साथ भर-भरकर रखता है। सुना है जब से भोलाराम के जीव की घटना घटी है तब से चैटर बॉक्स नारद धरती को अपनी यात्रा के ब्लैक लिस्ट में रखकर स्वर्ग में ही घूम रहे हैं। औरों का पेट भरकर खुद भूखा रहने वाला किसान मात्र पत्र-पत्रिकाओं, पुस्तकों में हल पकड़े ठीक लगता है। यथार्थ में वह केवल जहर की बोतल पकड़े उसके नाम पर रिलीज होने वाले करोड़ो-अरबों की आबंटित राशि खाने वाले मंतरी-संतरी और सरकार जैसे सत्तास्वादक के बीच आत्महत्या करने का अपना ही सुख है। एक बार इस अस्थाई दुनिया को छोड़ स्थाई नरक में जाकर खेती करने की चालाकी मन की बात सुनने से भी अधिक मजा देता है। भगवतगीता के संदेशों को पुस्तकों में छोड़कर आचरण में लाना आठवें अजूबे से कम नहीं है।

अगर आप सोचते हैं कि आप जवान हैं और आपकी हड्डी अभी कमजोर नहीं हो सकती, तो आप बिल्कुल गलत हैं। जाने-माने हड्डी के सर्जन का कहना है कि आज कल लोगों को कम उम्र में ही ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डी विकार) होने का खतरा पहले की तुलना में ज्यादा बढ़ गया है। अगर आप कैल्शियम युक्त भोजन नहीं लेते तो आपके घुटने कुछ ही दिनों में कमजोर हो जाएंगे। अगर घुटना किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त हो गया तो उसे ठीक करना बहुत मुश्किल है। अच्छा है कि आप अपने भोजन में कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल करें, जो आपके घुटनों के लिए अच्छे हों।

# शरीर के जोड़ मजबूत रखने को खाएं...

## बादाम, पपीता, सेब, ब्रोकली, बींस, अदरक और पिएं ग्रीन टी



- बादाम खाने से जोड़ों की आउटर मेंबरेन खराब होने से बची रहती है
- सेब खाने से आप जोड़ों के दर्द तथा जोड़ों के क्षतिग्रस्त होने से बच सकते हैं
- ब्रोकली शरीर से फ्री रैडिकल्स को बाहर निकालती है जिसकी वजह से जोड़ क्षतिग्रस्त नहीं होते
- ग्रीन टी जोड़ों के कार्टिलेज को क्षतिग्रस्त होने से रोकती है

आइए जानें उनके बारे में

1. **बादाम :** बादाम खाने से जोड़ों की आउटर मेंबरेन खराब होने से बची रहती है। इसमें विटामिन ''ई' और एंटीऑक्सीडेंट होता है जो सूजन और दर्द से बचाता है।

2. **पपीता :** पपीते में ढेर सारा विटामिन ''सी' होता है। रिसर्च में पाया गया है कि जिन लोगों के अदंर विटामिन ''सी' की कमी होती है उनमें जोड़ो का दर्द आम बात है।

3. **सेब :** सेब खाने से आप जोड़ों के दर्द तथा जोड़ों के क्षतिग्रस्त होने से बच सकते हैं। सेब जोड़ों में कोलाजन बनाने में मदद करता है जो कि घुटने को झटके लगने से बचाता है। जिससे घुटने खराब नहीं होते।

4. **ब्रोकली :** यह शरीर से फ्री रैडिकल्स को बाहर निकालती है जिसकी वजह से जोड़ क्षतिग्रस्त नहीं होते। इनमें काफी मात्रा में कैल्शियम होता है जिससे जोड़ों में मजबूती आती है।

5. **काली बींस :** यह मैग्नीज और अन्य तत्व से भरा हुआ होता है, जो जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। इसमें एंथोकायनिन्स होता है जो कि एक एंटीऑक्सीडेंट होता है। यह शरीर से फ्री रैडिकल्स को बाहर निकालता है और जोड़ों को खराब होने से रोकता है।

6. **एक्सट्रा वर्जिन ऑइल :** इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है जो कि जोड़ों के दर्द को दूर करता है। इसी की तरह से आप अखरोट का तेल भी प्रयोग कर सकते हैं।

7. **अदरक :** इसमें एक तत्व पाया जाता है जो तुरंत ही दर्द और सूजन को दूर करता है। आप चाहें तो इसकी चाय या फिर इसे भोजन में डाल कर पका सकते हैं।

8. **ग्रीन टी :** यह जोड़ों के कार्टलेजि को क्षतिग्रस्त होने से रोकती है। ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट होता है जिससे फ्री रैडिकल्स हड्डियों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। रोजाना एक कप ग्रीन टी आपको जोड़ों के दर्द से बचा सकती है।

# कैंसर, एचआईवी का पता लगाने की 10,000 गुना प्रभावी तकनीक

**लॉस एंजिल्स।** एचआईवी और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाने के लिए एक नई और बहुत संवेदनशील जांच तकनीक का विकास किया गया है जो मौजूदा नैदानिक उपकरणों की तुलना में 10,000 गुना अधिक प्रभावी तरीके से बीमारी का पता लगाने में सक्षम है। शरीर में जब कैंसर और एचआईवी जैसे रोगों का विकास होने लगता है तो प्रतिरक्षा पण्राली एंटीबॉडी पैदा करने लगती हैं। रक्त में इन एंटीबॉडी और बॉयोमार्कर की मौजूदगी के आधार पर वैज्ञानिक यह अनुमान लगाते हैं कि रोग है या नहीं। नई तकनीक में एक अणु का विकास करके उसे बायोमार्कर से जोड़ा जाता है जिसमें एक चिह्न भी लगा दिया जाता है।विशेष रासायनिक प्रतिक्रिया की एक श्रृंखला के जरिये अनुसंधानकर्ता उस चिह्न और उससे जुड़े बायोमार्कर को अलग कर सकेंगे। ऐसा रोग के परोक्ष मापन के लिए किया जा सकेगा। अमेरिका के स्टेनफोर्ड विविद्यालय में रसायन शास्त्र की प्रोफेसर कैरोलिन बतरेज्जी की प्रयोगशाला में इस नई तकनीक का विकास किया गया है। इस अध्ययन का प्रकाशन एसीएस सेंट्रल साइंस जर्नल में हुआ है।



# मोटापा बच्चों की हड्डियों को कमजोर करता है

**वॉशिंगटन।** बच्चों में वसा वाली चीजों के प्रति काफी लगाव होता है जैसे चॉकलेट, केक, पीजा, बर्गर, पटेटो चीप्स आदि। इनमें वसा वाली और फैट करने वाली चीजें काफी मात्रा में पाई जाती हैं। इससे बच्चों में मोटापा काफी तेजी से बढ़ता है। जबकि मोटापा बच्चों की मांसपेशियों के साथ ही हड्डियों को भी कमजोर करता है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है।अमेरिका की 'जार्जिया यूनिर्वसटि' के शोधार्थी और इस अध्ययन के मुख्य लेखक किंडलर बताते हैं, 'मोटे बच्चों में मांसपेशियों का विकास अधिक होता है इसलिए हमारी धारणा है कि इन बच्चों की हड्डियां लंबी, मजबूत और बड़ी होनी चाहिए।' शोधकर्ताओं ने अध्ययन के दौरान देखा कि मांसपेशी कैसे बच्चों की हड्डियों की ज्यामिति और ताकत की विभिन्न विशेषताओं को प्रभावित करती हैं। पहले हुए शोध अध्ययनों का आकलन करते हुए वैज्ञानिकों ने पाया कि बचपन से लेकर किशोरावस्था तक मांसपेशियों का हड्डियों के विकास में अहम योगदान होता है। हालांकि मोटापे से ग्रस्त बच्चों में यह संबंध अलग पाया गया है। अध्ययन के अनुसार, मोटापे से जुड़ा हुआ अतिरिक्त वसा मांसपेशियों में जमा हो जाती है और यही वसा बच्चों की हड्डियों की कम वृद्धि के लिए जिम्मेदार होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसे में इन स्थितियों से निपटने के लिए बच्चों को उचित आहार और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से एक स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करना चाहिए। (एजेंसी) दमोटापे से जुड़ी हुआ अतिरिक्त वसा मांसपेशियों में जमा हो जाती है और यही वसा बच्चों की हड्डियों की कम वृद्धि के लिए जिम्मेदार होती है

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

## लॉफिंग ज़ोन

पहला दोस्त (दूसरे दोस्त से)- क्या तुम कोई ऐसा शब्द बता सकते हो, जिसमें 1000 से भी ज्यादा लेटर हो?

दूसरे दोस्त (पहले दोस्त से)- अरे इसका जवाब तो बिल्कुल आसान है 'पोस्ट ऑफिस'.

☺ ☺ ☺

दो पागल आपस में बात कर रहे थे. एक ने हवा में मुट्ठी लहराते हुए कहा- क्या तुम बता सकते हो कि इसमे क्या है?

पहले ने कहा- शायद ताजमहल.

दूसरे ने मुस्कराकर कहा- ओह! मुट्ठी बंद करने के बाद भी तुमने देखा ही लिया.

☺ ☺ ☺

चिड़ियाघर में हाथी के बाड़े के बाहर दो पहरेदार जोर-जोर से रो रहे थे. एक व्यक्ति ने उनसे रोने का कारण पूछा तो एक ने कहा- हाथी मर गया है.

व्यक्ति - ओह, लगता है आप दोनों हाथी को बहुत चाहते थे.


तभी दूसरे ने झट से कहा- ऐसी कोई बात नहीं है. हम तो इसलिए रो रहे हैं, क्योंकि हाथी की कब्र खोदने का काम हमें दिया गया है.

☺ ☺ ☺

दो दोस्तों में किसी बात पर तू-तू-मै-मै हो गई. पहला ने दूसरे से कहा-'मै बेइज्जती कराने यहां नहीं आया हूं.'


दूसरे ने कहा- 'तो आमतौर पर आप कहां जाते है?'

## काकुरो पहेली - 4097




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 4096 हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4097



**बायें से दायें:-**

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बु, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बारिश' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबूल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरूद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 4096



## सूडोकु -4097


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -'4096 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## शब्द पहेली -4097



**बाएँ से दाएँ**

1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -4096 हल



## न्यूज़ फ्लैश

### सरकार ने तुरंत अपराधियों को नहीं पकड़ा तो व्यापार मंडल हरियाणा बंद का आह्वान करेगा- बजरंग गर्ग

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

हिसार में अपराधियों द्वारा तीन व्यापारियों से करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने के विरोध में आज हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग के नेतृत्व में एशिया की सबसे बड़ी मार्केट ऑटो मार्केट ऐतिहासिक रूप से बंद रही। ऑटो मार्केट बन्द के समर्थन में नई अनाज मंडी, खगानची बाजार व स्वर्ग कार संघ पूरी तरह से बंद रही और बन्द के दौरान व्यापारियों ने सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑटो मार्केट में तीन व्यापारियों से करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने से प्रदेश के व्यापारी व आम जनता में बड़ा भारी रोष है। अपराधियों द्वारा महिंद्रा शोरूम पर लगभग 30 राउंड फायरिंग करके 5 करोड़ रुपए की, भीम ऑटो मोबाइल पर 2 करोड रुपए की, गोयल कार असैसरिज पर 2 करोड रुपए की तीन दिन लगातार फिरौती मांगने से यह सिद्ध हो जाता है कि हरियाणा में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। हरियाणा में अपराध करने के मामले में अपराधी चुस्त है और सरकार पूरी तरह से सुस्त है और अपराधी खुलेआम पटाखे की तरह फायरिंग करके भाग जाते हैं और पुलिस प्रशासन आंख मूंद कर तमाशा देखती रहती है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में गुंडागर्दी रोकने के लिए पहले की तरह सरकार को अपराधियों को पक्का चीरा लगाने की जरूरत है ताकि कोई भी अपराधी हरियाणा में लूटपाट, फिरौती, हत्या की वारदात करने की हिम्मत ना कर सके। बजरंग गर्ग ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने तुरंत अपराधियों को पकड़ कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की तो व्यापार मंडल हिसार जिला व हरियाणा बंद का आह्वान करेगा। मुख्यमंत्री अपराध को रोकने की बजाएं दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाने में व्यस्त है। सरकार ने जनता की जान माल की सुरक्षा सिर्फ राम भरोसे छोड़ रखी है।

इस अवसर पर पीड़ित व्यापारी संजय गुप्ता, मनीष गोयल व किट्टू बंसल,ऑटो मार्केट स्पेयर पार्ट एसोसिएशन प्रधान बंटी गोयल, पूर्व प्रधान ईश्वर गोयल, ऑटो मार्केट विश्वकर्मा सभा एसोसिएशन प्रधान प्रताप मिस्त्री, कृष्ण चौधरी, रामनिवास राड़ा, वीर सिंह खालिया, राजगुरु मार्केट आर्गेनाइजेशन के प्रधान अजय सैनी, संरक्षक अक्षय मलिक, वशिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार सैनी, महासचिव सुरेंद्र सोनी, खगानची बाजार एसोसिएशन प्रधान नगर मल गुरी, व्यापार मंडल युवा शहरी प्रधान मंगल ढालिया, अनाज मंडी एसोसिएशन जिला प्रधान पवन गर्ग, मंडी प्रधान राम अवतार गोयल, वशिष्ट उप प्रधान जगदीश गोदारा, बजरंग असरावां, मंडी हॉस्पिटल प्रधान अनिल जैन, स्वर्ग कार संघ के प्रधान राम निवास सोनी, जगदीश तायल, डोगरण मोहल्ला मार्केट प्रधान प्रदीप शर्मा, महामंत्री राज कुमार वर्मा, रमेश वत्स, कृष्ण वर्मा, प्रवीण सिंगल, होलसेल पार्ट्स एसोसिएशन प्रधान अशोक शर्मा, अनूप गुप्ता, धर्मशाला संगठन के सचिव हंसराज नारंग, बलदेव ग्रोवर, जजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रवक्ता विपिन गोयल, हिसार संघर्ष समिति के प्रधान जितेंद्र श्योराण, पार्षद जगमोहन मित्तल, सेक्टर 9-11 एसोसिएशन प्रधान प्रवीण गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल, प्रेम चोपड़ा, अनूप गुप्ता, अशोक बंसल, गोपाल बंसल, अमित गोयल, गौरव गोयल, पूर्व प्रधान ऋषि देव आहूजा, हरि सिंह बेनीवाल, सुभाष कटारिया, प्रदेश सचिव निरंजन गोयल, रोशन लाल गोयल, सुरेश मय्यड़, अशोक जैन, जितेंद्र गुप्ता, मिनी बुडाकिया, बबलू कुमार, पवन गोयल, राजेंद्र सैनी, ओम प्रकाश बजाज, विजय कटारिया, रोहित थरेजा, राहुल गर्ग आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

### भाजपा सरकार की निष्क्रियता से अपराधियों के हौसले बुलंद : कुलजीत घणघस

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

हिसार लोकसभा क्षेत्र के बरवाला विधानसभा क्षेत्र का धन्यवादी दौरा एक जुलाई से शुरू किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव कुलजीत सिंह घणघस बरवाला में समर्थकों से मिलकर उनका आभार व्यक्त करेंगे। इस दौरान बरवाला क्षेत्र की समस्याओं व उनके निराकरण के लिए भी मंथन किया जाएगा। कुलजीत सिंह घणघस ने बताया कि हरियाणा में पांच लोकसभा सीट पर कांग्रेस की विजय से समर्थकों व कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। इसी उत्साह के चलते अक्टूबर में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जीत का परचम लहराकर स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलजीत सिंह घणघस ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनहित की नीतियों को लागू किया है। इसके विपरीत भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते हर वर्ग व हर तबका परेशान है।

# नगर निगम: क्यूआर कोड में दर्ज रहेगी आपके घर, दुकान की हर जानकारी

## -70 वार्ड में नगर निगम हर परिसर पर चस्पा करेगा क्यूआर कोड

**जीपीएस**

**-सर्वे कर सम्पत्तियों की जीपीएस लोकेशन टैग की जाएगी**



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** नगर निगम 70 वार्ड के सभी घरेलू और कमर्शियल परिसरों पर क्यूआर कोड चस्पा करेगा। इस क्यूआर कोड में आपकी तमाम जानकारियां दर्ज रहेंगी। नगर निगम मथुरा वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत सभी 70 वार्डों, मथुरा तथा वृन्दावन के विभिन्न स्थानों पर एकत्रित होने वाले कूड़े के कलैक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन का कार्य शत प्रतिशत रूप से मै. नेचर ग्रीन टूल्स एण्ड मशीन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें संस्था द्वारा समस्त वार्डों से डोर टू डोर कूड़ा कलैक्शन कराये जाने के साथ ही नगर निगम मथुरा वृन्दावन समस्त क्षेत्रान्तर्गत डलावघरों एवं जीवीपी स्थल से निरन्तर कूड़ा उठाने जाने की कार्यवाही की जा रही है। संस्था द्वारा सभी घरों पर क्यूआर कोड लगाये जायेंगे। घरों पर लगाये गये क्यूआर कोड में भवन स्वामी का आवश्यक विवरण अंकित होगा। घरों पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करने के उपरान्त भवन स्वामी द्वारा घरों से कूड़ा उठाये जाने की शिकायत दर्ज कराने के साथ नगर निगम द्वारा दी जाने वाली समस्त सुविधाओं के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज की जा सकेगी। डलावघर, सेकेण्डरी वेस्ट कलेक्शन पर क्यूआर कोड लगाया जायेगा।

जिसमें सफाई कर्मी द्वारा डलावघर, सेकेण्ड्री वेस्ट कलैक्शन से कूड़ा उठाने से पूर्व एवं कूड़ा उठाने के बाद क्यूआर कोड स्कैन करने पर डलावघर की स्थिति डेशबोर्ड पर प्रदर्शित होगी।

**नगर आयुक्त श**शांक चौधरी द्वारा बताया गया कि डैशबोर्ड के माध्यम से डैशबोर्ड की लिंक पृथक से सभी अधिकारियों को उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे अधिकारियों से सम्बन्धित कार्य क्षेत्र के अनुसार डोर टू डोर कूडा कलेक्शन परियोजना का प्रभावी रूप से अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जा सकेगा।

## बारिश से किसानों के चेहरे खिले



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बुधवार से हल्की बूंदाबांदी से शुरू हुई बारिश गुरुवार रात को झमाझम बरसात में बदली तो किसानों के चेहरे खिल उठे। पिछले दो माह से सूखे पड़े खेतों में बुवाई का काम शुरू होने की संभावना बन गई है। किसानों ने जुताई और बुवाई की तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को पूरे दिन रुक रुक कर और रात में पड़ी बारिश ने किसानों के चेहरे खिला दिए। खेत पानी से लबालब भर गए हैं। ज्वार, बाजरा की बुवाई तथा धान की रोपाई का काम शुरू होने की संभावना बन गई है। किसान उदयवीर सिंह ने बताया कि बारिश से किसानों के लिए लाभ की संभावना बन रही है। किसान बारिश का काफी समय से इंतजार कर रहा था। समय पर आई बारिश खेतों में बुवाई का काम शुरू करा देगी।

किसान कप्तान सिंह ने बताया कि बारिश से धान के किसानों को काफी लाभ होगा। धान की पौध की रोपाई शुरू हो जाएगी। खाली पड़े खेतों में जुताई का कार्य भी शुरू हो जाएगा।

## बाइक सवार को बचाने के प्रयास में टैंकर डिवाइडर पर चढ़ा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



गाजियाबाद से वृंदावन इलेक्ट्रिक सामान लेकर आ रहा लोडर ट्रक बाइक को बचाने के चक्कर में डिवाइडर में जा घुसा। जिससे डिवाइडर पर लगा विद्युत पोल धराशाई हो गया। गनीमत यह रही की दुर्घटना के दौरान किसी प्रकार की जनहानि घटित नहीं हुई।जानकारी के अनुसार टैंकर गाजियाबाद से गोयल इलेक्ट्रॉनिक का सामान लेकर वृंदावन आ रहा था। सुबह करीब पांच बजे जैसे ही वह मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित वृंदावन गार्डन के समीप पहुंचा तभी बाइक बचाने के चक्कर में वह डिवाइडर से टकरा गया। जिससे डिवाइडर पर लगा विद्युत पोल धरासाई हो गया। गनीमत यह रही की किसी प्रकार की जनहानि घटित नहीं हुई। इस संबंध जानकारी देते हुए परिचालक जितेंद्र ने बताया कि वह बाइक सवार लोगो को बचाने के चक्कर में यह हादसा घटित हुआ है।

वह गाजियाबाद से इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर वृंदावन आ रहे थे। वही सूचना पर पहुंची नगर निगम की टीम ने पुलिस को इत्तला कर धरासाई हुए विद्युत पोल हटा वा दिया। पुलिस ने टैंकर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## बारिश में गिरा मकान का छज्जा

**मथुरा**

वृंदावन में गुरुवार की देर रात्रि हुई तेज बारिश के चलते मदन मोहन घेरा क्षेत्र में एक मकान का छज्जा भरभरा गिर गया। गनीमत यह रही की हादसे के दौरान आसपास के सभी लोग घरों के अंदर थे। जिसके चलते एक बड़ी घटना होने से टल गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए समीप में रहने वाले ईश्वर चंद रावत ने बताया कि उनके पड़ोस में रमेश जादौन का मकान है। जिसमे एक परिवार किराए पर रहता है।शुक्रवार को जब वह अपने घर के अंदर थे। तभी बाहर से तेज आवाज के साथ कुछ गिरने की आवाज सुनाई दी।जब उन्होंने बाहर आकर देखा तो मकान छज्जा गिरा हुआ था। उन्होंने बताया की घटना के दौरान किराए पर रहने वाला परिवार भी कही गया हुआ था। साथ ही आसपास पड़ोस ले लोग भी घरों के अंदर थे।

## बिहार के छह लोगों को अवैध हथियारों के साथ दबोचा

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा**



थाना मांट पुलिस द्वारा छह अभियुक्तों को दो रिवाल्वर, एक पिस्टल व कारतूस एवं एक स्कार्पियो गाडी, फर्जी लाइसेंस, आईडी व छह मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया। यमुना एक्सप्रेस वे पर चेकिंग के दौरान सोनू कुमार पुत्र स्व. सुदर्शन निवासी ग्राम दामोदरपुर थाना बहोरनपुर जिला आरा भोजपुर बिहार, राजकुमार पुत्र रमेश राय निवासी ग्राम बारा थाना बिहिया जिला आरा भोजपुर बिहार, पवन कुमार पुत्र त्रिलोकी नाथ निवासी ग्राम टीकापुर बहोरनपुर थाना बहोरनपुर जिला आरा भोजपुर बिहार, राजदेव पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम बहोरनपुर थाना बहोरनपुर जिला आरा भोजपुर बिहार, रोशन पुत्र शुबंस निवासी ग्राम बारा थाना बिहिया जिला आरा भोजपुर बिहार तथा अजीत पुत्र संजय निवासी ग्राम बारा थाना बिहिया जिला आरा भोजपुर बिहार को जावरा अण्डरपास के ऊपर से गिरफ्तार किया गया। ये सभी लोग रंग सफेद स्कार्पियो गाडी में सवार थे।

आरोपित फर्जी आईडी व लाइसेंस बनाकर शस्त्रों की खरीद करते है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीत वर्मा थाना मांट, एसआई शरद कुमार त्यागी थाना मांट, एसआई भूपेन्द्र सिंह थाना मांट तथा एसआई यूटी कपिल कुमार थाना मांट आदि थे।

## बिगड़ती कानून-व्यवस्था भाजपा सरकार की लचर कार्यप्रणाली का नतीजा : दलबीर

**जिम्मेवार**

**-काम करने वालों को जेल में डाल रही और अपराधियों को खुला छोड़ रही भाजपा सरकार-**




**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने दिन-प्रतिदिन बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए इसके लिए भाजपा सरकार की लचर कार्यप्रणाली को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोधियों पर ईडी, सीबीआई व अन्य एजेंसियों की कार्रवाई करने वाली भाजपा सरकार नागरिकों की जानमाल की सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।

जिले, खासकर हिसार शहर में तीन दिनों में तीन व्यापारियों से रंगदारी मांगे जाने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा कि यह सब सरकार की लचर कार्यप्रणाली का नतीजा है। विधानसभा के चुनाव अभी दूर है लेकिन सरकार ने विधानसभा चुनाव लड़ना शुरू कर दिया है। इसके तहत आए दिन मुख्यमंत्री, मंत्री व विधायक नित नई घोषणाएं करने में मशगूल है। घोषणाएं ऐसी की जा रही है, जिनमें टाइम लगना है लेकिन जो काम दस साल तक भाजपा को याद नहीं आए, उनके लिए अब भाजपा उछलकूद मचा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं पुलिस प्रशासन को चाहिए कि अपराध पर कड़ाई से रोक लगाए और रंगदारी मांगने वाले अपराधियों को शीघ्र पकड़कर सलाखों के पीछे डाला जाए ताकि व्यापारी, दुकानदार व आम नागरिक राहत की सांस ले सके। दलबीर किरमारा ने कहा कि लगभग 10 साल के शासनकाल में केन्द्र की भाजपा सरकार का ध्यान राजनीतिक विरोधियों को किसी न किसी तरह जेलों में डालने पर रहा। यही कारण है कि दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन व शिक्षा व्यवस्था सुधारने वाला मुख्यमंत्री तो भाजपा सरकार ने जेल में डाल रखा है और अपराधी खुले घूम रहे हैं। इसी तरह हरियाणा में मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर ने जनता की आवाज नहीं सुनी, जनभावनाओं को जमकर दरकिनार किया, किसान, मजदूर, व्यापारी व कर्मचारी सहित हर वर्ग के विरोध में काम किया। भाजपा हाईकमान ने हरियाणा में पार्टी की भद्द पिटती देखकर मनोहर लाल की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री मनाया ताकि जनता का रोष कम हो सके और उसी दिन से नायब सिंह सैनी हर रोज नई घोषणाएं करके मनोहर लाल द्वारा खोदे गए खड्डों को भरने के प्रयास में लगे हैं लेकिन अब जनता भाजपा पर भरोसा नहीं करेगी।

## - ओशो ध्यान उपवन में 30 जून को प्रेम व ध्यान पर आधारित होगा सत्र



**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

ओशो ध्यान उपवन में 30 जून को ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक चलने वाले इस सत्र में प्रेम व ध्यान का महत्व समझाया जाएगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि प्रेमपूर्वक व्यवहार करने के बारे में साधकों से विचार साझा किए जाएंगे। इसके साथ-साथ भीतर डूबते हुए होश रखने के बारे में भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सतगुरु ओशो ने भी प्रेम व ध्यान पर विस्तार से व्याख्यान दिए हैं। उनके संचित प्रवचन सुनकर प्रेम व ध्यान को सरलता से समझा जा सकता है। स्वामी संजय ने बताया कि ध्यान सत्र के दौरान साधकों को संत ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी अवसर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र के दौरान संगीत की सुर लहरियों पर झूमते हुए अलग अनुभूति का एहसास भी करवाया जाएगा। इसके साथ-साथ ध्यान की सरल विधियों से भी अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि साधकों को ध्यान का अभ्यास करवाते हुए उसे दिनचर्या में ढालने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्वामी संजय ने बताया कि संत ओशो ने कहा है कि प्रेम कभी अधिकार नहीं जमाता और प्रेम को मुटठी में बांधा नहीं जा सकता है।

## सीडीओ ने अस्पतालों के फायर ऑडिट के दिये निर्देश

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने निर्देश दिए कि सभी कंपनी अपनी अपनी बैलेंस शीट ऑडिट कराए तथा अगली बैठक में सीएसआर फंड का सम्पूर्ण ब्यौरा प्रस्तुत करे। सीएसआर फंड का उपयोग स्कूलों में फर्नीचर तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर संसाधन किट व इक्विपमेंट्स के लिए किया जाए। चीफ फायर ऑफिसर को निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय, संयुक्त चिकित्सालय तथा महिला चिकित्सालय का फायर ऑडिट कराए। आर.ओ. पीसीबी समस्त एसटीपी प्लांटो का नियमित निरीक्षण करें। इसी क्रम में जिला श्रम बंधु की बैठक संपन्न हुई जिसमे जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त कंस्ट्रक्शन, जल जीवन मिशन व भट्टा मजदूरों का पंजीकरण कराएं।

## मौसम की पहली बरसात में नगर निगम पास

**मानसून**

**जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं महानगर में जलभराव का भी सामना नहीं करना पडा।**



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मानसून ने दस्तक दे दी हैं। मौसम की पहली बरसात में नगर निगम पास हो गया।

महानगर में कहीं भी जलभराव की गंभीर स्थिति नहीं बनी। रेलवे पुलों के नीचे जरूर कुछ देर के लिए पानी भरा रहा। यहां भी पानी की जल्द निकासी से लोगों को राहत मिली।

मानसून की दस्तक से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं महानगर में जलभराव का भी सामना नहीं करना पडा। बरसात को लेकर मौसम विभाग के पूवार्नुमान के बाद नगर निगम ने जलभराव से निपटने के लिए 72 घंटे का विशेष अभियान चलाया था। इसके लिए जिससे कि जलभराव की किसी भी संभावना को निरस्त किया जा सके। वर्षा ऋतु में नगर में जलभराव न हो इसके लिये नगर निगम मथुरा वृन्दावन के अंतर्गत नालों की सेक्टर वाइज सफाई के लिए 11 प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जिनके द्वारा शिफ्ट वाइज निरन्तर 72 घंटे नाला सफाई का कार्य कराया गया। सफाई अभियान की निरन्तर मॉनिटरिंग अपर नगर आयुक्त एवं नामित प्रभारी अधिकारियों के द्वारा स्थल पर उपस्थित रहकर एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से की जा रही है। महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा नालों की हो रही सफाई के निरीक्षण के दौरान वहां के स्थानीय नागरिकों से भी अनुरोध किया गया कि वह कूड़ा सीधे नाले में ना डालकर नगर निगम द्वारा चलाई जा रही कूड़ा गाडी में ही डालें जिससे हमारा शहर साफ और स्वच्छ रहे।

## उद्योगों में जांच कर प्रदूषण मानकों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें: डीएम

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि किसी भी स्थिति में मानकों का उल्लंघन न हो। डीएम ने उद्योगों में जांच कर प्रदूषण मानकों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु, जिला व्यापार बंधु, निवेश मित्र पोर्टल, जिला प्रोत्साहन समिति, जिला यूजर्स समिति तथा जिला श्रम बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। व्यापारियों एवं उद्यमियों के लिए बने निवेश मित्र पोर्टल, सिंगल विंडो पोर्टल, फूड सेफ्टी नॉर्म्स, फायर ऑडिट, विद्युत आपूर्ति, सड़को के अनुरक्षण, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइटिंग आदि के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उद्योग क्षेत्र में विद्युत की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा आवश्यकता अनुसार फीडर की व्यवस्था की जाए। जहा पर भी विद्युत की परेशानी हो या शट डाउन अधिक हो रहा हो वहा एसडीओ स्वयं जाकर जायजा ले। उद्यमियों व व्यापारियों को समय से नए प्लांट, फैक्ट्री व उद्योग हेतु विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने उद्योग क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आर.ओ पीसीबी लगातार उद्योगों में जांच कर प्रदूषण मानकों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा सुनिश्चित करे कि सभी उद्योग मानकों के अनुसार संचालित रहे और सभी का पालन करें। जिलाधिकारी के समक्ष उद्योग मंडल एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सुझाव एवं शिकायतें रखी, जिस पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उक्त शिकायतों का गुणवत्तापरक तरीके से ससमय निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्योग क्षेत्रों में साफ सफाई तथा नालों की सफाई निरंतर की जाए। सड़कों का अनुरक्षण किया जाए तथा जहां जरूरत है वहां पर मरम्मत की जाए। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्त करती रहे और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करें। फायर, प्रदूषण एवं खाद्य सुरक्षा विभाग संयुक्त रूप से उद्योग बंधुओं को अपने विभागों के नियमों से जागरूक करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, उपायुक्त उद्योग रामेन्द्र कुमार, सहायक श्रम आयुक्त एम.एल.पाल, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से गौरी शंकर सहित उद्योग मण्डल व व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गोवर्धन नगर पंचायत मेला व्यवस्थाओं में जुटी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



गोवर्धन जुलाई माह में लगने वाले मुड़िया पूर्णिमा मेला की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कर्मचारियों की बैठक कर मेला व्यवस्थाओं की समीक्षा की वही बरसती मौसम को देखते हुए जल निकासी के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। हम आपको बता दें कि पन्द्रह जुलाई से 22 जुलाई तक मुड़िया पूर्णिमा मेला का आयोजन होना है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभा देवी देवी ने अधिशाषी अधिकारी डॉ. कल्पना बाजपई की मौजदगी में नगर पंचायत सभागार में बैठक कर कर्मचारियों को मुड़िया पूर्णिमा मेला की व्यवस्थाओं में तन्मयता से जुटने का आह्वान किया। चेयरमैन ने नगर पंचायत के सफाई प्रभारी जलकल प्रभारी प्रकाश व्यवस्था प्रभारी सीवर व जल निकासी प्रभारी सहित अन्य स्टाफ के साथ बैठक कर मेला व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

चेयरमैन ने कहा की मेले के दौरान श्रद्धालुओं के स्नान के लिए मानसी गंगा के फब्बारों को ठीक प्रकार संचालित करने कस्बा के नागरिकों व श्रद्धालुओं को उचित पेयजल की व्यवस्था मिले। वहीं परिक्रमा मार्ग में लावारिश गौवंश को पकड़वा कर गौशालाओं में पहुंचाने के लिए वरिष्ठ स्टोर कीपर सुभाष तिवारी को जिम्मेवारी सौंपी।चकलेश्वर स्थित सीवर लाइन व क्षतिग्रत रास्ते को मेला से पहले दुरुस्त करवाने के लिए अधिशाषी अधिकारी द्वारा ठेकेदार को निर्देशित करने को कहा।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। ब्रेंड क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.33 फीसदी लुढ़ककर 84.97 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.32 डॉलर यानी 0.40 फीसदी फिसलकर 80.58 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रो पदार्थ की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## टाटा फिर बना देश का सबसे मूल्यवान ब्रांड; इंफोसिस नंबर दो तो एचडीएफसी समूह तीसरे नंबर पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 28.6 अरब डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ टाटा समूह एक बार फिर से भारत का सबसे मूल्यवान ब्रांड बन गया है। ब्रांड फाइनेंस ने 2024 की अपनी रिपोर्ट में देश के प्रतिष्ठित टाटा समूह को नंबर एक, सूचना तकनीक क्षेत्र की कंपनी इंफोसिस को नंबर दो और बैंकिंग व फाइनेंस क्षेत्र की एचडीएफसी समूह को तीसरे नंबर पर रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टाटा समूह की ब्रांड वैल्यू पिछले साल के मुकाबले इस बार 9 फीसदी बढ़ी है। पहली बार भारत की किसी कंपनी का ब्रांड मूल्य 30 अरब डॉलर के करीब पहुंचा है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था में लोगों की उम्मीद को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार इन्फोसिस की ब्रांड वैल्यू में भी 9 फीसदी की वृद्धि हुई है। खासबात यह है कि पूरी दुनिया में आईटी क्षेत्र में गिरावट के बावजूद इन्फोसिस ने यह उछाल दर्ज की है। उसका ब्रांड मूल्य 14.2 अरब डॉलर है। एचडीएफसी समूह को अपने बैंकिंग और फाइनेंस कंपनियों के एकीकरण का फायदा हुआ है और ब्रांड मूल्यांकन के मामले में 10.4 अरब डॉलर मूल्य के साथ यह तीसरे स्थान पर है। वैसे देश में अन्य बैंकों के ब्रांड मूल्य में भी जोरदार उछाल आया है। इस सेक्टर ने कुल मिलाकर 26 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की है और इसमें भी इंडियन बैंक, इंडसइंड बैंक व यूनियन बैंक का प्रदर्शन जोरदार रहा है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक 61 फीसदी की वृद्धि टेलीकॉम सेक्टर की कंपनियों ने दर्ज की है और 26 फीसदी के साथ बैंकिंग दूसरे जबकि खनन, लोहा व इस्पात क्षेत्र ने 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। टेलीकॉम क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों जियो, एयरटेल व वीआई ने उपभोक्ताओं के उपभोग पैटर्न को ध्यान में रखकर अपने ग्रोथ को गति दी है। इसी प्रकार बैंकिंग क्षेत्र में नियामकीय सुधार ने ब्रांड वैल्यू बढ़ाने में मदद की है।

## 'वित्तीय प्रणाली में संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें', आरबीआई की रिपोर्ट में गवर्नर का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय प्रणाली के सभी हितधारकों से कहा कि वे संचालन व्यवस्था को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' दें। केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही ह दास ने कहा कि आरबीआई के दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि गंभीर दबाव की स्थिति में भी बैंकों और गैर-बैंकिंग संस्थाओं के 'बफर' न्यूनतम विनियामक पूंजी स्तर से ऊपर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आरबीआई साइबर खतरों, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले खतरों के प्रति सतर्क है। दास ने सभी पक्षों से संचालन व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने कहा, ''संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, क्योंकि कामकाज की मजबूत व्यवस्था वित्तीय प्रणाली में हितधारकों की मजबूती का मूल है।''

## संजय भसीन के खिलाफ SEBI की जांच, आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने जारी किया स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कहा कि संजीव भसीन अनुबंध के आधार पर सलाहकार के रूप में ब्रोकरेज कंपनी से जुड़े थे। शेयरों के भाव में कथित हेराफेरी में भूमिका को लेकर बाजार नियामक सेबी की भसीन के खिलाफ जांच की खबरों के बीच ब्रोकरेज कंपनी ने यह बात कही है। भसीन विभिन्न बिजनेस समाचार चैनल और डिजिटल मीडिया मंचों पर एक चर्चित नाम है। वह शेयर कारोबार के बारे में चर्चा करते हैं। ब्रोकरेज कंपनी ने बयान में कहा, ''भसीन आईआईएफएल सिक्योरिटीज के साथ अनुबंध के आधार पर सलाहकार के रूप में जुड़े थे।'' उनका कार्यकाल 30 जून, 2024 को समाप्त होना था। हालांकि, स्वास्थ्य कारणों से, उनका अनुबंध 17 जून, 2024 को समय से पहले समाप्त कर दिया गया है। बयान के अनुसार ''भसीन ने हमें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूछताछ के बारे में सूचित किया, लेकिन इसका ब्योरा हमें नहीं दिया गया। इसीलिए, हम इस बारे में टिप्पणी नहीं कर पाएंगे। यह ध्यान रखा जाए कि वह आईआईएफएल सिक्योरिटीज लि. या समूह की किसी अन्य कंपनी अथवा संबंधित इकाइयों के निदेशक मंडल में शामिल नहीं थे।'' मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेबी शेयर बाजार में गड़बड़ी को लेकर भसीन की कथित भूमिका की जांच कर रहा है।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने स्वास्थ और शिक्षा क्षेत्र के साथ की बजट पूर्व चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में आगामी आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित आम बजट 2024-25 के लिए नौवें बजट पूर्व परामर्श बैठक में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ चर्चा की। इन दोनों क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने वित्त मंत्री को अपने सुझाव दिए और विचार रखे।




बजट पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, राजस्व विभाग के सचिव के साथ उच्च शिक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम चुनाव से पहले चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था।

चुनाव के बाद एनडीए सरकार में उन्हें फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अब पूर्ण बजट पेश करने के पहले उसकी तैयारी शुरू कर दी है।

## सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख, सोना और चांदी सस्ते हुए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर बाजारों में सोना और चांदी के भाव में आज गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण 24 कैरेट आज 72,650 रुपये से लेकर 71,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,590 रुपये से लेकर 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,040 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 71,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 65,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

# एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स के आईपीओ को मिला 23.49 गुना अभिदान

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन 23.49 गुना अभिदान मिला है। ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एबीडी के शेयर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के मुताबिक 1,500 करोड़ रुपये की शुरुआती शेयर बिक्री में 3,93,71,669 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 92,49,01,092 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुई है।

कंपनी को पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को 50.37 गुना अभिदान मिला है, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 32.35 गुना अभिदान मिला। वहीं, खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के हिस्से को 4.42 गुना अभिदान मिला है।




ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एबीडी के आईपीओ में एक हजार करोड़ रुपये के नए शेयर और 500 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने सार्वजनिक निर्गम से पहले एंकर निवेशकों से 449 करोड़ रुपये जुटाए थे। गौरतलब है कि एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड को एबीडी के तौर पर जाना जाता है। मुंबई स्थित भारतीय निर्मित विदेशी शराब कंपनी के पोर्टफोलिया में व्हिस्की, ब्रांडी, रम और वोदका के 16 ब्रांडों के प्रोडक्ट शामिल हैं। इनमें ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की, स्टर्लिंग रिजर्व और ऑफिसर्स चॉइस ब्लू सहित अन्य प्रमुख ब्रांड शामिल हैं, जिसका दुनियाभर के 22 देशों में निर्यात होता है।

# जियो ने मोबाइल सेवाओं का टैरिफ बढ़ाया, तीन जुलाई से लागू होंगी नई दरें

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी दूरसंचार प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ने मोबाइल सेवाओं की टैरिफ दरों में इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी अपने मोबाइल सेवाओं की दरों में 12 से 27 फीसदी की वृद्धि करेगी, नई दरें 3 जुलाई से लागू होंगी। इन्हें सभी मौजूदा टचपॉइंट और चैनल से चुना जा सकता है।

जियो ने जारी बयान में कहा कि कंपनी ने लगभग सभी योजनाओं में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ा दी हैं। कंपनी के मुताबिक सबसे कम रिचार्ज की कीमत बढ़ाकर 19 रुपये की गई है। यह एक जीबी डाटा 'ऐड-ऑन-पैक' पैक है, जिसकी कीमत 15 रुपये से लगभग 27 फीसदी अधिक है। जियो लगभग ढाई साल के अंतराल के बाद मोबाइल सेवा दरों में पहली बार बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि 75 जीबी पोस्टपेड डेटा प्लान की कीमत अब 399 रुपये से बढ़कर 449 रुपये हो जाएगी। वहीं, जियो ने




84 दिन की वैधता वाले लोकप्रिय 666 रुपये वाले अनलिमिटेड प्लान की कीमत भी लगभग 20 फीसदी बढ़ाकर 799 रुपये कर दी हैं। इसके अलावा वार्षिक रिचार्ज प्लान की कीमतें भी 20-21 फीसदी बढ़कर 1,559 रुपये से 1,899 रुपये और 2,999 रुपये से 3,599 रुपये हो जाएंगी। कंपनी के मुताबिक अब सभी दो जीबी प्रतिदिन और उससे अधिक प्लान पर अनलिमिटेड 5जी डेटा उपलब्ध होगा। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम. अंबानी ने जारी एक बयान में कहा कि नई योजनाओं की शुरुआत उद्योग नवोन्मेषण को आगे बढ़ाने के साथ 5जी और एआई प्रौद्योगिकी में निवेश के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल वृद्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।

# महाराष्ट्र का आर्थिक सर्वेक्षण पेश, अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना

**मुंबइ।** बजट से पूर्व महाराष्ट्र के आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्त वर्ष की अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना जताई गई है, जो देश की अनुमानित वृद्धि 7.6 प्रतिशत के समान है। इसी तरह कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र में 1.9 प्रतिशत और उद्योग क्षेत्र में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि सेवा क्षेत्र में 8.8 प्रतिशत का विस्तार दर्ज होने की संभावना है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार वित्त विभाग भी संभालते हैं। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा मानसून सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पेश किया। राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था पिछले वर्ष के 6.8 प्रतिशत की तुलना में 7.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। 2023-24 के लिए मौजूदा कीमतों पर राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी)



40,44,251 करोड़ रुपये और वास्तविक 24,10,898 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। अखिल भारतीय जीडीपी में राज्य का औसत हिस्सा सबसे अधिक 13.9 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 के लिए प्रति व्यक्ति राज्य आय 2,52,389 रुपये थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 2,19,573 रुपये थी। जीएसडीपी में राजकोषीय घाटा 2.8 प्रतिशत है, जीएसडीपी में राजस्व घाटा 0.5 प्रतिशत है और जीएसडीपी में ऋण स्टॉक 17.6 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष में वार्षिक योजनाओं के लिए कुल अनुमानित व्यय 2,31,651 करोड़ रुपये है, जिसमें से 20,188 करोड़ रुपये जिला वार्षिक योजनाओं के लिए हैं। 2023-24 के लिए राजस्व प्राप्तियां 4,86,116 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 4,05,678 करोड़ रुपये थी।

सर्वेक्षण के अनुसार दी गई अवधि में महाराष्ट्र का राजस्व व्यय 5,05,647 करोड़ रुपये है, जबकि पिछले वर्ष यह 4,07,614 करोड़ रुपये था। 2023-24 के लिए राज्य के प्राथमिकता वाले क्षेत्र के लिए वार्षिक ऋण योजना का आकार 6.51 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र की हिस्सेदारी 25.9 प्रतिशत और सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम और खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र की हिस्सेदारी 55.6 प्रतिशत है।

मध्य प्रदेश के बाद जैविक कृषि उत्पादन (27 प्रतिशत) में महाराष्ट्र भारत में दूसरे स्थान पर है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, देश में एफडीआई प्रवाह के मामले में महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा है। 2022-23 के दौरान, राज्य से निर्यात ने देश के कुल निर्यात का 16 प्रतिशत योगदान दिया।

## इंडिया सीमेंट्स की 23 फीसदी हिस्सेदारी 1,885 करोड़ रुपये में खरीदेगी अल्ट्राटेक




एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट्स में 23 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। चेन्नई स्थित इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के 7.06 करोड़ स्टॉक्स को 267 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से अल्ट्राटेक खरीदेगी। इस सौदे की कुल कीमत करीब 1,885 करोड़ रुपये हो सकती है। अल्ट्राटेक सीमेंट्स ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। आज बाजार में कारोबार के दौरान इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 11.43 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। ये 292.63 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। पिछले 5 दिन में इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 26.52 फीसदी और एक महीने में 37.06 फीसदी की तेजी देखने को मिली है।

# मोबाइल पर बात करना महंगा होगा, टैरिफ दरें बढ़ाने की तैयारी में टेलीकॉम कंपनियां

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिसंबर 2021 के बाद एक बार फिर देश में टेलीकॉम कंपनियों ने हेडलाइन टैरिफ में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। विभिन्न टेलीकॉम कंपनियां जुलाई के महीने में ही टैरिफ में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं। ऐसा होने से मोबाइल फोन पर बात करना और महंगा हो जाएगा।

माना जा रहा है कि स्पेक्ट्रम की नीलामी खत्म होने के बाद टेलीकॉम कंपनियों ने टैरिफ दरों में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। इसके पहले दिसंबर, 2021 में टेलीकॉम कंपनियों ने हेडलाइन टैरिफ दरों में बढ़ोतरी की थी। इसके बाद से अभी तक हेडलाइन टैरिफ में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, बेस पैक प्लान में टेलीकॉम कंपनियां अपने हिसाब से बढ़ोतरी करती रही हैं।

जानकारों के मुताबिक जुलाई के पहले हफ्ते में ही टेलीकॉम कंपनियां हेडलाइन टैरिफ में 15 से 20 प्रतिशत तक का इजाफा कर सकती हैं। ये इजाफा प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों में किया जा सकता है।




टेलीकॉम कंपनियों ने स्पेक्ट्रम की नीलामी में 11,340 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, ऐसे में कंपनियों के सामने अपने 5जी प्लान को मोनेटाइज करना जरूरी हो गया है।

मोबाइल टैरिफ में बढ़ोतरी होने की संभावना के कारण ही आज स्टॉक मार्केट में भी टेलीकॉम कंपनियों की चाल में तेजी नजर आई। भारती एयरटेल का शेयर आज 16.30 रुपये यानी 1.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,475.80 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का शेयर 2.77 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18.52 रुपये के स्तर पर बंद होने में सफल रहा।

# वित्तीय प्रणाली मजबूत, बैंकों का कुल एनपीए 2.8 फीसदी पर आया : आरबीआई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है, क्योंकि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) का अनुपात मार्च के अंत में कई साल के निचले स्तर 2.8 फीसदी पर आ गया है।रिजर्व बैंक ने जून, 2024 की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात कई साल के निचले स्तर 2.8 फीसदी पर आ गया है, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) अनुपात मार्च के अंत में 0.6 फीसदी रहा। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली मजबूत एवं जुझारू बनी हुई है।रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय



प्रणाली के सभी हितधारकों से संचालन व्यवस्था को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' देने के लिए कहा है। केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में शक्तिकांत दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है।

## एयर इंडिया के दो ए-350 विमान एक सितंबर से दिल्ली-लंदन मार्ग पर भरेंगे उड़ान

एजेंसी

**मुंबई।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया दिल्ली-लंदन मार्ग पर एक सितंबर से ए-350 विमान का उपयोग करेगा। इस मार्ग पर प्रतिदिन दो उड़ानों में ए-350-900 विमान को शामिल किया जायेगा।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि एयर इंडिया आपके उड़ान अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। एक सितंबर से ए-350 विमान दिल्ली-लंदन (हीथ्रो) मार्ग पर पहली बार उड़ान भरेगा। ये उड़ानें हफ्ते में 14 बार होंगी। इसमें अपग्रेडेड केबिन और अपडेटेड सुविधाओं के साथ एयर इंडिया का नया अनुभव होगा। इस विमान में बिल्कुल नया प्रीमियम इकोनॉमी क्लास और बिजनेस क्लास भी होगा। एयर इंडिया के मुताबिक 17 में से 14 साप्ताहिक उड़ानों में इस समय बोइंग 777-300 ईआर और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन अब इन उड़ानों में ए-350-900 विमान जगह लेगा। इससे दिल्ली-लंदन हीथ्रों मार्ग पर हर हफ्ते अतिरिक्त 336 सीट उपलब्ध होंगी। एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने जारी एक बयान में कहा कि आंतरिक साज सज्जा से युक्त केबिन वाले हमारे प्रमुख ए-350 और बी777 विमानों का लंदन हीथ्रो तक संचालन एयर इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। एयर इंडिया एयरलाइन लंदन हीथ्रो के लिए दिल्ली से 17 और मुंबई से 14 समेत कुल 31 साप्ताहिक उड़ानों का संचालन करती है। इसके साथ ही यह अहमदाबाद, अमृतसर, बेंगलुरु, गोवा और कोच्चि से लंदन गैटविक के लिए भी अपने उड़ानें संचालित करती है। इस मार्ग पर 17 साप्ताहिक उड़ान संचालित होती हैं। इसके अलावा एयरलाइन दिल्ली और अमृतसर से बर्मिंघम के लिए छह साप्ताहिक उड़ानें भी संचालित करती है।

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा शेयर बाजार, सेंसेक्स 79 हजार और निफ्टी 24 हजार के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ मजबूती का सिलसिला आज लगातार तीसरे दिन जारी रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक आज रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले और रिकॉर्ड ऊंचाई पर ही बंद होने में सफल रहे। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स पहली बार 79 हजार अंक के स्तर को और निफ्टी 24 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.72 प्रतिशत और निफ्टी 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।आज के कारोबार के दौरान आईटी और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, हेल्थ केयर, मेटल, ऑयल एंड गैस, टेक और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर रियल्टी, पीएसयू बैंक, इंडस्ट्रियल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.17। प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 438.83 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 437.02 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.81 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,008 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,529 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,366 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 113 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,320 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 751 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,569 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 84.42 अंक की मजबूती के साथ 78,758.67 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत में कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना, जिसकी वजह से ये सूचकांक 206.91 अंक टूट कर 78,467.34 अंक तक गिर गया।

## बंगलादेश के सांसद अनार की हत्या के सभी सात आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश की सत्तारूढ़ अवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या में शामिल सभी सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने हवाले से यह जानकारी दी गयी। अतिरिक्त आयुक्त, डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) हारुनोर रशीद ने कहा, हालांकि, अपराध का वास्तविक उद्देश्य अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, राशिद ने यहां मीडिया को बताया कि पिछले महीने कोलकाता में अवामी लीग के सांसद की जघन्य हत्या के मकसद को निर्णायक रूप से स्थापित करने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा,जैसे ही हमें सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की खबर मिली, हमने मास्टरमाइंड शिमुल भुइयां को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, हमने तनवीर और सिलिस्टी रहमान को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने अदालत में धारा 164 के तहत बयान दिया है।

## जापान के होन्शू के पूर्वी तट भूकंप के हल्के झटके

**टोक्यो ।** जापान के होन्शू के पूर्वी तट पर शुक्रवार को तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार तड़के 01:46 बजे महसूस किये गये भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 10.0 किलोमीटर की गहराई में 37.55 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142.22 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

## अफगानिस्तान में बाढ़ से सात लोगों की मौत

**बामियान।** अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में भारी बारिश और अचानक आयी बाढ़ के कारण सात लोगों की मौत हो गयी और 10 लोग लापता हो गये। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता अब्दुल सबौर सिघानी ने रात यह



जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार देर रात बामियान प्रांत में याकावलांग जिले के कुछ हिस्सों में प्राकृतिक आपदा आयी। उन्होंने बताया कि पीड़ितों के शवों या जीवित बचे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ ने कई घरों और कृषि भूमि को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसी तरह, मंगलवार को उत्तरी बदख्शां प्रांत के यमगन जिले में अचानक आई बाढ़ से 40 मकान और 300 एकड़ से अधिक कृषि भूमि नष्ट हो गयी।

## माउंट फ़ूजी के आरोहण के दौरान चार पर्वतारोहियों की मौत

एजेंसी

**टोक्यो।** जापान में माउंट फ़ूजी पर्वत के एक बड़े गड्ढे (क्रेटर) के पास तीन पर्वतारोही मृत पाये गये, जबकि एक का रास्ते में स्वास्थ्य बिगड़ गया और बाद में अस्पताल ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गयी।

**शिज़ुओका प्रान्त के पुलिस विभाग ने यह जानकारी दी**

पुलिस ने बताया कि जापान की सबसे ऊंची चोटी के शिज़ुओका प्रांत की तरफ वाले हिस्से पर मृत पाए गए तीन व्यक्ति एक-दूसरे से दूर स्थित थे, जिससे संकेत मिलता है कि वे अलग-अलग पहाड़ पर चढ़ रहे होंगे। स्थानीय पुलिस मृतकों की पहचान की पुष्टि करने और उनके मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिये जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि पेशेवर पर्वतारोही कीता कुराकामी बुधवार की सुबह उस समय बेहोश हो गए जब वह लगभग 3,000 मीटर की ऊंचाई पर पहाड़ के यामानाशी प्रान्त के हिस्से की ओर योशिदा ट्रेल पर चढ़ रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें पहाड़ के पास अचेतावस्था में पाया और अस्पताल ले गये। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि वह हृदय रोग से पीड़ित थे।

यामानाशी प्रांत से माउंट फ़ूजी पर सबसे लोकप्रिय ट्रेल योशिदा ट्रेल के लिए इस साल का आधिकारिक आरोहण का मौसम अगले सोमवार से शुरू होने वाला है, जबकि शिज़ुओका प्रीफेक्चर की ओर से तीन ट्रेल्स 10 जुलाई को खुलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा कि आरोहण के मौसम से पहले पहाड़ पर चढ़ना खतरनाक है और आधिकारिक मौसम शुरू होने तक लोगों से माउंट फ़ूजी पर न जाने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि 2013 में यूनेस्को द्वारा विश्व सांस्कृतिक विरासत स्थल नामित, माउंट फ़ूजी एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

# गूगल ट्रांसलेट में रूस में बोली जाने वाली दस से अधिक भाषाओं सहित 110 भाषाएँ हुई शामिल

एजेंसी

**मॉस्को।** अमेरिकी तकनीकी दिग्गज गूगल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल से अपनी अनुवाद सेवा 'गूगल ट्रांसलेट' में 110 नयी भाषाओं को जोड़ा है, जिनमें रूस में बोली जाने वाली 10 से अधिक भाषाएं भी शामिल हैं।

कंपनी ने एक बयान में सह जानकारी दी और कहा, हम अपने द्वारा समर्थित विभिन्न भाषाओं का विस्तार करने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। पीएएलएम दो बड़े भाषा मॉडल की बदौलत हम गूगल अनुवाद में 110 नई भाषाएं ला रहे हैं, जो हमारा अब तक का सबसे बड़ा विस्तार है।कंपनी ने कहा कि जोड़ी गई भाषाओं में यूरोप, एशिया, अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषाएँ शामिल हैं। पुर्तगाली, पंजाबी (शाहमुखी) जो पाकिस्तान में सबसे अधिक बोली जाती है और बर्बर भाषा तमाज़ाइट (अमाज़ी) सहित कई अन्य भाषाएं अब अनुवाद सेवा में प्रस्तुत की जाती हैं। भाषाओं की विस्तारित सूची में रूस में बोली जाने वाली 10 से अधिक भाषाएँ शामिल हैं, जिनमें अब्खाज़, अवार, बश्किर, बुरात, चेचन, चुवाश, क्रीमियन तातार, कोमी, मीडो-ईस्टर्न मारी, ओस्सेटिक, तुवन, उदमुर्ट और याकूत शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि कैंटोनीज़ से लेकर क्यू एक्ची तक ये नई भाषाएँ 61.4 करोड़ से अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिससे दुनिया की लगभग आठ प्रतिशत आबादी के लिए अनुवाद के अवसर खुलते हैं। दस करोड़ से अधिक वक्ताओं के साथ कुछ प्रमुख विश्व भाषाएँ हैं। बयान में कहा गया है कि इस विस्तार के साथ दुनिया की 1,000 सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं का समर्थन करने के लिए एआई मॉडल विकसित करने का एक अभियान गूगल ने लॉन्च किया है।

बयान में कहा गया है कि फिलहाल गूगल एआई क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। कंपनी नई सर्च जेनरेटिव एक्सपीरियंस पहल पर काम कर रही है, जो कंपनी के सर्च इंजन की प्रभावशीलता में सुधार के लिए एआई का उपयोग कर रही है। एक अन्य परियोजना गूगल बार्ड है जो प्रसिद्ध चैटजीपीटी का एक चैटबॉट एनालॉग है। कंपनी ने कहा कि गूगल अपने सर्च इंजन के साथ अल्फाबेट होल्डिंग कंपनी का हिस्सा है। इसमें एंड्रॉइड और यूट्यूब, वेरिली लाइफ साइंसेज, केलिको, साइडवॉक लैब्स, नेस्ट, गूगल वेंचर्स, कैपिटलजी और एक्स भी शामिल हैं।

## चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने किया दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को निष्कासित, भ्रष्टाचार का लगा आरोप

एजेंसी

**बीजिंग ।** चीन ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि इन दिनों चीन और अमेरिका के बीच ताइवान को लेकर तनाव भी बढ़ गया है। बृहस्पतिवार को दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को निष्कासित कर दिया गया। दोनों पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और पूर्ववर्ती वेई फेंगहे हैं। इन दोनों को पार्टी अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन के लिए निष्कासित किया गया है।

लगभग दो महीने तक सार्वजनिक रूप से गायब के बाद ली शांगफू को अक्तूबर 2023 में हटा दिया गया था। चीन प्रशासन के अनुसार इस मामले को सैन्य अभियोजन को भेजा गया है, जिस पर मुकदमा शुरू हो सकता ह, जिसमें उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने समीक्षा बैठक की। चीनी सरकार के अनुसार फैसला सुनाया गया कि ली अपने मूल मिशन के साथ विश्वासघात किया है, तथा अपनी पार्टी भावना और सिद्धांतों को खो दिया।

**ली पर आरोप**

चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू पर आरोप है कि उन्होंने सैन्य उपकरणों के क्षेत्र में राजनीतिक वातावरण और औद्योगिक लोकाचार को दूषित किया है। यही नहीं उन पर पार्टी के उद्देश्य, राष्ट्रीय रक्षा और सशस्त्र बलों के निर्माण को नुकसा पहुंचाने का आरोप है। उन पर रिश्वत लेने का भी आरोप लगा है। अपने पद का लाभ उठाने और दूसरों के लिए लाभा प्राप्त करने के लिए रकम लेने और अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए दूसरों को पैसे देने का संदेह भी है। वेई का मामला सैन्य अभियोजन में भेजा गया है।

## पश्चिमी तट पर सड़क किनारे बम विस्फोट में इजराइली सैनिक की मौत, 16 घायल

एजेंसी

**यरुशलम ।** सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में एक छापे के दौरान सड़क किनारे बम विस्फोट में एक इजरायली सैनिक मारा गया और 16 अन्य घायल हो गए।फिलिस्तीनी आधिकारिक



समाचार एजेंसी WAFA ने बताया कि बड़ी इजरायली सेना ने जेनिन में एक फार्मेसी और निजी घरों पर छापा मारा, जिसमें एक फिलिस्तीनी युवक घायल हो गया।सेना ने कहा कि रात भर की छापेमारी के दौरान, जिसका उद्देश्य आतंकवादी संदिग्धों को पकड़ना था, सैनिकों ने लगभग डेढ़ मीटर जमीन के नीचे दफन सड़क किनारे बमों को कुचल दिया। विस्फोट में कई सैनिक घायल हो गए। जैसे ही घायलों की सहायता के लिए और अधिक बल पहुंचे, एक और बम फट गया, जिसमें हारुव टोही इकाई के स्नाइपर टीम कमांडर 22 वर्षीय एलन सैकगीड की मौत हो गई। सोलह और सैनिकों को अलग-अलग गंभीरता की चोटें आई, जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

# जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई डिबेट, एक दूसरे को 'झूठा' सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया

एजेंसी

**अटलांटा।** राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद की चुनाव प्रक्रिया की पहली बहस के दौरान अर्थव्यवस्था, सीमा, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति पर बहस हुई। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को झूठा और अमेरिकी इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया। रात को बाइडेन और ट्रंप के बीच लगभग 90 मिनट हुई बहस के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर निजी हमले किये। बाइडेन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को ''मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति'' करार दिया।

डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार बाइडेन ने ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा, ''मैं हाल में 'डी-डे' के लिए फ्रांस में था और मैंने उन सभी नायकों के बारे में बात की जिन्होंने जान न्यौछावर की। मैं द्वितीय विश्व युद्ध और प्रथम विश्व युद्ध में मारे गए नायकों के कब्रिस्तान में



गया, जहां उन्होंने (ट्रंप) जाने से इनकार कर दिया था।'' तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने 2018 के दौरे के दौरान इस कब्रिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था। उम्र के मामले में 81 वर्षीय बाइडन ने याद दिलाया कि 78 वर्षीय ट्रंप उनसे केवल तीन साल छोटे हैं।

न्यूयॉर्क में एक पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने के मामले में ट्रंप को दोषी ठहराए जाने का हवाला देते हुए बाइडेन ने उन्हें ''अपराधी'' कहा था, जिस पर पलटवार करते हुए ट्रंप ने बाइडेन को ''अपराधी'' कहा। ट्रंप ने बाइडन के बेटे हंटर बाइडेन को बंदूक खरीद से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया, ''जब वह एक दोषी अपराधी के बारे में बात करते हैं, तो उनका बेटा (हंटर बाइडेन) एक बहुत ही उच्च स्तर का अपराधी है।

दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बहस के दौरान बाइडेन ने ट्रंप पर आरोप लगाया कि उन्हें नहीं पता कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। बाइडेन ने कहा, ''उन्हें (ट्रंप) बिल्कुल भी पता नहीं है कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। मैंने इतनी मूर्खता कभी नहीं सुनी। यह वह व्यक्ति हैं जो नाटो से बाहर निकलना चाहते हैं।'' ट्रंप ने राष्ट्रपति बाइडेन की आव्रजन नीतियों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि इससे देश असुरक्षित हो गया है।

## चांद से जुटाए नमूनों का अध्ययन करने के लिए चीन ने सभी देशों के वैज्ञानिकों को बुलाया

एजेंसी

**बैंकॉक।** चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ।

अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा। चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया, 'अमेरिक-चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है। उन्होंने कहा, 'अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष



सहयोग शुरू करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।' वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

चीन हालांकि अन्य देशों के वैज्ञानिकों के साथ फिर भी सहयोग कर सकता है। चांग ई-6 अभियान में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, फ्रांस, इटली और पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर काम किया है। चीन नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के अंतरराष्ट्रीय सहयोग कार्यालय के निदेशक लियू युनफेंग ने बताया, 'चीन सभी देशों के वैज्ञानिकों का अन्वेषण में स्वागत करता है और उनके साथ जानकारियां साझा करेगा।

## ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग :इब्राहिम रईसी की हवाई हादसे में मौत के बाद हो रहा चुनाव

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं। देश भर में 58,000 से अधिक पोलिंग बूथ पर सुबह 8 बजे वोटिंग शुरू हो गई है। चुनाव में 6 करोड़ से अधिक वोटर हैं जो पिछले महीने इब्राहिम रईसी की विमान हादसे में हुई मौत के बाद नए राष्ट्रपति का फैसला करेंगे।राष्ट्रपति चुनाव में 6 प्रत्याशी रेस में थे मगर वोटिंग से कुछ घंटे पहले 2 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। ईरानी मीडिया के मुताबिक रूढ़िवादी नेता नहीं चाहते कि कट्टरपंथी नेताओं का वोट बंटे जिससे उदारवादी नेताओं को फायदा हो।

**एकजुटता दिखा रहे रिवॉल्यूशनरी फोर्स के नेता**

उपराष्ट्रपति आमिर हुसैन काजीजादेह हाशमी ने अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि रिवॉल्यूशनरी फोर्स की एकता बनाए रखने के लिए उन्होंने ये कदम उठाया है। काजीजादेह हाशमी ने उम्मीद जताई कि रेस में शामिल अन्य उम्मीदवार, मोहम्मद बाकर कालीबाफ, सईद जलीली और अली रजा जकानी रिवॉल्यूशनरी फोर्स को मजबूत करने के लिए चुनाव से पहले आम सहमति पर पहुंच जाएंगे।

**तेहरान के मेयर भी पीछे हटे**

उपराष्ट्रपति काजीजादेह हाशमी की अपील के कुछ घंटे बाद तेहरान के मेयर अली रजा जकानी ने पीछे हटने का फैसला किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी घोषणा की।

जकानी 2021 में भी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की दावेदारी मजबूत करने के लिए पीछे हट गए थे। जकानी ने रेस में शामिल अन्य दो कट्टरपंथी उम्मीदवारों से एकजुटता दिखाने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति पद की रेस में अब चार उम्मीदवार हैं जिनमें से 2 रिवोल्यूशनरी फोर्स से जुड़े नहीं हैं। दो प्रमुख लोगों की दावेदारी छोड़ने के बाद संभव है कि सईद जलीली और कलीबाफ में से कोई एक ही आखिरी रेस में बचे।

चुनाव के नियमों के मुताबिक जो भी प्रत्याशी होते हैं उनके आवेदन को ईरान की गार्जियन काउंसिल देखती है। उनकी मंजूरी मिलने के बाद ही कोई भी प्रत्याशी चुनाव में खड़ा हो सकता है। इस बार के चुनाव में राष्ट्रपति बनने के लिए 80 लोगों ने आवेदन दिया था। हालांकि गार्जियन काउंसिल ने सिर्फ 6 को चुनाव लड़ने के लायक पाया। पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को भी गार्जियन काउंसिल ने चुनाव लड़ने की मंजूरी नहीं दी। तीन बार संसद के स्पीकर रह चुके अली लारीजानी ने भी राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए आवेदन दिया था लेकिन उन्हें भी आखिरी लिस्ट में शामिल नहीं किया गया।

# स्टेला असांजे ने विकिलीक्स संस्थापक जूलियन की रिहाई के लिए ऑस्ट्रेलियाई सांसदों का जताया आभार

एजेंसी

**मेलबर्न।** विकिलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे की पत्नी स्टेला असांजे ने ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन जाकर उनके पति को रिहा कराने का अभियान चलाने वाले कई सांसदों का आभार व्यक्त किया। असांजे का अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया लौटने पर किए गए स्वागत को लेकर सांसदों के बीच मतभेद हैं। स्टेला असांजे ने कहा, जूलियन बहुत खुश हैं और ऑस्ट्रेलियाई लोगों, संसद सदस्यों और सरकार तथा विपक्ष के भी आभारी हैं जो उनकी रिहाई के लिए आवाज उठाने के वास्ते एक साथ आएं। असांजे ने एक समझौते के तहत अमेरिकी सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेज हासिल करने और उन्हें प्रकाशित करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद इस मामले में 14 साल की कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है। उन्होंने जुर्म स्वीकार करने के बाद बुधवार को ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद से सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। 'ब्रिंग जूलियन असांजे होम पार्लियामेंट्री ग्रुप' अभियान की शुरुआत 2019 में कुछ सांसदों ने की थी और बाद में 47 सांसदों ने इसे समर्थन दिया था। सांसदों के बीच इस पर आम सहमति बढ़ी थी कि 2010 में इराक तथा



अफगानिस्तान में अमेरिका के युद्ध से जुड़े लगभग पांच लाख दस्तावेजों को लीक करने को लेकर विकिलीक्स पर मुकदमा काफी लंबे वक्त से चल रहा है।

असांजे को लंदन की जेल से रिहा कराकर उत्तर मारियाना द्वीप तक ले जाने के कूटनीतिक कदम का श्रेय ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को दिया गया है। असांजे ने उत्तर मारियाना द्वीप जाकर ही अमेरिकी आरोपों को स्वीकार किया था। अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए समझौते के तहत असांजे को अपने गंभीर जुर्म को स्वीकार करना था और बदले में उन्हें अमेरिकी जेल में समय बिताए बिना अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया लौटने की अनुमति दी गयी है। न्यायाधीश ने उन्हें पांच साल की सजा सुनाई। असांजे ब्रिटेन में इतनी सजा काट चुके हैं। वहीं, विपक्षी सांसदों की दलील है कि अल्बनीज ने असांजे के कैनबरा पहुंचने पर उन्हें फोन करके ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा साझेदार अमेरिका के साथ संबंध खराब होने का खतरा मोल लिया है। विदेश मामलों पर विपक्ष के प्रवक्ता साइमन बर्मिंघम ने कहा, ''एंथनी अल्बनीज को उसी दिन जूलियन असांजे का देश में स्वागत करने की आवश्यकता नहीं थी जिस दिन उन्होंने जासूसी के आरोप स्वीकार किए हैं।'' बहरहाल, स्टेला असांजे ने दलील दी कि उनके पति पर कभी आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए थे।उन्होंने कहा, ''उन्होंने पत्रकारिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जुर्म स्वीकार किया है। यह मामला पत्रकारिता, मानक पत्रकारिता, समाचार एकत्रित करने तथा प्रकाशित करने की गतिविधि का अपराधीकरण करता है।'' दक्षिण अफ्रीका में जन्मी वकील स्टेला ने 2022 में जेल में असांजे से शादी की थी। उन्होंने अपने पति के भविष्य के करियर के बारे में कुछ संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा, ''वह (असांजे) हर दिन महासागर में तैराकी करने की सोच रहे हैं। अच्छे बिस्तर पर सोने, अच्छा खाना खाने और अपनी आजादी का जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं।

# मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू पर काला जादू करने की कोशिश : राज्य मंत्री समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**माले।** मालदीव की पर्यावरण राज्य मंत्री फातिमाथ शमनाज को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। स्पेनिश न्यूज एजेंसी श्स्नश्च के मुताबिक,फातिमाथ के अलावा 2 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने सभी को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है।

हालांकि, मालदीव की सरकार की तरफ से अब तक इस मामले में कोई बयान नहीं दिया गया है। इससे पहले पुलिस ने फातिमाथ के घर की तलाशी ली थी। इस दौरान वहां से काला जादू से जुड़ा काफी सामान बरामद हुआ था। फातिमाथ राष्ट्रपति कार्यालय में काम करने वाले मंत्री एडम रामीज की पत्नी हैं।

**राष्ट्रपति के आधिकारिक घर में राज्य मंत्री थीं फातिमाथ**

फातिमाथ इससे पहले भी राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ माले की सिटी काउंसिल की सदस्य रह चुकी हैं। तब मुइज्जू राजधानी माले के मेयर थे। पिछले साल उनके राष्ट्रपति बनने के बाद फातिमाथ ने भी काउंसिल से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वह राष्ट्रपति के आधिकारिक



निवास मुलिआज की राज्य मंत्री बन गई। बाद में उन्हें ट्रांसफर कर पर्यावरण मंत्रालय में शिफ्ट कर दिया गया। मालदीव में काले जादू को फंदिता या सिहुरु नाम से जाना जाता है। इस्लाम कानून में इसे गंभीर अपराध कहा गया है। हालांकि, इसके बावजूद मालदीव में बड़ी संख्या में लोग काला जादू करते हैं। पिछले महीने पुलिस ने मुइज्जू की पार्टी के एक नेता पर काला जादू करने के मामले में 60 साल के बुजुर्ग को गिरफ्तार किया था।

**पिछले 2 राष्ट्रपति चुनावों में भी नतीजे बदलने के लिए काला जादू का इस्तेमाल हुआ**

अगस्त 2018 में मालदीव के कुल्हुधुफुशी द्वीप पर 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन पर आरोप था कि सितंबर 2018 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की जीत के लिए ये काला जादू कर रहे थे। दिसंबर 2015 में मालदीव के इस्लामिक मंत्रालय ने एक सार्वजनिक बयान जारी कर चेतावनी दी थी कि काला जादू समाज में बड़े पैमाने पर फैल रहा है और जनता को ऐसी प्रथाओं से दूर रहने की जरूरत है। इससे पहले 2013 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने के लिए भी काले जादू का इस्तेमाल किया गया था। इसके लिए एक शापित नारियल और काले जादू वाली गुड़िया को पोलिंग स्टेशन पर रखा गया था।

## 'इडाहो राज्य में महिलाओं को आपात स्थिति में होगी गर्भपात की इजाजत '

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने एक चौंकाने वाले फैसले में इडाहो के कड़े गर्भपात प्रतिबंध से जुड़ी अपील को खारिज किया। गर्भपात अधिकार समर्थकों के लिए इस फैसले को एक जीत माना जा रहा है। यह फैसला भविष्य में महिलाओं को आपात स्थिति में गर्भपात की अनुमति देगा। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। शीर्ष अदालत ने आज एक निचली अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें चिकित्सा आपात स्थिति में इडाहो में गर्भपात को जारी रखने की अनुमति दी गई थी। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले गलती से शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर एक विज्ञप्ति जारी की गई, जिसमें कहा गया था कि चिकित्सा आपात स्थिति में राज्य में गर्भपात की अनुमति दी जाएगी।

# ब्रिटेन में 4 जुलाई को वोटिंग :सर्वे में सुनक की पार्टी को 117, लेबर पार्टी को 425 सीटें; सुनक की पार्टी का सफाया तय

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतवंशी पीएम ऋषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी का जल्द चुनाव का दांव फेल होता दिख रहा है। एक सप्ताह बाद 4 जुलाई को होने वाली वोटिंग से पहले अधिकांश सर्वे में कंजरवेटिव पार्टी के सफाए की भविष्यवाणी कर रहे हैं। द इकोनोमिस्ट के सर्वे में सुनक की पार्टी को सबसे ज्यादा 117 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, सावंता-गार्जियन के सर्वे में दावा किया गया है कि कंजरवेटिव पार्टी 53 सीटों पर ही सिमट सकती है। जो 2019 के चुनाव की 365 सीटों की तुलना में बेहद कम है। वहीं, 650 सीटों वाले सदन में कीर स्टारमर की लेबर पार्टी को सबसे कम 425 और अधिकतम 516 सीटें मिलने का अनुमान है। 7 सर्वे के औसत में भी सुनक को 95 और स्टारमर को 453 सीटें मिलती दिख रही है। सावंता के सर्वे में दावा किया गया कि इस चुनाव में पीएम सुनक खुद अपनी ही सीट हारने वाले हैं। सर्वे में दावा किया गया है कि पीएम सुनक खुद अपनी रिकमोंड सीट (यॉर्कशायर) भी हार सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो वे ब्रिटेन के पहले पीएम होंगे, जिनके साथ ऐसा होगा। वहीं, पूर्व मंत्री लॉर्ड गोल्डस्मिथ ने आरोप लगाया कि सुनक संभावित हार के बाद अमेरिका शिफ्ट हो जाएंगे। हालांकि, कंजरवेटिव पार्टी और पीएम सुनक ने खंडन किया है। ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक और लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर के बीच अहम टीवी डिबेट हुई।

## टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगा लंदन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होगा। ग्लोबल शतरंज लीग, अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के बीच का एक संयुक्त पहल है। पहले संस्करण की अपार सफलता के बाद, लीग का लक्ष्य दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों को सबसे ऐतिहासिक शहरों में से एक में एकजुट करना है। शीर्ष खिलाड़ियों से सजी 10-दिवसीय अनूठी शतरंज लीग 3 से 12 अक्टूबर, 2024 तक मध्य लंदन के केंद्र में स्थित फ्रेंड्स हाउस में आयोजित होगी। दुनिया भर के फैन्स से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, यूरोपीय क्षेत्र में शतरंज के लिए तेजी से बढ़ते फैन बेस और उत्साह से जुड़ने के लिए ही दूसरे संस्करण के लिए लंदन को मेजबान के रूप में चुना गया है। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने कहा, उद्घाटन संस्करण को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, हम दुनिया भर में शतरंज की पहुंच का विस्तार करने और शतरंज प्रशंसकों के लिए नए अनुभव लाने के अपने मिशन को जारी रखने के लिए उत्साहित हैं। आधुनिक शतरंज इको सिस्टम में एक नए युग की शुरुआत करने के लिए टेक महिंद्रा की प्रतिबद्धता सराहनीय है, और हमें विश्वास है कि लीग का दूसरा संस्करण खेल को और आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सही मंच और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है : राष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।'

## सुपरबेट चैस क्लासिक शतरंज : गुकेश नें जीत से खोला खाता

**बुखारेस्ट , रोमानिया।** ग्रांड चैस टूर के दूसरे पड़ाव सुपरबेट चैस क्लासिक के पहले राउंड में भारत के डी गुकेश नें शानदार जीत के साथ अपना खाता खोल लिया है , गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए रोमानिया के बोगदान डेनियल को मात दी । फीडे कैंडिडैट के विजेता बनने के बाद गुकेश का यह पहला क्लासिकल मुक़ाबला था । वहीं एक और जीत मिली यूएसए के फबियानों करूआना को उन्होने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को मात देते जीत दर्ज की । अन्य मुकाबलों में भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से , रूस के यान नेपोमनिशी नें फ्रांस के मकसीम वारचेर लागरेव से और यूएसए के वेसली सो नें नीदरलैंड के अनीश गिरि से ड्रॉ खेला । अगले राउंड में गुकेश का मुक़ाबला नेपोमनिशी से और प्रज्ञानन्दा का सामना मकसीम वारचेर लागरेव से होगा । 26 जून से 5 जुलाई तक खेले जाने वाले इस 9 राउंड के राउंड रॉबिन क्लासिकल टूर्नामेंट की पुरुस्कार राशि कुल 350000 डॉलर है ।

## भारतीय एथलीट किरण पहल ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया, 400 मीटर वर्ग में हासिल किया कोटा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला एथलीट किरण पहल ने राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले महीने से होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया है। किरण ने सेमीफाइनल में 50.92 सेकेंड का समय निकालकर महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में पेरिस ओलंपिकके लिए क्वालिफाई किया। महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में क्वालिफाइंग मार्क 50.95 सेकेंड था जिससे किरण अगले महीने होने वाले ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने में सफल रहीं। यह इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ समय था और इसके साथ ही वह 51 सेकेंड से कम समय में रेस पूरी करने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बनीं। वह गुजरात की देवी अनिबा जाला से आगे रहीं जिन्होंने 53.44 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान प्राप्त किया। केरल की स्नेहा के 53.51 सेकेंड से तीसरे स्थान पर रहीं।

## लंदन में होगा वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन, एफआईडीई के अध्यक्ष ने की पुष्टि

**लंदन।** दूसरी वैश्विक शतरंज लीग का आयोजन तीन से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जाएगा। आयोजकों ने यह जानकारी दी। वैश्विक शतरंज लीग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) और टेक महिंद्रा की संयुक्त पहल है। दस दिन तक चलने वाली इस लीग का आयोजन सेंट्रल लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा जिसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग लेंगे। एफआईडीई के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने बयान में कहा, 'इस प्रतियोगिता के पहले सत्र को मिली अपार सफलता के बाद हम शतरंज का दुनिया भर में विस्तार करने और शतरंज प्रेमियों को नया अनुभव दिलाने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं।

## टी20 विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच के लिए बारबाडोस पहुंची टीम इंडिया

एजेंस

**ब्रिजटाउन।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के लिए शुक्रवार को बारबाडोस पहुंच गई। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर भारतीय टीम ने इस बड़े इवेंट के फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को नौ विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और सात अंकों के साथ ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर रही। रोहित



शर्मा की टीम 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से आईसीसी ट्रॉफी के लिए भारत के सूखे को खत्म करने और दक्षिण अफ्रीका में 2007 के उद्घाटन संस्करण के बाद से अपना पहला टी 20 विश्व कप जीतने के लिए उत्सुक होगी।

## जोस बटलर ने मानी गलती, कहा- स्पिन-फ्रैंडली पिच पर मोइन से गेंदबाजी करानी चाहिए थी

एजेंस

**प्रोविडेंस।** भारत के खिलाफ आईसीसी टी 20 विश्व कप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उन्होंने गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में स्पिन-फ्रैंडली पिच पर स्पिनर मोइन अली को गेंदबाजी नहीं कराने की गलती की थी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड पर 68 रनों की शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

भारतीय स्पिनरों - अक्षर पटेल और कुलदीप यादव - ने गुयाना की स्पिन-फ्रेंडली सतह पर पूरी तरह से दबदबा बनाया और छह विकेट चटकाए। इंग्लैंड के लिए, मोईन अली ने एक भी ओवर नहीं फेंका, जबकि आदिल राशिद ने अपने 4 ओवर में 25 रन देकर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का सबसे कीमती विकेट हासिल किया। भारतीय स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी की बदौलत 172 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही गत चैंपियन इंग्लिश टीम 103 रनों पर ढेर हो गई। बटलर ने मैच के बाद कहा, हमारे दो खिलाड़ियों (राशिद और लिविंगस्टोन) ने अच्छी




गेंदबाजी की। पीछे मुड़कर देखें तो मोईन को भी इस सतह पर गेंदबाजी करनी चाहिए थी, हम सभी के प्रयास पर वास्तव में गर्व महसूस कर रहे हैं। हम एकजुट रहे, जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब हमने अच्छा प्रदर्शन किया।

## कोपा अमेरिकाः पनामा ने यूएसए को हराकर क्वार्टर फाइनल की उम्मीदें बरकरार रखी

एजेंसी

**अटलांटा।** जोस फजार्डो के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की बदौलत पनामा ने संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) को 2-1 से हराकर कोपा अमेरिका क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है।

मेजबान अमेरिकी टीम मर्सिडीज़-बेंज स्टेडियम में 18वें मिनट में मैदान पर 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई, जब टिमोथी वीह को रॉड्रिक मिलर को धक्का देने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया। इस झटके के बावजूद, यूनाइटेड स्टेट्स ने चार मिनट बाद 22वें मिनट में फोलारिन बालोगुन के ज़रिए बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने एंटोनी रॉबिन्सन के साथ



मिलकर बाएं पैर से शॉट मारकर गेंद को ऊपरी-दाएं कोने से गोल पोस्ट में डाल दिया। मैच के 26वें मिनट में राइट बैक सीजर ब्लैकमैन ने 18 गज की दूरी से बेहतरीन गोल कर पनामा को 1-1 से बराबरी दिला दी।

पनामा ने गेंद पर लगभग 75त्न नियंत्रण रखा और संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक पास पूरे किए। मैच के 83वें मिनट में फजार्डो ने अब्दिएल अयार्ज़ा के पास पर 12 गज की दूरी से गोल करके पनामा को 2-1 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

इश जीत के साथ ही थॉमस क्रिस्टियनसेन की पनामा टीम अब ग्रुप सी में तीसरे स्थान पर है, उरुग्वे और संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर अंक हैं, लेकिन गोल अंतर कम है।

## टी20 विश्व कप 2022 सेमीफाइनल का बदला पूरा, भारत इंग्लैंड को हराकर फाइनल में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आखिरकार टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने क्रिकेट इतिहास की अपनी दो बड़ी हार का बदला ले ही लिया। वनडे विश्व कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया तो 2022 टी20 विश्व कप के



सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली हार को भारतीय दर्शक भूले नहीं थे। लेकिन इस विश्व कप के दौरान रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने इन दोनों बड़े देशों से अपना बदला ले लिया। टीम इंडिया ने सुपर 8 में पहले ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व कप से बाहर किया तो उसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को हरा दिया। गुयाना के मैदान पर भारतीय टीम ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा के 57 तो सूर्यकुमार यादव के 47 रनों की बदौलत 171 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी इंग्लैड की टीम 103 रन ही बना पाई और 68 रनों से मुकाबला गंवा दिया।

## मैं यदि अपना 100 प्रतिशत दूँ, तो पेरिस में देश के लिए पदक जीत सकती हूँ : मीराबाई चानू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टोक्यो में अपने रजत पदक के अलावा एक और ओलंपिक पदक जीतने को उत्सुक भारोत्तोलक मीराबाई चानू पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में अपने दिल तोड़ने वाले अनुभव की पुनरावृत्ति से बचने के लिए सावधानी बरत रही हैं।

पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई के लिए, पिछले एशियाई खेलों में, जहां उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान अपने दाहिने कूल्हे को घायल कर लिया था और कुल स्कोर दर्ज नहीं कर सकी थीं, सीखने का अनुभव था। मीराबाई ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान कहा, मैं अपने प्रशिक्षण के दौरान चोट न लगने का ध्यान रखती हूं। मैं अपनी तकनीक, शक्ति (प्रशिक्षण) और आहार के बारे में सावधान रहती हूं। मैं क्या खाती हूं और रिकवरी क्या है, यह महत्वपूर्ण है। मैं कौन से व्यायाम करती हूं और किन मांसपेशियों पर ध्यान केंद्रित करती हूं, यह भी महत्वपूर्ण है। एशियाई खेलों के बाद शीर्ष भारोत्तोलक ने पांच महीने तक पुनर्वास किया और अप्रैल में फुकेट में आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में भाग लिया, जिसमें उन्होंने 184 किलोग्राम सफलतापूर्वक उठाया। यह टोक्यो खेलों में उनके कुल वजन से 18 किलोग्राम कम था और पेरिस में




पदक जीतने की संभावना को बढ़ाने के लिए उन्हें 200 किलोग्राम से अधिक वजन उठाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, अब मैं 80 से 85 प्रतिशत (जितना मैं उठाने में सक्षम हूँ) उठा रही हूँ। खेलों में एक महीना बाकी है, मैं धीरे-धीरे अपना वजन बढ़ाऊँगी।

29 वर्षीय भारोत्तोलक, जो उत्साह से लेकर चिंता, तनाव और घबराहट तक के मिश्रित भावों से गुजर रही है, खेलों से पहले प्रशिक्षण के लिए 7 जुलाई को पेरिस के लिए रवाना होने वाली हैं। उन्होंने कहा, पिछले तीन सालों में चोटों के कारण मुझे बहुत कुछ झेलना पड़ा है। प्रतियोगी बदल गए हैं। मुझे आश्चर्य है कि क्या मैं फिर से पदक जीत पाऊँगी। लेकिन अगर मैं अपना 100 प्रतिशत दूँ, तो मैं देश के लिए पदक जीत सकती हूँ।उन्होंने कहा, ओलंपिक से पहले पेरिस में प्रशिक्षण का अवसर पाकर मैं गौरवान्वित हूं। मैं साई और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूं।

मीराबाई ने अपने कोच विजय शर्मा को उनके मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया। मीराबाई ने अपने कोच के साथ एक और सफल ओलंपिक अभियान की उम्मीद करते हुए कहा, मैं विजय सर के साथ हर बात पर चर्चा करती हूं। वह मुझे अपनी बेटी की तरह मानते हैं। 2014 में उनके साथ जुड़ने के बाद मेरी जिंदगी बदल गई।

## रोहित ने विराट कोहली का किया समर्थन, कहा- फॉर्म कभी समस्या नहीं होती

एजेंसी

**प्रोविडेंस।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को नहीं लगता कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म कोई समस्या है, बल्कि उनका मानना है कि उनका इरादा सही है और वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में खेल सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ शानदार प्रदर्शन करने के बाद, कोहली इस बड़े इवेंट के पूरे संस्करण में अपने बल्ले से रन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सात मैचों में इस अनुभवी बल्लेबाज ने 10.71 की औसत से केवल 75 रन बनाए हैं।

ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल उनके लिए वापसी करने और फाइनल से पहले अपनी फॉर्म हासिल करने का सही मंच था। उन्होंने गेंद को मिड-विकेट के ऊपर से एक छक्का भी मारा, जिससे क्रीज पर लंबे समय तक टिके रहने का संकेत मिला। लेकिन जब कोहली ने रीस टॉपली को लेग स्टंप पर शॉट मारने की कोशिश की, वह बोल्ड हो गए।

कोहली के निराशाजनक सीजन के बावजूद, भारतीय कप्तान कोहली के फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं और उन्होंने फाइनल में कोहली के खेलने का समर्थन किया। रोहित ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, कोहली एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कोई भी खिलाड़ी इससे गुजर सकता



है। हम उनकी क्लास को समझते हैं और इन सभी बड़े मैचों में उनकी अहमियत को समझते हैं। फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं होती। जब आप 15 साल तक क्रिकेट खेलते हैं, तो फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं होती। वह अच्छा खेल रहे हैं, वह शायद फाइनल के लिए खेल बचा रहे हैं। भारत ने 2022 विश्व कप सेमीफाइनल की यादों को भुलाते हुए इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को 16.4 ओवर में 103 रनों पर समेट दिया। अक्षर और कुलदीप दोनों ने 3-3 विकेट लिए।

रोहित का मानना है कि फाइनल में विजयी होने का मंत्र अपराजित प्रोटियाज के खिलाफ अच्छा क्रिकेट खेलना होगा। रोहित ने कहा, हम एक टीम के तौर पर बहुत शांत रहे हैं। हम इस मौके (फाइनल) को समझते हैं। शांत रहने से आपको अच्छे फैसले लेने में मदद मिलती है। इससे हमें मैच जीतने में मदद मिलेगी। आपको अच्छा क्रिकेट खेलना होगा। हम फाइनल में यही करना चाहते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे, बस इतना ही कह सकता हूं। टीम अच्छी स्थिति में है, वे अच्छा खेल रहे हैं। मैं बस यही उम्मीद कर सकता हूं कि फाइनल में वे एक और अच्छा प्रदर्शन करें।

## राहुल द्रविड़ के लिए टी20 विश्व कप जीते टीम इंडिया : वीरेंद्र सहवाग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ जब तक टीम इंडिया में बतौर बल्लेबाज रहे वह आईसीसी ट्रॉफी से दूर रहे। 2002 चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता रही थी। इसके बाद 2003 में वनडे विश्व कप फाइनल खेला लेकिन ट्रॉफी हाथ नहीं आई। 2007 वनडे विश्व कप में वह कप्तान थे लेकिन टीम इंडिया पहले ही दौर में बार हो गई थी। 2011 वनडे विश्व कप में द्रविड़ खेले नहीं। यह विश्व कप भारत के हाथ लग गया। ऐसे में टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम इंडिया से अपील की है कि वह विश्व कप खिताब अपने दिग्गज प्लेयर राहुल द्रविड़ के लिए जीते। सहवाग ने कहा कि मौजूदा भारतीय टीम में हर किसी को द्रविड़ के सम्मान में ट्रॉफी जीतने के लिए प्रेरित होना चाहिए। वह भारत की अब तक



की सबसे महान प्रतिभाओं में से एक हैं और सहवाग चाहते हैं कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अच्छा प्रदर्शन करे और उन्हें विश्व चैंपियन कहलाने का मौका दे। सहवाग ने कहा कि हमने 2011 विश्व कप सचिन तेंदुलकर के लिए खेला था। तो ये टी20 वर्ल्ड कप राहुल द्रविड़ के लिए हो सकता है. सहवाग ने क्रिकबज से कहा, कम से कम एक कोच के रूप में उन्हें विश्व कप जीतने और विश्व कप विजेता होने का तमगा हासिल करने का मौका मिलता है, जो उन्हें एक खिलाड़ी के रूप में नहीं मिला। द्रविड़ ने 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया और आईपीएल खेलना जारी रखा लेकिन वहां भी इस दिग्गज क्रिकेटर को सफलता नहीं मिल सकी। फिर द्रविड़ कोचिंग में शामिल हुए और भारत की अंडर19 टीम के मुख्य कोच के रूप में भारी सफलता हासिल की, लेकिन सीनियर टीम में वह अपनी सफलता दोहरा नहीं सके। हालांकि उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला लेकिन वहां इंग्लैंड से हार झेलनी पड़ी। इसी तरह 2023 वनडे विश्व कप फाइनल और उसके बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी। अब बतौर कोच उनके लिए टी20 विश्व कप आखिरी टूर्नामेंट हैं।

## बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल देव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाए तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाए हैं। कपिल ने कहा कि बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक



चुके हैं। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के साथ किया था और उन्हें अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 253 वनडे विकेट भी लिए हैं।

भारत को 1983 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। उत्कृष्ट हैं। वे अधिक फिट हैं। वे बहुत अधिक मेहनती हैं। वे शानदार हैं। बहरहाल, टीम इंडिया अभी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी कर रही है।

गुयाना के मैदान पर बारिश ने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। हालांकि टीम इंडिया को एक फायदा यह भी हो सकता है कि अगर मैच न हुआ तो वह अपने ग्रुप में पहले नंबर पर रहने के साथ अपने आप ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएगी। फिलहाल गुयाना के मैदान पर क्रिकेट फैंस मैच के इंतजार में है। इसके लिए दोनों टीमें भी तैयार हैं।

## क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**कोलंबो।** क्रिस सिल्वरवुड ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने गुरुवार को घोषणा की। सिल्वरवुड का इस्तीफा पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने के टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आया है। जयवर्धने, जो पिछले जनवरी से एक साल के अनुबंध पर थे, ने छह महीने बाद ही इस्तीफा दे दिया। इस बीच, सिल्वरवुड ने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब है प्रियजनों से लंबे समय तक दूर रहना। अपने परिवार के साथ लंबी बातचीत और भारी मन से, मुझे लगता है कि अब मेरे लिए घर लौटने और उनके साथ कुछ अच्छा समय बिताने का समय आ गया है। सिल्वरवुड ने श्रीलंका क्रिकेट और अन्य विभागों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने अप्रैल 2022 में मुख्य कोच के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद से उनके साथ काम किया। उन्होंने कहा, 'मैं श्रीलंका में अपने कार्यकाल के दौरान खिलाड़ियों, कोचों, बैकरूम स्टाफ और एसएलसी के प्रबंधन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। आपके समर्थन के बिना, कोई भी सफलता संभव नहीं होती। श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा बनना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है और मैं कई प्यारी यादें अपने साथ ले जाऊँगा।'

उनके कार्यकाल में, श्रीलंका ने 2022 में टी20 एशिया कप जीता और 2023 एशिया कप में उपविजेता भी रहा। इसके अतिरिक्त, टीम ने घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर कई द्विपक्षीय श्रृंखलाएँ जीतीं। इनमें 50 ओवर के प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला जीत और बांग्लादेश पर दो टेस्ट सीरीज जीत शामिल है। एसएलसी ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट क्रिस सिल्वरवुड को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ देता है और उनके कार्यकाल के दौरान उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देता है। मुख्य कोच और सलाहकार कोच दोनों के इस्तीफे टीम के टी20 विश्व कप अभियान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आए, जिसमें वे सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे। श्रीलंका ने नीदरलैंड के खिलाफ केवल एक जीत दर्ज की, जबकि दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ उन्हें हार का सामना करना पड़ा तथा ग्रुप चरण में नेपाल के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

## इंग्लैंड को सेमीफाइनल में हराकर रोने लगे रोहित शर्मा, विराट कोहली ने संभाला

एजेंसी

**प्रोविडेंस।** भारत ने इंग्लैंड को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया और इसी के साथ ही टीम इंडिया का एडिलेड में 10 विकेट से हार का बदला भी चुकता हो गया। इस जीत के बाद रोहित शर्मा रोते हुए नजर आए जिसके बाद विराट कोहली ने उन्हें सांत्वना दी। भारत ने एकतरफा मुकाबले में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर सात महीने में अपने दूसरे विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। रोहित ने धैर्य बनाए रखा। भारत ने 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 103 रनों पर ढेर कर दिया और हाथ मिलाने और एक-दूसरे से बातचीत करने के बाद रोहित चुपचाप ड्रेसिंग रूम की बालकनी में बैठ गए और अपने विचारों में खो गए। रोहित के साथी विराट कोहली ने अपने कप्तान के चहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश की। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। रोहित उस कुर्सी पर बैठ गए, उनका ध्यान पहले से ही शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल पर था। पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कमेंट्री में भारतीय कप्तान के मूड को पूरी तरह से व्यक्त करते हुए कहा, 'आप रोहित शर्मा के चेहरे पर राहत देख सकते हैं। उस कुर्सी पर बैठे हुए। वह क्या सोच रहे होंगे? मैं आपको बताता हूं... वह पहले से ही ब्रिजटाउन की ओर देख रहे हैं।

